CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 09°C

देहरादून, गुरुवार 4 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 117 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 12 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करा रही सरकार : राहुल पेज 2



विराट कोहली वनडे बैटिंग रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंचे खेल टाइम्स



भारत की नीली सीमाओं की अजेय प्रहरी भारतीय नौसेना सम्पादकीय



अफगानिस्तान: 13 साल के बच्चे ने दी मौत की सजा पेज 12



हैदराबाद : सिकंदराबाद में पासिंग आउट परेड के बाद जश्न मनाते अग्निवीर।

# भारत-रूस एक-दूसरे का मिलिट्री बेस इस्तेमाल कर सकेंगे

**मास्को।** रूस की संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने भारत और रूस के बीच हुए एक सैन्य समझौते (आरईएलओएस) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, फैसिलिटीज व संसाधनों का इस्तेमाल और एक्सचेंज कर सकेंगी।

इनके विमान, वॉरशिप ईंधन भरने, मिलिट्री बेस पर डेरा डालने या अन्य लॉजिस्टिक सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस पर आने वाला खर्च बराबर-बराबर उठाया जाएगा। यह मंजूरी राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से दो दिन पहले दी गई है। यह समझौता इस साल 18 फरवरी को भारत और



- **रक्षा समझौते को रूसी संसद की मंजूरी, जंग के समय मिलिट्री बेस इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी**

रूस के बीच किया गया था। पिछले हफ्ते रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने इसे संसद में मंजूरी के लिए भेजा था। रूसी संसद के स्पीकर ने कहा कि भारत और रूस के रिश्ते बहुत मजबूत हैं और यह समझौता उन रिश्तों को और बेहतर बनाएगा। रूसी सरकार ने भी बताया कि इस समझौते से दोनों देशों की सैन्य साझेदारी ज्यादा मजबूत होगी और जरूरत के समय एक-दूसरे की मदद करना आसान हो जाएगा। इस समझौते के बाद भारत ऐसा पहला देश बन जाएगा, जिसका अमेरिका और रूस के साथ सैन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर साझा करने का समझौता होगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रूस के साथ यह समझौता अंतिम चरण में है। इससे अमेरिका-रूस के बीच किसी सैन्य टकराव की नौबत पैदा नहीं होगी। इस समझौते के तहत जंग या किसी सैन्य संघर्ष के दौरान मिलिट्री बेस इस्तेमाल करने की इजाजत -शेष पृष्ठ दो पर

### पुतिन की यात्रा से पहले दिल्ली में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चार दिसम्बर से शुरू हो रही दो दिवसीय भारत यात्रा से पहले राष्ट्रीय राजधानी में असाधारण, बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यह हाई-प्रोफाइल यात्रा दिल्ली में लाल किले के पास हुए पूरे देश को झकझोर देने वाले आतंकी हमले के ठीक 25 दिन बाद हो रही है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती मानी जाती है। इसे देखते हुए सात-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रूसी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों की टीमें पहले ही दिल्ली पहुंच चुकी हैं। और सुरक्षा संबंधी सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनके यात्रा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी व यूपी समेत 5 राज्यों के एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** देश के 5 राज्यों के एयरपोर्ट में बुधवार को उड़ानें प्रभावित रहीं। इनमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक शामिल हैं। कहीं पर तकनीकी समस्या को वजह बताया गया तो किसी एयरपोर्ट पर क्रू की कमी की बात सामने आई। दिल्ली में चेक इन प्रोसेस में दिक्कत आई, जिसके बाद उसे मैन्युअल कर दिया गया। सबसे ज्यादा असर इंडिगो की फ्लाइट पर पड़ा। देशभर में इसकी 70 उड़ानें कैंसिल की गईं। जिसमें से 11 मध्य प्रदेश की थीं। वहीं हैदराबाद में 13, बेंगलुरु में 42 फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ीं। वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्रियों को बताया गया कि माइक्रोसॉफ्ट विंडोज ने दुनियाभर में बड़ी सर्विस आउटेज की रिपोर्ट दी है।

### राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट, बीकानेर में तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में दिसम्बर की शुरुआत से बर्फबारी का मौसम बन रहा है। इसके चलते मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने लगी है। मध्य प्रदेश में गुरुवार से तापमान और गिर सकता है। इसका असर इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और सागर संभाग में सबसे ज्यादा रहेगा और सर्दी बढ़ेगी। इससे पहले मंगलवार को भोपाल और इंदौर में न्यूनतम पारा 9 डिग्री से नीचे रहा। राजस्थान में बुधवार से अगले 3 दिन शीतलहर की चेतावनी है। चूरू, झुंझुनूं और सीकर में कोल्डवेव का येलो अलर्ट रहेगा। मंगलवार को सबसे कम तापमान बीकानेर के पास लूणकरणसर में 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### प. बंगाल में 32000 टीचर्स की नौकरी नहीं जाएगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 32000 प्राइमरी टीचर्स की नौकरी अब नहीं जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने बुधवार को 2023 का फैसला पलट दिया। जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस रीताब्रत कुमार मित्रा की बेंच ने कहा कि 9 साल बाद नौकरी खत्म करने का प्राइमरी टीचरों और उनके परिवारों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। 2023 में जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय की सिंगल बेंच ने 2016 में भर्ती हुए टीचरों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। इस भर्ती के खिलाफ कुछ कैंडिडेट ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

# सरकार ने संचार साथी एप की अनिवार्यता हटाई

## कहा: इसकी स्वीकार्यता बढ़ रही, जन भागीदारी बढ़ाना था उद्देश्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संचार साथी एप को लेकर केंद्र सरकार का बड़ा बयान सामने आया है। सरकार ने फोन में इस एप के प्री-इंस्टॉलेशन को जरूरी नहीं बताया है। दूरसंचार मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट जारी कर इस एप की प्री-इंस्टॉलेशन की अनिवार्यता को हटाने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से सरकार ने सभी स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य किया था। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया के अपराधियों से बचाना है.. . संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल निर्माताओं के लिए अनिवार्य प्री-इंस्टॉलेशन को हटाने का फैसला लिया है। बता दें कि केंद्र सरकार के इस कदम को एपल के फैसले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। 28 नवम्बर को सरकार से आदेश मिलने -शेष पृष्ठ दो पर




- **एप पर बढ़ रहा था राजनीतिक घमासान**
- **अब तक 1.4 करोड़ डाउनलोड**
- **रोजाना लगभग 2000 ऑनलाइन फ्रॉड मामलों की जानकारी भेज रहे**

### डुप्लीकेट IMEI नंबर से बढ़ रहा साइबर क्राइम

**नई दिल्ली।** भारत में 1.2 अरब से ज्यादा मोबाइल यूजर्स हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा मार्केट है, लेकिन फर्जी या डुप्लीकेट आईएमईआई नंबर की वजह से साइबर क्राइम बढ़ रहा है। आईएमईआई एक 15 डिजिट का यूनीक कोड होता है, जो फोन की पहचान करता है। अपराधी इसे क्लोन करके चोरी के फोन को ट्रैक से बचाते हैं, स्कैम करते हैं या ब्लैक मार्केट में बेचते हैं। सरकार का कहना है कि यह एप पुलिस को डिवाइस ट्रेस करने में मदद करेगा। सितम्बर में डीओटी ने बताया था कि 22.76 लाख डिवाइस ट्रेस हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने कहा है कि संचार साथी एप से यूजर्स को सीधा फायदा मिलेगा। चोरी का फोन होने पर आईएमईआई चेक करके तुरंत ब्लॉक कर सकेंगे। फ्रॉड कॉल रिपोर्ट करने से स्कैम कम होंगे, लेकिन एप डिलीट न होने से प्राइवेसी ग्रुप्स सवाल उठा सकते हैं। सरकार के मुताबिक, यूजर कंट्रोल कम होगा। भविष्य में एप में और फीचर्स जुड़ सकते हैं, जैसे बेहतर ट्रैकिंग या एआई बेस्ड फ्राड डिटेक्शन। डीओटी का कहना है कि यह टेलीकॉम सिक्योरिटी को नेक्स्ट लेवल पर ले जाएगा।

# बांग्लादेश डिपोर्ट की गई गर्भवती महिला को वापस लाएं: सुप्रीम कोर्ट


## शीर्ष अदालत ने कहा: कानून इंसानियत से बड़ा नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह नौ महीने की गर्भवती सोनाली खातून और उसके 8 साल के बच्चे को बांग्लादेश से वापस लाए। कानून को कभी-कभी इंसानियत के आगे झुकना होता है। यह फैसला उस याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जिसमें बांग्लादेश डिपोर्ट किए गए परिवार को वापस भारत लाने की मांग की गई थी।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया सरकार सोनाली और उनके बेटे को भारत आने देगी। उन्होंने साफ किया कि यह अनुमति मानवीय आधार पर होगी । इससे नागरिकता से जुड़े मुद्दों पर सरकार का रुख प्रभावित नहीं होगा। दरअसल सोनाली खातून और परिवार के 5 लोगों को बांग्लादेशी होने के शक में जून में दिल्ली से हिरासत में लिया गया था। इसके बाद 27 जून को उन्हें सीमा पार बांग्लादेश भेज दिया गया था। कोर्ट इस मामले में आगे की कार्यवाही 10 दिसम्बर को करेगा, जिसमें परिवार के अन्य सदस्यों की वापसी पर सुनवाई होगी। सोनाली , उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने 18 जून 2025 को रोहिणी इलाके से हिरासत में लिया था। पुलिस को उनके बांग्लादेशी होने का शक था।

**केंद्र सरकार ने जून में परिवार को देश से निकाला था**



### 15 मिनट में बात खत्म कीजिए, दिल्ली दंगा मामले में आरोपियों के वकीलों को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगा मामले की सुनवाई के दौरान बुधवार को एक महत्वपूर्ण निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि इस मामले में बहस काफी लंबी हो चुकी है, इसलिए अब समय सीमा तय की जा रही है। अदालत ने आरोपियों के वकीलों से कहा कि वे अपनी मौखिक दलीलें 15 मिनट में सीमित रखें। इस दौरान न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजारिया की पीठ ने यह भी कहा कि आरोपियों की दलीलों पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की तरफ से की जाने वाली सफाई या जवाब 30 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 9 दिसम्बर के लिए तय की है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के वकीलों को उनके स्थायी पते जमा करने का भी निर्देश दिया।

# जल्द लागू होगी ओटीपी आधारित तत्काल टिकट प्रणाली

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता को मजबूत करने के उद्देश्य से खिड़की से मिलने वाले तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी आधारित टिकट वितरण प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है।

रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह नई व्यवस्था अगले कुछ दिनों में देशभर के सभी आरक्षण काउंटरों पर लागू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि रेलवे ने जुलाई में ऑनलाइन तत्काल टिकटों के लिए 'आधार' ओटीपी सिस्टम लागू किया था। इसके बाद अक्टूबर में सभी सामान्य आरक्षण




बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली शुरू की गई थी। इन दोनों पहल को यात्रियों ने व्यापक रूप से स्वीकार किया, जिससे टिकट वितरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी। विज्ञप्ति के मुताबिक रेलवे द्वारा नवम्बर में काउंटर बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित तत्काल टिकट प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था।

# दिल्ली एमसीडी उपचुनाव में भाजपा को दो सीटों का नुकसान

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों पर उपचुनावों के नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने 7, आम आदमी पार्टी ने 3 और कांग्रेस-ऑल इंडिया फॉर्वर्ड ब्लॉक ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की है। इससे पहले 12 वार्डों में से 9 भाजपा और 3 आप के पास थे।

दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद हुए इस पहले चुनाव में पार्टी को 2 सीटों का नुकसान हुआ है। वहीं, कांग्रेस अपना खाता खोलने में कामयाब रही है। बीजेपी ने जिन वार्डों में जीत दर्ज की उनमें द्वारका-बी, अशोक विहार, ग्रेटर कैलाश, दिचाऊं कलां, शालीमार बाग-बी, विनोद नगर और चांदनी चौक शामिल हैं। आप ने नरैना, मुंडका, दक्षिणपुरी और एक अन्य सीट जीती। कांग्रेस के सुरेश चौधरी ने संगम विहार-। से 3628 वोटों की बढ़त से जीत हासिल की। यह कांग्रेस की एकमात्र जीत रही। चांदनी महल से एआईएफबी के मोहम्मद इमरान जीते। इन 12 वार्डों में मतदान 30 नवम्बर को हुआ था। इस बार मतदान प्रतिशत 38.51 फीसदी रहा, जो 2022 में 250 वार्डों पर हुए चुनावों के 50.47 फीसदी टर्नआउट से काफी कम है। इस उपचुनावों में भाजपा ने जिन 2 सीटों को खोया है, वो दोनों सीट आप को मिली है। आप को भी अपनी 2 पुरानी सीटों पर हार मिली, इस वजह से उसके पास पहले की तरह 3 ही सीटें रही।

- **नौ से घटकर सात सीटें हुईं, कांग्रेस का खाता खुला, 'आप' की तीन सीटें बरकरार**

# मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर, तीन जवान शहीद

जगदलपुर, वार्ता

**दंतेवाड़ा व** बीजापुर सीमा से लगे भैरमगढ़ क्षेत्र के केशकुतुल के जंगलों में सुबह से नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। एनकाउंटर में 12 माओवादियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में डीआरजी के तीन जवान बलिदान हो गए हैं, जबकि दो जवान घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

जंगल में बड़ा सर्च ऑपरेशन जारी है, मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह दंतेवाड़ा से टीम निकली थी, जहां बीजापुर की सीमा भैरमगढ़ के केशकुतुल में जवानों और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एएलआर राइफलें, .303 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किया गया है। मारे गए माओवादियों की पहचान की जा रही है। इस ऑपरेशन में बीजापुर डीआरजी के दो जवान बलिदान हो गए हैं। बलिदान हुए जवानों के नाम प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी, डीआरजी, आरक्षक दुकारू गोंडे, डीआरजी, जवान रमेश सोड़ी, डीआरजी हैं। बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच बटालियन के बारसे देवा, पापाराव, केसा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए बनाए गए अनुकूल माहौल के बाद एक बार फिर से सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा जैसे जिलों में जॉइंट ऑपरेशन को तेज कर दिया गया है। बीते दिनों देवा समेत पापाराव, केसा, चौतू के आत्मसमर्पण की चर्चा तेज थी जिसके बाद चौतू अपने 10 साथियों के साथ जगदलपुर में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद भी सुरक्षा एजेंसियों ने देवा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए जंगलों में अनुकूल माहौल बनाए रखा। इसके तहत जंगलों में ऑपरेशन और किसी भी तरह की गतिविधियां नहीं की गई।

- **ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद, और बढ़ सकती है मारे गए नक्सलियों की संख्या**

# कांग्रेस ने मोदी का चाय बेचते एआई वीडियो किया पोस्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **चाय बोलो, चाय चाहिए बोलते दिखाया गया**
- **भाजपा बोली- शर्मनाक, जनता कभी माफ नहीं करेगी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चाय बेचते हुए एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इसमें पीएम को चायवाला दिखाया गया है। उनके हाथ में चाय की केतली है।

दूसरे हाथ में ग्लास है। वीडियो में मोदी को जोर-जोर से चाय बोलो, चाय-चाय चाहिए बोलते दिखाया गया गया है। एआई वीडियो में पीएम रेड कारपेट पर चल रहे हैं। उनके पीछे भारत सहित कई देशों के झंडे लगे हैं। इनमें भाजपा का भी झंडा है। इस एआई वीडियो को कांग्रेस प्रवक्ता डा. रागिनी नायक ने पोस्ट किया है। रागिनी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा कि अब ई कौन किया बे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे शर्मनाक बताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि नामदार कांग्रेस ओबीसी समुदाय से आने वाले कामदार प्रधानमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर सकती। जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस की तरफ से पीएम का एआई वीडियो शेयर किया गया है। इससे पहले 12 सितम्बर को बिहार कांग्रेस ने एक्स पर पीएम मोदी और उनकी मां का एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो के कैप्शन में लिखा था कि साहब के सपनों में आई मां। देखिए रोचक संवाद। वीडियो में दो किरदार दिखाए गए। इनमें एक बुजुर्ग महिला को दिखाया गया, जो शक्ल से पीएम मोदी की दिवंगत मां हीराबेन जैसी दिख रही थीं।



## संक्षिप्त समाचार

### रुपया 90.30 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर गिरा

**मुंबई।** रुपये में बुधवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर के नए निचले स्तर तक गिर गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 43.50 पैसे गिरकर 89.9650 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 89.96 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर खुला और 89.93 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। दोपहर के समय यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया था। शाम 4.30 बजे भारतीय मुद्रा 22.75 पैसे नीचे 90.1925 प्रति डॉलर पर थी। बाजार में अभी कारोबार जारी है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी रुपया कमजोर हुआ।

### बीएचयू में जमकर हुआ बवाल, छात्रों व सुरक्षाकर्मियों में पथराव

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में मंगलवार देर रात छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जमकर पथराव हुआ। परिसर कुछ देर के लिए जंग के मैदान जैसा बन गया। तोड़फोड़ में कई गमले, वाहन और कुर्सियां क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलते ही कई थानों की पीएसी बल मौके पर पहुंचा तथा काफी मशक्कत के बाद स्थिति नियंत्रित की। घटना की शुरुआत राजाराम छात्रावास के पास हुई, जहां एक वाहन ने कथित तौर पर एक छात्रा को टक्कर मार दी। शिकायत करने पहुंचे छात्रों के साथ सुरक्षाकर्मियों की बहस हो गई। दूसरी ओर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के कर्मियों का कहना है कि कुछ छात्र एक अन्य लड़के से पहले से ही विवाद कर रहे थे। जब उन्हें रोका गया, तो वे सुरक्षाकर्मियों से ही उलझ गए। देखते-देखते बड़ी संख्या में छात्र जमा हो गए।

### सीएम के अवैध घुसपैठियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

# यूपी के हर मंडल में बनेंगे डिटेंशन सेंटर: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम का रोहिंग्याओं और बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कड़ा प्रहार
■ 17 नगर निगम निकायों में सूची तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अवैध घुसपैठ को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार की तरफ से रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए अभियान को और भी तेज कर दिया है। सीएम योगी के निर्देश पर 17 प्रमुख नगर निगम निकायों में काम करने वाले संदिग्ध विदेशी नागरिकों की सूची तैयार करने का काम शुरू हो गया है।

सरकार की तरफ से हर मंडल में डिटेंशन सेंटर स्थापित करने के आदेश दे दिए गए हैं। घुसपैठियों की पहचा कर उन्हें हिरासत में लेकर उनके देश निर्वासित करने का भी निर्देश दे दिया गया है। बता दें कि सरकार की तरफ से ये कार्रवाई नवंबर 2025 से चल रही थी। हाल ही में लखनऊ में मंत्री आवास के पास बने अवैध बस्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई थी। सीएम योगी ने सभी जिलाधिकारियों (डी) को अवैध प्रवासियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया मुख्यमंत्री ने 17 शहरी स्थानीय निकायों जैसे लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, वाराणसी, कानपुर, आगरा के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में काम करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशी मूल के लोगों की सूची तैयार करें। यह सूची कमिश्नर और आईजी को सौंपी जाएगी, जो पहली चरण में डिटेंशन सेंटर स्थापित करने का काम संभालेंगे। बताया जा रहा है कि यूपी में भी विदेशी घुसपैठियों को निर्वासित करने के लिए दिल्ली की तर्ज पर डिटेंशन सेंटर बनाए जाने हैं। सीएम योगी के निर्देश के बाद इसकी प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। उनको वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी होने तक डिटेंशन सेंटर में रखने के लिए जगह तलाशी जा रही हैं। शासन की तरफ से अधिकारियों को घुसपैठियों को रखने के लिए खाली सरकारी इमारतों, सामुदायिक केंद्र, पुलिस लाइन, थाने चिह्नित करने का निर्देश भी दे दिया गया है। दिल्ली में इस समय18 डिटेंशन सेंटर हैं। गोमती नगर में चेकिंग अभियान के लिए आए पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस्ती में रहने वाले लोगों से उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड चेक किए जा रहे हैं। इनमें से ज़्यादातर लोग हरदोई और सीतापुर के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम इनका वैरिफिकेशन करते रहते हैं। पुलिस प्रशासन ने कहा कि अभी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के ज़रिए वैरिफिकेशन किया जा रहा है।

### यूपी के कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया, तो प्रमोशन नहीं

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने 31 जनवरी 2026 से पहले सभी सरकारी कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने का सख्त निर्देश दिया ह। सरकार ने कहा है कि 1 फरवरी 2026 से होने वाली किसी भी विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) में उन कर्मचारियों का नाम तक नहीं लिया जाएगा, जिन्होंने संपत्ति का ब्योरा नहीं भरा होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कई कर्मचारी सोचते थे कि ये सिर्फ औपचारिकता है। अब जब प्रमोशन रुकने और कार्रवाई की बात आई है तो सबके होश उड़ गए हैं। उत्तर प्रदेश में अब सरकारी जॉब करने वालों की जेब और संपत्ति दोनों पर सरकार की नजर रहेगी। सरकार ने चेतावनी दी है कि जो भी अधिकारी और कर्मचारी 31 जनवरी 2026 तक अपनी चल-अचल संपत्ति का पूरा ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर नहीं डालेंगे, उनका प्रमोशन (पदोन्नति) हमेशा के लिए रुक जाएगा, इतना ही नहीं उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी होगी।

## प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करा रही सरकार: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ विपक्ष के नेता ने मोदी सरकार पर बोला हमला

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार पर अरावली पहाड़ियों पर प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार आने वाली पीढ़ियों के हितों की अनदेखी कर प्रकृति का अंधाधुंध दोहन कर रही है।

राहुल गांधी ने यह टिप्पणी कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के एक अखबार में प्रकाशित उस लेख के संदर्भ में की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार अरावली पहाड़ियों के लिए पर्यावरणीय परिभाषा बदल रही है और इससे पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरु से ही गंभीर उदासीनता दिखाई है। वह प्राकृतिक दोहन को बढ़ावा देती है और धरती के लिए तथा आने वाली पीढ़ियों पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को नजरअंदाज करती रही है। उन्होंने सवाल किया क्या नीति निर्माण कुछ लोगों को तात्कालिक लाभ पहुंचाने के लिए इस कदर कमजोर होनी चाहिए कि उससे लाखों लोगों के हितों को नजरदअंदाज किया जाए। श्रीमती गांधी ने अपने लेख में लिखा कि अरावली पहाड़ियों को लेकर जो नीतियां तैयार की हैं उसके तहत 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। उच्चतम न्यायालय ने भी इसे बरकरार रखा है। उन्होंने लिखा कि गुजरात से लेकर राजस्थान और हरियाणा तक फैली अरावली पर्वतीय श्रृंखला ऐतिहासिक रूप से देश की भूगोलिक और विरासत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, लेकिन अब सरकार की नई नीतियों ने इन पहाड़ियों के लिए प्रभावशाली रूप से मौत का फरमान जारी कर दिया है। इससे पहले ही अवैध खनन ने मानव जीवन पर बुरी तरह नुकसान पहुंचाया है। गांधी ने कहा कि इस तरह की नीति बदलाव अवैध खनन करने वालों और माफियाओं को अरावली श्रृंखला के 90 प्रतिशत हिस्से को नष्ट करने के लिए खुला निमंत्रण

## अंबेडकर की पुण्यतिथि पर ताकत दिखाएगी बसपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष मायावती शामिल नहीं होंगी

**लखनऊ।** आगामी 6 दिसम्बर को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर बहुजन समाज पार्टी अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी। हालांकि पुण्यतिथि के मौके पर इस बार सार्वजनिक तौर पर कार्यक्रम में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती शामिल नही होंगी।

उन्होंने कहा है कि डा. भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल तथा गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) स्थित 'राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल' में भारी संख्या में पहुंचकर बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि उनके नेतृत्व में बनी उत्तर प्रदेश की बीएसपी सरकार ने हमेशा बहुजन समाज के महापुरुषों, संतों, गुरुओं और समाज सुधारकों को पूर्ण आदर-मान दिया है और उनकी स्मृति में अनेक भव्य स्मारकों, पार्कों व योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। उन्होंने विशेष रूप से महात्मा ज्योतिबा फुले, राजा छत्रपति शाहूजी महाराज, श्री नारायण गुरु, परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर तथा मान्यवर श्री कांशीराम सहित अन्य महान विभूतियों का उल्लेख किया और कहा कि समाज सुधार के उनके योगदान को सदैव बीएसपी ने सम्मानित किया है।

मायावती ने कहा कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर सरकारी प्रबंधन के कारण जिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उसे देखते हुए अब वे अनेक कार्यक्रमों में स्वयं उपस्थित नहीं होंगी, ताकि आम लोगों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पार्टी जनहित के इन कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखेगी और उनके अनुयाई महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते रहेंगे।

## निहाल अयोध्या समन्वय समिति के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी नियुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता



■ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष रौनक ने पुष्प भेंट कर दी मुबारकबाद

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।** अयोध्या सदभावना समन्वय समिति की एक बैठक संस्था के कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसमें संस्था ने सर्वसम्मति से एवं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. पंडित अमरनाथ मिश्रा के निर्देश पर लखनऊ निवासी निहाल हैदर रिजवी को अयोध्या सदभावना समन्वय समिति का राष्ट्रीय प्रसार प्रचार प्रभारी नियुक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि निहाल रिजवी पिछले कुछ वर्षो से मुजफ्फरनगर स्थित किदवई नगर में निवास कर रहे हैं। इस उपलक्ष्य में हुसैनी वेल्फेयर सोसायटी मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष रौनक हसनैन जैदी(राजू) एवं समाजसेवी शबी हैदर ने उनकी नियुक्ति पर उनके निवास पर पहुंचकर पुष्प भेंट किए और मुबारकवाद दी।

### आयुष्मान योजना के तहत स्वीकृत राशि के दुरुपयोग का लोकसभा में उठा मामला

**नई दिल्ली।** आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थियों के उपचार के दौरान अनेक निजी अस्पतालों की ओर से मंहगे पैकेज के जरिए अनुचित लाभ उठाए जाने और फर्जी बिल दिए जाने का मामला बुधवार को लोक सभा में उठाया गया और सरकार से इसका दुरुपयोग रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की गई। भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चौधरी ने शून्य काल के दौरान कहा कि अनेक निजी अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत आए मरीजों के उपचार में मंहगे पैकेज दिखाकर उनके कार्ड की पांच लाख रुपये की पूरी राशि खर्च कर देते हैं, जिससे उन्हें और उनके अन्य परिजनों को आगे उपचार के लिए योजना की कोई राशि नहीं बचती। इससे आयुष्मान कार्ड धारकों को बड़ी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। चौधरी ने कहा कि कई अस्पताल फर्जी बिल बनाकर इस योजना के तहत स्वीकृत राशि हड़प लेते हैं।



सेंसेक्स 85106.81
निफ्टी 225.986



सोना रु. 128550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 189906
प्रति किलो



## रुपये में कमजोरी से लुढ़के शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



रुपये में ऐतिहासिक गिरावट से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन गिरावट रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 26,000 अंक से नीचे उतर गया। एक दिन पहले 90 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर को छूने के बाद रुपया आज और 90.30 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़क गया। इससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 31.46 अंक (0.04 प्रतिशत) नीचे 85,106.81 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह करीब 375 अंक गिरकर 84,763.64 अंक तक उतर गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 46.20 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 225,986 अंक पर बंद हुआ। बाजार में चौतरफा गिरावट रही। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयर भी टूट गए। सार्वजनिक बैंकों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, वित्त, एफएमसीजी, रियलिटी और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक भी गिरावट में रहे। आईटी कंपनियों और निजी बैंकों में तेजी देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में बीईएल का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक में भी 1.50 फीसदी से ज्यादा गिरावट रही। टीसीएस का शेयर करीब डेढ़ फीसदी चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही।

### नए ऑर्डर, उत्पादन बढ़ने से सेवा क्षेत्र में तेजी

**मुंबई।** नए ऑर्डर और उत्पादन वृद्धि की रफ्तार बढ़ने से नवम्बर में देश के सेवा क्षेत्र में तेजी रही। एचएसबीसी द्वारा बुधवार को जारी भारत सेवा पीएमआई अक्टूबर के 58.9 प्रतिशत से बढ़कर नवम्बर में 59.8 प्रतिशत दर्ज किया गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में वृद्धि को और उससे नीचे रहना गिरावट को दिखाता है।

## राकेट की स्पीड से भाग रही है चांदी, सोने के दाम भी बढ़े

**नई दिल्ली।** बुधवार को चांदी में तूफानी तेजी देखी गई। एमसीएक्स में दोपहर 3 बजे तक चांदी ने 189,906 रुपये प्रति किलो पहुंचकर नया रिकार्ड बना लिया। अगर ऐसी बढ़ोतरी जारी रहती है तो बहुत जल्द 1 किलो चांदी का भाव 2 लाख रुपये प्रति किलो पहुंच सकता है। वहीं 10 ग्राम सोना 957 रुपए महंगा होकर 1,28,550 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोना 1,27,593 रुपए का था। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

चांदी के दाम आज ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार ये आज 3,504 रुपए बढ़कर 1,78,684 रुपए हो गया है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। दुनियाभर के बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं।

इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। जब बड़े बैंक लगातार खरीदते हैं तो बाजार में सोने की मांग बनी रहती है और कीमत ऊपर जाती है। क्रिप्टो में इस समय काफी उतार-चढ़ाव हो रहा है। ऐसे में कुछ निवेशक पैसा सोने में लगा रहे हैं। पिछले कुछ समय के दौरान भारत में शेयर बाजार से कम रिटर्न ने भी सोने को आकर्षक बना दिया। शादियों का सीजन शुरू होने से भी सोने की डिमांड बढ़ गई है।

## चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं और दालों में भी गिरावट रही, जबकि चीनी के भाव बढ़ गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,842.17 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,841.35 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटा पांच रुपये प्रति क्विंटल नरम हुआ। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल और उड़द दाल 19.19 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत सात रुपये और मसूर दाल की दो रुपये प्रति क्विंटल घटी। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा तीन रिंगिट फिसलकर 4,156 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.57 प्रतिशत गिरकर 52.38 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 31 रुपये और वनस्पति पांच रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल 22 रुपये सूरजमुखी तेल 11 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुए। सरसों तेल की कीमत भी छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। पाम ऑयल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत छह रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वहीं चीनी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7865.85 रुपये, मसूर काली 8161.63 रुपये, मूंग दाल 10085.26 रुपये, उड़द दाल 10365.22 रुपये, तुअर दाल 10615.08 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2841.35 रुपये और चावल 3842.17 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत-रूस...**

नहीं होगी। यह सिर्फ लॉजिस्टिक सपोर्ट और पीस-टाइम मिलिट्री कोऑपरेशन के लिए है। लॉजिस्टिक सपोर्ट का मतलब है कि देश एक-दूसरे की सेनाओं को जरूरत पड़ने पर ईंधन, सामान, मरम्मत जैसी मदद दें। वहीं, पीस-टाइम मिलिट्री कोऑपरेशन का मतलब है कि शांतिपूर्ण समय में दोनों देशों की सेनाएं मिलकर ट्रेनिंग और सहयोग करें। रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट को दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी में अब तक के सबसे अहम रक्षा समझौतों में से एक माना जा रहा है। यह एक डिफेंस लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज समझौता है। इसके जिसके तहत भारत और रूस की सेनाएं एक-दूसरे के सैन्य बेस, बंदरगाह, एयरफील्ड और सप्लाई पाइंट का इस्तेमाल कर सकेंगी। यह उपयोग सिर्फ ईंधन भरने, मरम्मत, स्टाक रिफिल, मेडिकल सपोर्ट, ट्रांजिट और मूवमेंट जैसे कामों के लिए होगा। भारत ने ऐसे ही समझौते अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और कई अन्य देशों के साथ किए हैं। अब रूस भी इसमें शामिल हो रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसम्बर को भारत आ रहे हैं। वे नई दिल्ली में 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

**सरकार ने...** के बाद स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एपल ने इसका पालन करने से इन्कार कर दिया था। कंपनी ने कहा था कि यह कदम आईफोन यूजर्स के निजी डेटा को खतरे में डाल सकता है। एपल ने एक न्यूज एजेंसी के हवाले से कहा था कि कंपनी अपनी चिंताएं सरकार के सामने रखेगी। मंत्रायल के मुताबिक यह एप जन भागीदारी को बढ़ावा देता है, क्योंकि नागरिक किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की रिपोर्ट कर सकते हैं और खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस एप का कोई अन्य उद्देश्य नहीं है और यदि उपयोगकर्ता चाहें तो वे इसे कभी भी अनइंस्टॉल कर सकते हैं। बता दें कि स्मार्टफोन में एप के प्री-इंस्टालेशन को 90 दिनों के भीतर अनिवार्य बनाने के आदेश के बाद विपक्ष ने संसद में कड़ा विरोध दर्ज कराया था। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दूरसंचार विभाग के निर्देश पर कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज कराते हुए इसे तानाशाही करार दिया था। वहीं, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी आरोप लगाते हुए कहा था कि मोदी सरकार का फोन में संचार साथी एप इंस्टॉल करने का आदेश लोगों की निजता और आजादी पर खुला हमला है। हालांकि, विपक्ष के सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि संचार साथी एप के जरिये जासूसी बिल्कुल भी संभव नहीं है। यह एप लोगों की सुरक्षा और मदद के लिए बनाया गया है। नोटिफिकेशन के मुताबिक पहले सरकार ने कहा था कि एप फोन में अनिवार्य होगा और इसे डिलीट नहीं किया जा सकेगा। हालांकि, विवाद बढ़ने पर दूरसंचार मंत्री ने ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया को बताया था कि जरूरत न होने पर एप को फोन से डिलीट किया जा सकता है। सरकार द्वारा एक्स पर जारी बयान के मुताबिक, अब तक 1.4 करोड़ लोग यह एप डाउनलोड कर चुके हैं और रोजाना लगभग 2000 ऑनलाइन फ्राड मामलों की जानकारी भेज रहे हैं। बयान में कहा गया कि एप डाउनलोड करने वाले उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है।

## ऋषि परंपरा में दिव्यांगता को किसी की कमजोरी नहीं: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस 2025 कार्यक्रम में कहा कि हमारी ऋषि परंपरा में दिव्यांगता को किसी की कमजोरी नहीं माना गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस 2025 कार्यक्रम में यह बातें कहीं। योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों के साथ-साथ कुष्ठावस्था पेंशन की राशि को भी 2,500 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किया गया है। कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण के लिए अनुदान राशि 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 की गई है। योगी ने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक है। दिव्यांगजन किसी से कम नहीं हैं। आपकी हिम्मत, आपकी प्रतिभा और आपकी सफलता ही 'नए भारत' की शक्ति है। उन्होंने कहा कि विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सहभाग कर दिव्य कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया एवं दिव्यांग बच्चों को पाठ्य सामग्री व मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं प्रमाण-पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा है कि दिव्यांगता का शिकार होने पर एक बच्चा यदि परिवार में उपेक्षित कर दिया जाता है, तो ऐसा बच्चा परिवार और समाज का संबल न मिलने के कारण जिदगी भर उपेक्षित और कुंठित दिखता है, जबकि यदि हम उन्हें संबल दे दें, तो अच्छे परिणाम आ सकते हैं।

### सपा के जिसका नाम कट रहा हो, वो हमसे मिले: राजभर

**लखनऊ।** सपा लगातार निर्वाचन आयोग पर सूची से नाम काटने का आरोप लगा रही है। इस बीच सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के जिसका नाम जहां कट रहा हो, वो हमसे आकर मिल लें, उनका नाम दुरस्त करा देंगे।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसे चुनाव आयोग की सही और आवश्यक कार्रवाई बताया है। वर्षों से मृत लोगों के नाम और दोहरी प्रविष्टियां सूची में कायम थीं, जिन्हें हटाकर सूची को पारदर्शी बनाया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अर्धसैनिक बल के जवान वीरता, साहस और देशभक्ति के प्रतीकः सीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कैंप मुख्यालय हल्द्वानी में आयोजित पूर्व अर्धसैनिक बलों के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि अर्धसैनिक बलों के वीर जवानों ने कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से अरुणाचल तक हर मोर्चे पर अदम्य साहस, शौर्य और समर्पण के साथ देश की सेवा की है। तिरंगे की शान को बढ़ाने में इन वीर सपूतों का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने अर्द्धसैनिक बल के जवानों को वीरता, साहस और देश भक्ति का प्रतीक बताते हुए उन्हें राष्ट्र की शान बताया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अर्द्धसैनिक बलों के कल्याण के लिए घोषणा की कि भविष्य में प्रेजिडेन्ट पुलिस मेडल-गैलेन्ट्री वीरता पदक से अलंकृत होने वाले अर्द्धसैनिक को एकमुश्त 05 लाख रूपये की अनुदान राशि दी जायेगी, पूर्व अर्द्धसैनिक एवं अर्द्धसैनिक की वीर नारी, जिसके पास स्वयं की कोई अचल सम्पत्ति नहीं है, को उत्तराखण्ड राज्य में जीवनकाल में एक बार अचल सम्पत्ति क्रय किये जाने में स्टाम्प शुल्क में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, उत्तराखण्ड राज्य अर्द्धसैनिक बल कल्याण परिषद् को क्रियाशील किया जायेगा और परिषद् के लिए पुलिस मुख्यालय में एक कार्यालय कक्ष आवंटित किया जायेगा, सैनिक कल्याण निदेशालय में उपनिदेशक (अर्द्धसैनिक) एवं बड़े जिलों के जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में सहायक जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (अर्द्धसैनिक) के एक-एक पद स्वीकृत किये जायेंगे, जिसमें पूर्व अर्द्धसैनिक संविदा में नियुक्त किये जायेंगे, जो अर्द्ध सैनिक बलों के बच्चे हैं, उनको शादी के लिए हमारे सैनिकों के भांति धनराशि प्रदान की जाएगी तथा मुख्यमंत्री ने सीजीएचएस भवन निर्माण को तत्काल प्राथमिकता देते हुए भूमि चयन करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेना का आधुनिकरण तेजी से हुआ है। भारत आज रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनते हुए कई देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारत के स्वदेशी हथियारों की क्षमता को विश्व स्तर पर सिद्ध किया है।कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए निरंतर दृढ़ता से कार्य कर रही है।

इस अवसर पर मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल, विधायक राम सिंह कैड़ा, दायित्व धारी डॉ. अनिल डब्बू, शंकर कोरंगा, रेनू अधिकारी, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के डीआईजी शंकर दत्त पांडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी, पूर्व अर्धसैनिक संगठन उत्तराखंड के अध्यक्ष एस.एस. कोटियाल, सेवानिवृत्त आईजी एम. एल. वर्मा, एच.आर. सिंह, भानु प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**■ मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों का बढ़ाया मनोबल, कहा-आप राष्ट्र की शान**

### कहा - सैनिक कभी भी 'भूतपूर्व' नहीं होता, वह सैनिक ही रहता है जीवनपर्यंत

मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक कभी भी 'भूतपूर्व' नहीं होता, वह जीवनपर्यंत सैनिक ही रहता है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं एक सैनिक परिवार से आते हैं और सैनिकों व उनके परिवारों की चुनौतियों को नजदीक से समझते हैं। शहीदों की शहादत की कोई कीमत नहीं हो सकती और राज्य सरकार का दायित्व है कि उनके परिवारों को किसी प्रकार की कठिनाई न होने पाए।

### राज्य सरकार ने अर्द्धसैनिक बलों और शहीदों के परिजनों के सम्मान के लिए किए कई काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अर्द्धसैनिक बलों और शहीदों के परिजनों के सम्मान के लिए अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया है। अशोक चक्र, कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र से अलंकृत वीरों की पुरस्कार राशि एवं वार्षिक अनुदान में भी महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। शहीदों की स्मृति में स्मारक एवं शहीद द्वार निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस वर्ष 10 वीर बलिदानियों की स्मृति में नए स्मारकों की स्वीकृति दी गई है। साथ ही शहीदों के परिजनों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी में समायोजित करने की व्यवस्था भी लागू की गई है।

# ड्रोन से होगी जीवीपी प्वाइंट्स एवं कूड़ा डम्पिंग स्थलों की निगरानी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** महापौर सौरभ थपलियाल एवं नगर आयुक्त नमामि बंसल की उपस्थिति में नगर निगम द्वारा पायलेट प्राजेक्ट के रुप में ड्रोन के माध्यम से शहर के जीवीपी प्वाइंटस एवं कूडा डम्पिंग स्थलों की निगरानी की शुरुआत की गई है।पूर्व में जीवीपी प्वाइंटस तथा अन्य सम्बन्धित स्थलों पर कूडे की सूचना विलम्ब से प्राप्त होने के कारण स्थलों से कूडा उठान में देरी होने की सम्भावना बनी रहती थी।

लेकिन अब ड्रोन से लाईव मॉनिटिरिंग की जा सकेगी, जिससें कूडा उठान की प्रक्रिया में गति, पारदर्शिता तथा प्रभावशीलता आयेगी। नगर निगम द्वारा इस 25 एक्स जूम ड्रोन के माध्यम से निगम क्षेत्रांर्गत 15 वार्डो की लाईव मॉनिटिरिंग की जायेगी। साथ ही कारगी चौक स्थित मेकेनाइज्ड टांसफर स्टेशन में वाहनों के आवागमन पर भी निगरानी रखी जायेगी। ड्रोन फ्लाइट दो शिफ्टों में संचालित की जायेगी- प्रथम सिफ्टः- सुबह 8 बजे से 10 बजे तक (सफाई से पूर्व) तक तथा द्वितीय सिफ्ट दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे (सफाई से उपरांत) तक की जायेगी। ड्रोन लाईव मॉनिटिरिंग हेतु नगर निगम के आईसीसीसी कट्रोल रुम में टीम नियुक्त की गई है नगर निगम की इस नवीन पहल से जहॉ शहर में सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ होगी।

# स्कूलों में छात्र-छात्राओं के सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजामः डॉ. सती



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चमोली जनपद में छात्र-छात्राओं के यौन शोषण एवं छेड़छाड़ की घटना को देखते हुए प्रदेशभर के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सख्त कदम उठाये गये हैं। विभागीय मंत्री डॉ रावत के निर्देशों के क्रम में सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने को जनपद स्तर पर निगरानी व सुरक्षा प्रोटोकॉल सख्ती से लागू करने को कहा गया है। साथ ही राज्य स्तर पर भी समय-समय पर इसकी समीक्षा की जायेगी।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने चमोली जनपद के राजकीय इण्टर कॉलेज गौणा में अतिथि शिक्षक यूनुस अंसारी द्वारा छात्र-छात्राओं के यौन शोषण व छेड़छाड़ की घटना को दुखद व चिंताजनक बताया। उन्होंने बताया कि विभागीय मंत्री डॉ धन सिंह रावत के निर्देश पर इस प्रकरण में सख्त कार्यवाही की जा रही है। साथ ही ऐसे घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिये निगरानी व सुरक्षा प्रोटोकॉल को विद्यालयों में सख्ती से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों को विद्यालयों में सुरक्षा मानकों की कड़ाई से निगरानी करने तथा विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों के विद्यालयों में छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने को कहा गया है, जिसकी समय-समय पर राज्य स्तर पर भी समीक्षा की जायेगी।

डॉ. सती ने बताया कि विद्यालयी शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (एलटी) एवं प्रवक्ता के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक शिक्षण कार्य बाधित न हो, इसके लिये सरकार द्वारा अतिथि शिक्षकों की तैनाती की व्यवस्था की गयी है। इसी क्रम में विभिन्न जनपदों एवं विकासखण्डों में गठित चयन समितियों के माध्यम से अतिथि शिक्षक नियुक्त किये गये थे।

# विकासनगर में अधूरे कार्यों पर कांग्रेस का कड़ा रुख

**विकासनगर।** विधानसभा विकासनगर में रुक चुके सड़क निर्माण कार्य को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया जताई। कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सभासद सरदार बलजीत सिंह तथा कांग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रवक्ता भास्कर चुग ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि बाईपास कैनाल रोड पर गुरुनानक मिशन स्कूल के पास बनाई जा रही नई सड़क का काम अचानक रोक दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।कांग्रेस नेताओं ने बताया कि ढकरानी की ओर से विकासनगर की तरफ सड़क निर्माण पूरा किया जा चुका है, लेकिन कैनाल रोड वाला हिस्सा अधूरा छोड़ दिया गया है। क्षेत्र में चर्चा है कि सीवर लाइन का कार्य बाकी होने के कारण निर्माण रोका गया है, पर इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी जनता को नहीं दी गई है।

# गन्ना समर्थन मूल्य बढ़ाने पर किसानों ने किया मुख्यमंत्री धामी का आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को हल्द्वानी दौरे पर रहे। इस दौरान क्षेत्र के किसानों ने गन्ना समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय बढ़ोतरी किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री श्री धामी को गन्ना, तथा पर्वतीय क्षेत्रों की पारंपरिक कृषि उपजख्रगडेरी, माल्टा, अदरक और शहद से भरी विशेष टोकरीख्रभेंट की।महेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गन्ने के समर्थन मूल्य में की गई वृद्धि से प्रदेश के लगभग तीन लाख गन्ना किसानों को सीधा



**■ राज्य सरकार ने गन्ना मूल्य में की 30 प्रति क्विंटल की ऐतिहासिक बढ़ोतरी, उत्तराखंड बना पड़ोसी राज्यों से अधिक गन्ना मूल्य देने वाला राज्य, निर्णय से करीब तीन लाख गन्ना किसानों को मिलेगा सीधा लाभ**

आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने इस फैसले को किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड सरकार ने हाल ही में गन्ना मूल्य में 30 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। अब शीघ्र प्रजाति वाले गन्ने का समर्थन मूल्य375 से बढ़कर ध्405 प्रति क्विंटल हो गया है। सामान्य प्रजाति वाले गन्ने का समर्थन मूल्य 365 से बढ़कर 395 प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

इस निर्णय के बाद उत्तराखंड अब पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से भी अधिक गन्ना समर्थन मूल्य देने वाला राज्य बन गया है, जो गन्ना किसानों के लिए एक बड़ी राहत है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने वालों में राज्य किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट, संदीप कुकसाल, हरीश सुनाल, नरेंद्र मेहरा, सोबन सिंह, भैरव खोलिया, रवीन्द्र रैकुनी, आनंदमणि भट्ट सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

# पार्षदों की शिकायतों का निस्तारण दो दिन में करें : नगर आयुक्त

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामि बंसल ने पूर्व में हुए बोर्ड में लिये गये प्रस्तावों की अनुपालन बैठक ली गई। साथ ही कुछ पाषदों द्वारा अनुपालन में विलम्ब तथा वार्डो में हो रहे कार्यो/कार्यवाही के सम्बन्ध में सूचना न दिए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा त्यौहारों के दो माह के दौरान सफाई व्यवस्था, यूजर चार्ज कलैक्सन तथा स्ट्रीट लाइट से सम्बन्धित कार्यवाही के विषय में जानकारी दी गई। पार्षदगणों द्वारा विशेष रुप से अतिक्रमण तथा पशुचिकित्सा अनुभाग की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष व्यक्त किया गया। इसके क्रम में नगर आयुक्त नमामि बंसल द्वारा कडी चेतावनी जारी की गई है कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण दो दिवस के भीतर कर इसकी आख्या प्रस्तुत की जाए । कार्यवाही के विषय में पाषदों को भी अवगत कराया जाये। नगर आयुक्त नमामि बंसल द्वारा स्पष्ट किया गया कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित अवधि में न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी का वेतन रोका जायेगा तथा आवश्यक दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने भूमि अनुभाग को 72 घंटे के भीतर सभी अवैध होडिंग व बैनर हटाये जाने के आदेश जारी किया गया तथा अधिकारियों का कार्य विभाजन करते हुए उप नगर आयुक्त तनवीर मारवाह को भूमि अनुभाग की जिम्मेदारी दी गई । इसके अलावा पाषदगणों द्वारा कनक सिंह नेगी के सम्बन्ध में की गई शिकायत पर नगर आयुक्त नमामि बंसल ने भूमि अनुभाग से हटाये जाने के कार्यदेश जारी किया गया ।

# अनुसंधान व प्रशिक्षण गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाएंः जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को काशीपुर स्थित औद्यानिक परीक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र (राजकीय उद्यान काशीपुर) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्यान में विकसित विभिन्न फसलों, फलों एवं सब्जियों के उत्पादन की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि राजकीय प्रजनन उद्यान, काशीपुर में आम, अमरूद, लीची, अनार, नीबू सहित विभिन्न पौध प्रजातियों के ग्राफ्टेड पौधे तैयार किए जाते हैं।



उद्यान में आम की रंगीन प्रजातियाँ जैसेख्रपूसा अरुणिमा, अरुणिका, पूसा लालिमा, श्रेष्ठ, केसर, अम्बिका आदि तैयार की जा रही हैं। इसके अलावा मल्लिका और आम्रपाली जैसी लोकप्रिय प्रजातियों के ग्राफ्टेड पौधे भी तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराए जाते हैं।

अधिकारियों ने यह भी अवगत कराया कि उद्यान में आलू को ब्रीडर सीड से फाउंडेशन सीड में विकसित किया जाता है, जबकि किसानों को प्याज पौध बिना लाभख्रहानि के आधार पर उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान में केंद्र में 30,000 ग्राफ्टेड पौध, 25,00,000 प्याज पौध तथा लगभग 1000 क्विंटल आलू बीज उत्पादन का कार्य प्रगति पर है।

कृषि मंत्री जोशी ने आलू फार्म का भी अवलोकन किया और वहां अपनाई जा रही उन्नत कृषि तकनीकों की सराहना की। विभागीय अधिकारियों द्वारा फलों व सब्जियों के उत्पादन, अनुसंधान एवं भविष्य की योजनाओं पर पावर प्वॉइंट प्रस्तुतीकरण भी दिया गया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आम की 'लालिमा' प्रजाति के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं पौध उत्पादन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उन्होंने उद्यान की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए अनुसंधान और प्रशिक्षण गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य उद्यान अधिकारी सतीश शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने दी भारतीय नौसेना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भारतीय नौसेना दिवस के अवसर पर नौसेना के वीर जवानों, पूर्व नौ-सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



नौसेना दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि हमारे बहादुर नौसैनिकों की उत्कृष्ट युद्ध क्षमता, रणनीतिक कौशल और सतर्कता के कारण भारत की विस्तृत समुद्री सीमाएं पूर्णतः सुरक्षित हैं।

राज्यपाल ने नौसैनिकों की वीरता, साहस, पराक्रम और अदम्य समर्पण को नमन करते हुए कहा कि देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हमारे नौसैनिकों पर है। विशाल समुद्री क्षेत्र में ऊर्जा संसाधनों, आर्थिक गतिविधियों तथा व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा में भारतीय नौसेना का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और समृद्धि में नौसैनिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक है।

# फेफड़ों को प्रदूषण, तंबाकू और इंफेक्शन से बचाएंः डॉ. चाचरा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादूनः** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने एक खास कम्युनिटी फिटनेस और फेफड़ों की हेल्थ अवेयरनेस इवेंट ऑर्गनाइज किया। इस इवेंट का मकसद लोगों को रेस्पिरेटरी वेलनेस और प्रिवेंटिव केयर के बारे में एजुकेट करना था। इस इवेंट में देहरादून और आस-पास के इलाकों के 250 से ज्यादा लोगों ने जोश के साथ हिस्सा लिया, जो मजबूत और हेल्दी फेफड़ों के मकसद को सपोर्ट करने के लिए एक साथ आए।

इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट और वर्ल्ड बॉक्सिंग काउंसिल चौंपियन, मिस्टर रितेश सिंह बिष्ट, और मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून के एक्सपर्ट डॉक्टर्स शामिल थे।




**■ मैक्स हॉस्पिटल ने फेफड़ों की हेल्थ के बारे में जागरूकता फैलाई, लंग्स को मजबूत और हेल्दी बनाए रखने के लिए रेगुलर हेल्थ चेक-अप करवाने पर दिया जोर**

मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून के प्रिंसिपल कंसल्टेंट ख्र पल्मोनोलॉजी, डॉ. वैभव चाचरा ने इस बात पर जोर दिया कि "बढ़ते प्रदूषण, तंबाकू के इस्तेमाल, इन्फेक्शन और बदलती लाइफस्टाइल ने फेफड़ों की बीमारियों को कैसे आम बना दिया है। उन्होंने रोजाना की छोटी-छोटी आदतों को अपनाने के महत्व पर भी जोर दिया, जैसे रेगुलर वॉक करना, स्मोकिंग से बचना, हाइड्रेटेड रहना, प्रदूषित इलाकों में मास्क पहनना और फेफड़ों को मजबूत और हेल्दी बनाए रखने के लिए रेगुलर हेल्थ चेक-अप करवाना।"मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून के प्रिंसिपल कंसल्टेंट ख्र पल्मोनोलॉजी, डॉ. विवेक कुमार वर्मा ने कहा, कि "अगर हम लक्षणों को जल्दी पहचान लें और समय पर मेडिकल मदद लें, तो फेफड़ों की ज्यादातर समस्याओं को बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सकता है। इस तरह की कम्युनिटी पहल लोगों को यह एहसास कराती है कि फेफड़ों की हेल्थ उनके हाथों में है। जागरूकता, स्क्रीनिंग और एक हेल्दी लाइफस्टाइल फेफड़ों की हेल्थ को बचाने के हमारे सबसे मजबूत तरीके हैं।" मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून के कंसल्टेंट ख्र मेडिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. अमित बडोला ने जोर देकर कहा, "लंग कैंसर के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं, इसका मुख्य कारण यह है कि शुरुआती लक्षण अक्सर नजरअंदाज हो जाते हैं और कई मरीज एडवांस स्टेज में ही हॉस्पिटल पहुँचते हैं। समय पर स्क्रीनिंग से जल्दी पता चलने पर ख्र खासकर स्मोकिंग करने वालों और दूसरे हाई-रिस्क ग्रुप्स के लिए ख्र नतीजों में काफी सुधार हो सकता है। कई नई, बहुत असरदार थेरेपी ने लंग कैंसर के इलाज का तरीका बदल दिया है।

### फेफड़ों को मजबूत करने वाला खास एक्सरसाइज सेशन रखा गया

माहौल को और भी मजेदार बनाने के लिए, फेफड़ों को मजबूत करने वाला एक खास एक्सरसाइज सेशन रखा गया था, साथ ही एक क्विज और रैपिड-फायर राउंड भी था जिसमें फेफड़ों की हेल्थ पर आसान लेकिन जानकारी वाले सवाल थे, और सांस लेने की एक्सरसाइज और योगिक टेक्नीक पर एक खास सेशन था जिससे फेफड़ों की कैपेसिटी बढ़ती है, ऑक्सीजन फ्लो बेहतर होता है और मेंटल रिलैक्सेशन को बढ़ावा मिलता है, जिससे पूरा सेगमेंट मजेदार और एजुकेशनल दोनों बन गया।

# एम्स ऋषिकेश में हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** एम्स ऋषिकेश में बुधवार को हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने किया। फ्रेंच एकेडमी ऑफ मेडिसिन तथा एयरबस फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की बुधवार से शुरुआत हुई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, तकनीशियनों और पायलटों को उच्च स्तरीय आपातकालीन चिकित्सा प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राज्यपाल ने इसे उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य के लिए "जीवनरक्षक पहल" और "एक नई आशा" बताया। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी आपदा या दुर्घटना के पश्चात् 'गोल्डन आवर' में चिकित्सा सहायता मिलना जीवन बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्वतीय



क्षेत्रों में सड़क मार्ग बाधित होने, भूस्खलन और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण उपचार में कठिनाई रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हेलीकॉप्टर मेडिकल सर्विस उत्तराखण्ड के लिए एक वरदान सिद्ध होगी।राज्यपाल ने कहा कि हेलीकॉप्टर में उपचार देना अत्यधिक जटिल कार्य है, जिसके लिए विशेष दक्षता और त्वरित निर्णय क्षमता की आवश्यकता होती है। यह प्रशिक्षित दल भविष्य में अनगिनत जिंदगियों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने फ्रेंच एकेडमी ऑफ मेडिसिन तथा एयरबस फाउंडेशन द्वारा भारत के साथ किए गए सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह ज्ञान-साझेदारी भारत के स्वास्थ्य तंत्र को और मजबूत बनाएगी तथा डॉक्टरों और छात्रों को वैश्विक मानकों का अनुभव प्रदान करेगी।

इस अवसर पर एम्स ऋषिकेश की निदेशक डॉ. मीनू सिंह, डीन अकादमिक प्रो. जया चतुर्वेदी, फ्रेंच एकेडमी ऑफ मेडिसिन के महासचिव रिचर्ड विलेट, डॉ. कमर आजम, डॉ. मधुर उनियाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने की मुहिम के तहत जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक बुधवार को चलाए जाने वाले साप्ताहिक सफाई अभियान ने अब एक जन आंदोलन का रूप ले लिया है। इसी कड़ी में बुधवार को जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए नगर पालिका परिषद चम्बा के बादशाहीथौल स्थित वार्ड संख्या-9 के एसआरटी परिसर में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। जिलाधिकारी की उपस्थिति ने न केवल स्थानीय प्रशासन बल्कि छात्रों और आम नागरिकों में भी स्वच्छता के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार किया।

इस विशेष अभियान के दौरान जिलाधिकारी के साथ एसआरटी परिसर के निदेशक ए.ए. बौड़ाई और नगर पालिका परिषद चम्बा की अध्यक्ष शोभनी धनोला ने भी हाथों में दस्ताने पहनकर श्रमदान किया। अभियान में शामिल टीम ने पूरे परिसर में बिखरी हुई प्लास्टिक की खाली बोतलें, रैपर और अन्य अजैविक कूड़े को एकत्रित किया। जमा किए गए कचरे को तत्काल नगर पालिका के कूड़ा वाहन के माध्यम से डम्पिंग जोन भिजवाया गया, ताकि परिसर पूरी तरह से साफ-सुथरा नजर आए। जिलाधिकारी ने इस मौके पर स्पष्ट संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा।

सफाई अभियान के साथ-साथ जन-जागरूकता पर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने एसआरटी परिसर में अध्ययनरत विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें अपने आसपास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। कूड़ा प्रबंधन की वैज्ञानिक विधि को समझाते हुए उन्होंने परिसर की कॉलोनी में रहने वाले परिवारों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने का महत्व समझाया। इस पहल को प्रोत्साहित करने और व्यावहारिक रूप देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने प्रत्येक परिवार को दो-दो डस्टबिन भी वितरित किए, ताकि स्रोत पर ही कचरे का सही वर्गीकरण हो सके।

इस मौके पर जिला प्रशासन और नगर पालिका की पूरी टीम मुस्तैद नजर आई। अभियान में जिला विकास अधिकारी मो. असलम, नगर पालिका चम्बा के अधिशासी अधिकारी प्रशान्त कुमार, वार्ड सदस्य दीपक गुनसोला और वार्ड संख्या 2 के सदस्य शक्ति जोशी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अतिरिक्त नगर पालिका चम्बा के सफाई कर्मियों, एसआरटी परिसर के कार्मिकों, विभिन्न जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए स्वच्छता की शपथ ली।



**साप्ताहिक सफाई अभियान के तहत बादशाहीथौल पहुंचीं डीएम, छात्र-छात्राओं और कॉलोनी वासियों को बांटे डस्टबिन, गीला और सूखा कूड़ा अलग करने की अपील, प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने के लिए एकजुट हुए अधिकारी और जनप्रतिनिधि**

# बच्चों की सुरक्षा को लेकर समन्वय से होगा काम: नेगी

**बाल कल्याण समिति की पुलिस के साथ आवश्यक बैठक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बच्चों को साइबर ठगों के बढ़ते खतरे से बचाने को लेकर बाल कल्याण समिति ने पुलिस के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें साइबर क्राइम सेल के इंस्पेक्टर जीएस नेगी और पुलिस उपाधीक्षक मौजूद रहे।

बाल कल्याण समिति के सदस्य दलवीर सिंह रावत, गीता मलासी, ममता शैली, चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक सुरेंद्र रावत, केस वर्कर अखिलेश सिंह व लोकेन्द्र सिंह ने साइबर सेल अधिकारियों को बच्चों से जुड़े हालिया साइबर फ्रॉड के मामलों की जानकारी दी। समिति ने बताया कि फर्जी गेमिंग लिंक, सोशल मीडिया पर ग्रूमिंग, फेक जॉब ऑफर और ऑनलाइन ठगी के जरिए बच्चे तेजी से शिकार बन रहे हैं।

इंस्पेक्टर जीएस नेगी ने साइबर सेल की ओर से चल रहे जागरूकता अभियानों, तकनीकी निगरानी और ठगों पर की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर सेल लगातार संदिग्ध लिंक और नंबरों पर नजर रख रही है। बैठक में दोनों पक्षों ने एकमत होकर कहा कि अब समय आ गया है कि स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और गांव-गांव में बच्चों व अभिभावकों के लिए बड़े स्तर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाए।

बैठक के अंत में बच्चों की सुरक्षा के लिए आपसी समन्वय को और मजबूत करने तथा जल्द ही संयुक्त कार्ययोजना बनाने पर सहमति बनी। बाल कल्याण समिति के सदस्य दलवीर सिंह रावत ने कहा, "बच्चे हमारा भविष्य हैं। एक भी बच्चा साइबर ठगी का शिकार बने, यह हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। पुलिस के साथ मिलकर हम हर स्तर पर जागरूकता फैलाएंगे।" साइबर सेल ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# नरेंद्रनगर की जमीनों का होगा हाईटेक सर्वे, प्रशासन ने शुरू की तैयारी

**शाह टाइमस संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल में भूमि अभिलेखों को आधुनिक और त्रुटिहीन बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में "नक्शा प्रोजेक्ट" को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जनपद के नरेंद्रनगर क्षेत्र में प्रस्तावित भूमि सर्वेक्षण की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई और भविष्य की रूपरेखा तय की गई। प्रशासन का उद्देश्य है कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर जमीनों के रिकॉर्ड को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जाए।

बैठक में परियोजना के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों ने अवगत कराया कि नक्शा प्रोजेक्ट के तहत टिहरी गढ़वाल के नरेंद्रनगर क्षेत्र का चयन किया गया है। योजना के अनुसार, इस क्षेत्र के लगभग 15 वर्ग किलोमीटर के दायरे में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए गहन सर्वेक्षण किया जाएगा। इस प्रक्रिया में सर्वे ऑफ इंडिया की भूमिका अहम रहेगी। बताया गया कि जैसे ही सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा संबंधित क्षेत्र के मानचित्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

# राइंका त्रियुगीनारायण में सीईओ ने पाई कई कमियां

**रुद्रप्रयाग।** मुख्य शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही माध्यमिक विद्यालयों में गतिमान सत्र 2025-26 को लेकर नामिका निरीक्षण का भी अनुश्रवण किया, जिसमें पाया गया कि राइंका कोटमा में नामिका निरीक्षण टीम उपस्थित थी एवं टीम की ओर से पठन-पाठन व शिक्षणेत्तर गतिविधियों का निरीक्षण किया जा रहा था। प्रयोगात्मक गतिविधियां संतोषजनक न होने के कारण प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया कि प्रयोगशालाओं तथा उपकरणों का समुचित उपयोग किया जाए। छात्र-छात्राओं से विषय संबंधी संवाद स्थापित किया जाए।

# डीएम ने किया यूजीटी से कुरोली वाया बोंगाडी मार्ग का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य भटवाड़ी तहसील अंतर्गत पीएमजीएसवाई की निर्माणाधीन यूजीटी से कुरोली वाया बोंगाडी मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मार्ग निर्माण में तय नियमों और गुणवत्ता का ध्यान दिए जाने की नसीहत देते हुए तय समय में सड़क निर्माण कार्य पूरा करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मार्ग के निर्माण और चौड़ीकरण होने से मूलभूत सुविधाओं की पहुंच आसान हो जाएगी।बता दें कि 6.44 किमी लंबे यूजीटी से कुरोली वाया बोंगाडी मार्ग का निर्माण पीएमजीएसवाई द्वारा किया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य पूरा करने की अनुमानित समय सीमा 31 मई 2026 तय की गई है।



## एक नजर .......

### पेंशन ग्रेच्युटी का लाभ देने की सीएम से लगाई गुहार

**श्रीनगर।** सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग के कार्मिकों को वर्कचार्ज की गयी सेवाओं को सम्मिलित करते हुए पेंशन और ग्रेच्युटी का लाभ दिए जाने की मांग की है। उत्तराखंड श्रमिक संगठन के सचिव रामप्यारे भट्ट ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा भी इन कार्मिकों के पक्ष में फैसला दिया जा चुका है, लेकिन एक साल से अधिक समय से पेंशन ग्रेच्युटी रोके जाने से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कहा कि कुछ कर्मचारियों को नई पेंशन स्वीकृति के आधार पर वर्कचार्ज की सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन का लाभ मिल चुका है, लेकिन कई कर्मचारियों को सेवानिवृत्त हुए एक साल से अधिक हो चुके हैं और उनकी पेंशन रोक दी गयी है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्णय का पालन करते हुए सरकार इन कर्मचारियों को पेंशन ग्रेच्युटी का लाभ दिया।

### रतनपुर-स्वीली मोटरमार्ग पर बिछाते ही उखड़ने लगा डामर

**रुद्रप्रयाग।** रतनपुर-स्वीली-चौरास मोटर मार्ग पर इन दिनों हॉट मिक्स का कार्य चल रहा है। दुर्भाग्यवश, यह कार्य इतनी निम्न गुणवत्ता का है कि गुणवत्ता को स्वयं ही शर्म आ जाए। भरदार जागरूकता मंच के अध्यक्ष एलपी डिमरी एवं महासचिव भगत चौहान ने मार्ग का निरीक्षण कर मौके से ही अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को फोन कर स्थिति से अवगत करवाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मार्ग पर विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत से घटिया तरीके से कार्य किया जा रहा है, जिससे मोटा कमीशन खाया जा सके। उन्होंने कहा कि मोटरमार्ग पर संबंधित विभाग की घोर लापरवाही और अनदेखी के कारण ठेकेदार ने सभी निर्धारित मानकों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। सड़क बनाने में जिस तरह की घटिया सामग्री और शिथिल कार्यशैली अपनाई गई है, वह सरासर करदाताओं के पैंसे का दुरुपयोग है। शिकायत मिलने के बाद भले ही कार्य को अस्थायी रूप से रोक दिया गया हो, मगर इस तरह की घटनाएं सीधे तौर पर शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली, निगरानी तंत्र और जवाबदेही पर गम्भीर सवाल खड़े करती हैं। ऐसे मामलों में न केवल ठेकेदार, बल्कि निरीक्षण और अनुमोदन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में सार्वजनिक धन का इस तरह दुरुपयोग न हो सके।

### जूडो राष्ट्रीय खेल के लिए आठ प्रतिभागियों का चयन

**श्रीनगर।** उत्तराखंड जूडो एसोसिएशन श्रीनगर ने जूडो राष्ट्रीय खेल के लिए जूनियर श्रेणी के ट्रायल के गढ़वाल विवि के चौरास परिसर स्थित जूडो हॉल में सम्पनन हुए। ट्रायल के लिए राज्य के सभी जिलों से 25 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 8 प्रतिभागीयों का फाइनल टीम के लिए चयन किया गया, जो राष्ट्रीय खेल में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेगे। इस अवसर पर उत्तराखंड जूडो एसोसिएशन के सचिव सतीश शर्मा, पौड़ी जूडो एसोसिएशन के सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु रावत, उपाध्यक्ष सागर पुरी आदि लोग उपस्थित रहे।

### राशन कार्ड ई-केवाईसी की तिथि 15 दिसम्बर तक बढ़ी

**कोटद्वार ।** शासन द्वारा जारी नए निर्देशों के बाद जनपद के सभी राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 दिसम्बर 2025 कर दी गयी है। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से समय पर ई-केवाईसी कराने की अपील की है। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवम्बर माह तक निर्धारित समय सीमा में बड़ी संख्या में लाभार्थियों द्वारा ई-केवाईसी नहीं करायी जा सकी थी, जिसके चलते शासन ने लाभार्थियों की सुविधा को देखते हुए तिथि में विस्तार किया है। उन्होंने बताया कि जिन कार्डधारकों ने अब तक अपने राशन कार्ड में अंकित सभी सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं करायी है, वे शीघ्र अपने संबंधित या नजदीकी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान पर जाकर बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट के माध्यम से यह प्रक्रिया पूरी कर लें। जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी न कराने पर राशन कार्ड निष्क्रिय हो सकते हैं, जिससे कार्डधारकों को भविष्य में सस्ते गल्ले से खाद्यान्न लेने में दिक्कत होगी। उन्होंने सभी पात्र उपभोक्ताओं से समय पर ई-केवाईसी कराकर योजनाओं का सुचारू लाभ लेने की अपील की है।

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**कोटद्वार ।** नगर निगम के अंतर्गत पदमपुर मोटाढाक स्थित मालिनी वैली कॉलेज ऑफ एजूकेशन में मंगलवार को कालेज का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। वार्षिकोत्सव का आरंभ सरस्वती वंदना से किया गया। तत्पश्चात संस्कृत भारती से जुड़े शिक्षक डा. कुलदीप मैंदोला ने मालिनी क्षेत्र की दशा पर अपने विचार रखे। वहीं डॉ राकेश कंडवाल की सार्थक योगशाला के नन्हे योगियों ने योग का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बीएड प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने मांगल गीत से सबका मन मोह लिया।

# धराली आपदा पर घमासान, गणेश गोदियाल करेंगे दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में कांग्रेस का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को उत्तरकाशी के धराली आपदाग्रस्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करेगा।

उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप रावत ने बताया कि बुधवार देर रात्रि को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उत्तरकाशी पहुंचे हैं।गुरूवार को सुबह कार्यकताओं से मुलाकात के बाद आपदा प्रभावित धाराली पहुंचेंगे और पीड़ित परिवार जनों से मुलाकात कर करने के बाद सरकार द्वारा किए कार्यो का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे।उल्लेखनीय है कि पांच अगस्त को धराली में खीरगंगा से आई भीषण बाढ़ से धराली का पूरा भूगोल बदल दिया है।

वहीं उत्तराखंड सरकार में पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे दायित्वधारी कर्नल अजय कोठियाल के हालिया खुलासों ने धराली आपदा को लेकर एक राजनीतिक भूचाल ला दिया है भाजपा ने भले वयान जारी कर इतिश्री कर ली है लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसे गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि कर्नल कोठियाल के बयान ने स्पष्ट किया है कि सरकार द्वारा पेश किए गए आंकड़े अधूरे और भ्रामक हैं तथा धराली में राहत और पुनर्वास कार्यों में भारी लापरवाही बरती गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने यह निर्णय लिया है कि उत्तराखंड कांग्रेस का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में वह स्वयं गुरुवार को उत्तरकाशी के धराली आपदाग्रस्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करेगा।

प्रतिनिधिमंडल स्थानीय पीड़ित परिवारों से मिलकर वास्तविक स्थिति की जानकारी लेगा और प्रशासनिक स्तर पर हो रही अनदेखी का प्रत्यक्ष आंकलन करेगा। धराली से लौटकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उस रिपोर्ट को इस उम्मीद के साथ महामहिम राज्यपाल को सौंपा जाएगा की राज्यपाल और केंद्र सरकार उत्तराखंड की सरकार पर दबाव बनाएं ताकि स्थानीय लोगों की अपेक्षा अनुरूप आपदा ग्रस्त क्षेत्र में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाएं, पुनर्निर्माण और पुनर्वास के कार्य बिना विलंब के हो जाना चाहिए।

गोदियाल ने कहा कि जब आपदा आई थी तो तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल धराली आपदाग्रस्त क्षेत्र में गया था और अब कर्नल कोठियाल के खुलासे के बाद पुनः उत्तराखंड कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल उस क्षेत्र में जाएगा और आकलन करेगा कि पिछले 4 महीने में सरकार और शासन प्रशासन द्वारा किए जा रहे दावों की सच्चाई क्या है। गोदियाल ने यह भी कहा कि 2013 की दैवीय आपदा के बाद कांग्रेस हाई कमान ने इसी बात पर प्रदेश के कांग्रेस के मुख्यमंत्री को अपदस्थ कर दिया था क्योंकि उन्होंने आपदा कार्यों में रुचि नहीं दिखाई और ईमानदारी से काम नहीं किया। लेकिन वर्तमान की केंद्र सरकार आपदाओं और आपदाग्रस्त क्षेत्रों के प्रति गंभीर और संवेदनशील नहीं दिखाई पड़ती है।

गोदियाल ने कहा कि जब मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि ही धराली की स्थिति पर सरकार की पोल खोल रहे हैं, तो यह स्पष्ट है कि सरकार ने जनता से जानकारी छुपाई है। धराली के लोग आज भी राहत और न्याय की प्रतीक्षा में हैं, लेकिन सरकार आंकड़ों और बैठकों में उलझी है। कांग्रेस इस मानवीय त्रासदी को राजनीति का विषय नहीं, बल्कि संवेदना और जिम्मेदारी का विषय मानती है।

उनके अनुसार, कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि धराली के पीड़ितों की आवाज सरकार तक पहुंचे और उचित मुआवजा, पुनर्वास एवं खोज अभियान तुरंत शुरू हों।

# कीर्तिनगर उपजिलाधिकारी राजपूत ने किया औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवादाता**

**श्रीनगर।** जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल के निर्देशों पर बुधवार को उप जिलाधिकारी कीर्तिनगर मंजू राजपूत ने कीर्तिनगर क्षेत्रान्तर्गत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, खाद्यय गोदाम, सीएससी एवं अंग्रेजी शराब दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सालय, प्राथमिक विद्यालय, इंटर कॉलेज में साफ सफाई के निर्देश दिए। साथ ही शराब की दुकान में कैमरा चालू स्थिति में पाया गया और ओवर रेटिंग न करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. प्रदीप कंडारी, राजस्व निरीक्षक जगदीश गैरोला, राजस्व निरीक्षक राय सिंह गुसाईं, राजस्व उप निरीक्षक अजय सजवाण मौजूद रहे।

# नियमों की अनदेखी पर परिवहन विभाग का चला डंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जिलाधिकारी के कड़े निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार को परिवहन विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में एक व्यापक और सघन प्रवर्तन अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य केंद्र टिहरी, कोटी और बी पुरम क्षेत्र रहे, जहां एआरटीओ प्रवर्तन की अगुवाई में टीम ने आने-जाने वाले वाहनों की गहनता से जांच की। विभाग की इस औचक कार्यवाही से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।चेकिंग अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की। जांच में पाया गया कि कई वाहन चालक सड़क सुरक्षा के मानकों को ताक पर रखकर वाहन चला रहे थे। इनमें बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, ड्राइविंग लाइसेंस और प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे अनिवार्य दस्तावेज साथ न रखने, और बिना टैक्स चुकाए वाहन संचालित करने के मामले प्रमुखता से सामने आए। विभाग ने नियमों की अनदेखी करने वाले कुल 22 वाहन चालकों का चालान काटकर जुर्माना वसूला। इसके अलावा, गंभीर अनियिमितताएं पाए जाने पर 04 वाहनों को मौके पर ही सीज (बंद) करने की कार्यवाही की गई, जिससे यह संदेश दिया जा सके कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सघन अभियान में एआरटीओ (प्रवर्तन) सत्येंद्रराज, परिवहन सहायक निरीक्षक नवीन गोस्वामी, अर्जुन सिंह, प्रवर्तन आरक्षी रोहन और मोनिका ने सक्रिय भूमिका निभाई।




**जिलाधिकारी के निर्देश पर एआरटीओ की टीम ने चलाया प्रवर्तन अभियान, नियमों का उल्लंघन करने वालों को दी सख्त चेतावनी**

# विधायक चौधरी ने जाना भालू के हमले से घायल का हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** रुद्रप्रयाग जनपद की रानीगढ़ पट्टी के कोट मल्ला गांव निवासी भरत सिंह पर हाल ही में हुए भालू के हमले के बाद उनका इलाज बेस अस्पताल के आर्थो वार्ड में चल रहा है। बुधवार को रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी अस्पताल पहुंचे और घायल भरत सिंह का हालचाल जाना। उन्होंने उपचार में जुटी मेडिकल टीम की सराहना की।

डाक्टरों ने बताया कि भरत धीरे धीरे रिकवर हो रहे हैं। विधायक चौधरी ने कहा कि भरत सिंह ने हमेशा साहस का परिचय दिया है। उन्होंने याद करते हुए बताया कि कुछ साल पहले भरत ने गुलदार से भिड़कर घास लेने गई महिलाओं की जान बचाई थी। हाल ही में भालू के हमले में घायल होने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं खोई और किसी तरह अपनी जान बचाई। हमले में भरत की एड़ी की हड्डी टूट गई थी और गहरे घाव आए थे, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। विधायक भरत चौधरी ने बताया कि डॉक्टरों से लगातार संपर्क बनाकर भरत को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि भरत के घाव धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं और जल्द ही उनकी स्थिति सामान्य हो जाएगी। उपचार पूर्ण होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। आर्थो विभाग के एचओडी डॉ. दयाकृष्ण के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम भरत के इलाज में निरंतर जुटी हुई है। वहीं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना भी एक हफ्ते पूर्व अस्पताल पहुंचने पर भरत से मिले और उचित व समयबद्ध इलाज का भरोसा दिलाया था। विधायक के अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश रावत, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सतीश कुमार, भुवनेश्वरी देवी, पर्यावरणविद् देव राघवेंद्र चौधरी, आर्थो विभाग के अन्य डॉक्टर भी मौजूद रहे।



**विधायक ने बेहतर इलाज देने पर डाक्टरों का आभार जताया**

# विवाह के बंधन में बंधने जा रहा था नाबालिग

**वन स्टॉप सेंटर ने समय पर पहुंचकर कार्रवाई की, अगस्त्यमुनि ब्लॉक का मामला, 22 वर्षीय लड़की की हो रही थी 19 साल के नाबालिग से शादी, सामान्य वर्ग से नाबालिग लड़का अनुसूचित वर्ग से लड़की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जखोली ब्लॉक के धारकोट गांव में प्रेम प्रसंग के चलते 19 वर्षीय बालक की विवाह की सूचना मिलते ही वन स्टॉप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने गांव में जाकर विवाह रुकवाया। परिवार जनों को जागरूक किया गया कि छोटी उम्र में शादी करना गैरकानूनी है।

बुधवार को गोपनीय सूचना के आधार पर जखोली ब्लॉक के धारकोट ग्रामसभा निवासी 19 वर्षीय बालक द्वारा अगस्त्यमुनि ब्लॉक के नजदीकी ग्राम सभा की 22 वर्षीय लड़की से प्रेम संबंधों के चलते विवाह होने की जानकारी प्राप्त होते ही जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अखिलेश कुमार मिश्र के निर्देश पर वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक रंजना गैरोला भट्ट, बाल संरक्षण अधिकारी अरविंद सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक सुरेंद्र रावत, ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री तथा पुलिस कांस्टेबल विकेश सिंह बालिका के घर पहुंचे, जहां बालिका के परिजनों से बात बात की गई। लड़की के घर पर लड़के के परिजनों को भी बुलाया गया और दोनों पक्षों को सख्त हिदायत दी कि जब तक बालक की उम्र 21 नहीं हो जाती, तब तक विवाह नहीं हो सकता है। नाबालिक बालक, लड़की तथा दोनों के परिजनों को बताया गया कि यदि उनके द्वारा जबरदस्ती यह कार्य किया जाता है तो वह कानूनी शिकंजे में फंस सकते हैं। उन्हें इस अपराध के लिए दो साल की सजा और एक लाख तक का जुर्माना, दोनों से दंडित किया जा सकता है। उन्हें यूसीसी की जानकारी भी प्रदान की गई।

जिसमें बाल विवाह करवाने पर सख्त दंड का प्रावधान है। बता दें कि उक्त मामले में नाबालिग लड़का सामान्य वर्ग से, जबकि लड़की अनुसूचित वर्ग से संबंधित है। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक रंजना गैरोला भट्ट ने बताया कि जनपद में बाल विवाहों के हर दिन नए और अलग-अलग प्रकरण सामने आ रहे हैं, जिसको लेकर प्रशासन के निर्देशों पर वन स्टॉप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन लगातार कार्यवाही कर रही है। इसके साथ ही गांवों में कई जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। जनवरी से अभी तक जनपद में 23 बाल विवाह रुकवाए जा चुके हैं।

# व्यापारी दम्पति ने फांसी लगाकर दी जान

## आर्थिक तंगी के चलते उठाया आत्मघाती कदम, घर के अलग-अलग कमरों में मिले दोनों के शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** आर्थिक तंगी के चलते व्यापारी दंपति ने बीती रात्रि अलग-अलग कमरों में जाकर फांसी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। परिजनों ने जब फंदे से लटका देखा तो घर में चीखपुकार मच गई। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी दंपति के शवों को फंदे से निकाला और उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस ने व्यापारी दंपति के शवों का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार नया


रमेश दुम्का व कमला दुम्का ( फाइल फोटो )

बाजार हल्दूचौड़ निवासी 65 वर्षीय रमेश दुम्का अपनी पत्नी 50 वर्षीय कमला दुम्का व तीन बच्चों के साथ यहीं रहते है और हल्दूचौड़ बाजार में दुम्का ट्रेडर्स करके एक दुकान है। बताया जा रहा कि बीते मंगलवार रात दैनिक कार्यों के बाद परिवार के सभी सदस्य सामान्य रूप रात्रि खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए।

बुधवार की सुबह जब काफी देर तक दोनो बाहर नहीं आए तो उनका बेटा अपने पिता को उठाने के लिए उनके कमरे में गया जैसे ही कमरे का दरवाजा खोला तो पिता फंदे से लटके हुए थे। पिता को लटका देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसके बाद वह भागता हुआ मां के



कमरे में गया तो मां को भी फंदे से लटका देख चिखपुकार मच गई। सुबह-सुबह घर से निकली चीख पुकर सुनकर आस-पास के लोग भी एकत्र हो गए। लोगों ने घटना की सूचना हल्दूचौड़ पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी दंपति के शवों को फंदे से उतारा और उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि व्यापारी रमेश दुम्का पिछले कुछ समय से आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ से बेहद परेशान थे। माना जा रहा कि मानसिक दबाव के चलते दंपति ने यह कदम उठाया होगा। बताया जा रहा कि व्यापारी रमेश के तीन बच्चे, एक बेटा और दो बेटियां सभी की शादी हो चुकी है। बताया जा रहा कि रमेश दुम्का की पहली पत्नी का लगभग 15 वर्ष पहले निधन हो गया था। उसके बाद उन्होंने दूसरी शादी की थी। बताया जा रहा कि दुम्का दंपति अपनी सरलता और अच्छे व्यवहार के लिए जाने जाते थे। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व व्यापारी वर्ग भी मौके पर पहुंच गया। बुधवार को पुलिस ने दम्का दंपति के शवों का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। हालांकि पुलिस इस मामले में हर एंगल से जांच कर रही है। मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है ताकि घटना के कारणों का सही पता लगाया जा सके। ताकि आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सके।

# यूओयू का दीक्षांत समारोह 12 जनवरी को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विस्वविद्यालय का 10वां दीक्षांत समारोह आगामी 12 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल व कुलाधिपति कार्यालय को विश्व. विद्यालय द्वारा भेजे गए आमंत्रण को राज्यपाल ने स्वीकृति प्रदान करते हुए समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने की सहमति दी है। इस संबंध में राजभवन की ओर से औपचारिक स्वीकृति पत्र विश्वविद्यालय को प्राप्त हो चुका है। समारोह में इस वर्ष उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को स मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के अनुसार स्नातक स्तर पर 10 तथा स्नात्तकोत्तर स्तर पर 18 शिक्षार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कुलाधिपति मेडल एक स्नातक और एक स्नात्तकोत्तर श्रेणी में प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही चार प्रायोजित मेडल भी चुनिंदा विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान



किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह में तीन शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि भी प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि दसवां दीक्षांत समारोह विवि की शैक्षणिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और शोध के प्रति प्रतिबद्ध है और हमारी यह उपलब्धि उसी सतत प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विश्व. विद्यालय इस ऐतिहासिक आयोजन को गरिमामय, सुव्यवस्थित और शिक्षार्थी केंद्रित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां कर रहा है।

# दिव्यांगता शरीर में हो सकती है लेकिन सपनों में नहीं: पुष्कर धामी

## विश्व दिव्यांग दिवस पर 41 प्रतिभाओं का सीएम के हाथों सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर बुधवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा एमबीपीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय दिव्यांग दक्षता पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहुंचकर दिव्यांगजन प्रतिभागियों को सम्मानित कर उन्हें पुरस्कार राशि, मेडल, प्रशस्ति पत्र और मानपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने दिव्यांगजनों को विश्व दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा यह दिवस केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि उन असाधारण व्यक्तियों को सम्मानित करने का अवसर है जिन्होंने चुनौतियों को अवसर और संघर्षों को प्रेरणा में बदलकर समाज को दिशा दी है। उन्होंने यह भी कहा दिव्यांगता शरीर में हो सकती है, लेकिन सपनों में नहीं। आज हमारे दिव्यांग भाई-बहन हर क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर, इंग्लिश चौनल पार करने वाले सत्येंद्र सिंह लोहिया और बिना हाथों के विश्व पैरा तीरंदाजी चैंपियन बनीं शीतल देवी जैसे प्रेरक उदाहरणों का उल्लेख किया। इसके अलावा, उन्होंने हाल ही में भारत की दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम द्वारा कोलंबो में





टी-20 ब्लाइंड वूमेन वर्ल्ड कप 2025 जीतने पर गर्व व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार दोनों ही दिव्यांगजनों को समान अवसर और गरिमामय जीवन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नए भवनों, अस्पतालों और बस अड्डों में दिव्यांगजन-अनुकूल व्यवस्थाएं अनिवार्य की गई हैं, और पुराने भवनों में भी सुगम्यता के लिए आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं। इसके साथ ही दिव्यांगजन हितैषी स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन देने और कॉमन साइन लैंग्वेज के प्रसार को सरकार की प्राथमिकता बताया गया। समारोह में मुख्यमंत्री ने 41 प्रतिभाशाली दिव्यांगजनों को 8000 की पुरस्कार राशि, मेडल, प्रशस्ति पत्र और मानपत्र प्रदान किए। उन्होंने सभी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, मेयर गजराज बिष्ट, विधायक बंशीधर भगत, सरिता आर्या, राम सिंह कैड़ा, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, सचिव समाज कल्याण श्रीधर बाबू अदांगी, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी सहित कई जनप्रति. निधि, अधिकारी एवं दिव्यांगजन मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री द्वारा बताई गई प्रमुख योजनाएं

आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांगजनों को 1500 मासिक पेंशन
दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को 700 मासिक भरण-पोषण अनुदान
तीलू रौतेली विशेष दिव्यांग पेंशन योजना और बौना पेंशन योजना के तहत 1200 मासिक पेंशन
सरकारी नौकरियों में दिव्यांगजनों के लिए क्षैतिज आरक्षण को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत किया गया
दिव्यांग छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति
कृत्रिम अंगों के लिए 7000 अनुदान
दिव्यांग से विवाह करने पर 50,000 प्रोत्साहन राशि
दिव्यांग छात्रों के लिए सिविल सेवा परीक्षा की निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग सुविधा
जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से एकीकृत योजनाओं का लाभ

### शिलान्यास और उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने देहरादून में 905.13 लाख की लागत से बनने वाले आयुक्त दिव्यांगजन उत्तराखंड और उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के बहुउद्देशीय कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री दिव्यांशा केंद्र, नैनीताल (एलिम्को) का उद्घाटन भी किया गया।

## अनशन की चेतावनी दी

**हल्द्वानी।** राजकीय प्राथमिक स्कूल गौजाजाली की चाहरदीवारी छह माह बीतने के बाद भी नहीं बन सकी है। इससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। करीब छह माह पूर्व बारिश से इस विद्यालय की सुरक्षा दीवार टूट गई थी। किसान सहकारी समिति के पूर्व संचालक पीतांबर जोशी ने बताया कि स्कूल की सुरक्षा दीवार टूटने से छात्रों को खतरा बना रहता है। असामाजिक तत्व स्कूल परिसर में घुस जाते हैं। इससे चोरी का भी खतरा बना रहता है। स्कूल के लिए जिस परिवार ने भूमि दान दी, वह आज विद्यालय की हालत देख कर व्यथित है। उन्होंने कहा कि कई बार जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से शिकायत करने के बाद भी क्षतिग्रस्त दीवार को ठीक नहीं किया जा रहा है। चेतावनी दी कि यदि दीवार का पुनर्निर्माण नहीं किया गया तो वह 15 दिसंबर से अनशन पर बैठेंगे।

# दिव्यांग दिवस पर स्पोर्ट्स मीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शिवेन्द्रालय विशेष विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों के बीच समन्वय, सहयोग और सकारात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देना था।



स्पोर्ट्स मीट के दौरान अभिभावकों ने बच्चों के साथ मिलकर विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान खेलों ने पूरे परिसर को खुशी और उत्साह से भर दिया। सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना, टीमवर्क और आनंद का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और सभी बच्चों की भागीदारी की सराहना की गई।

विद्यालय के डायरेक्टर भावना धौनी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि अभिभावकों और बच्चों के बीच भावनात्मक संबंध भी मजबूत होते हैं। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य तनुजा चुफाल, गीता पांडे, आशा कांडपाल, मीतू, मधु, मीरा राज, गंगा खनी, निशा उपाध्याय, पूजा बिष्ट, स्वीटी अधिकारी, रवि जोशी, नीलम रौतेला आदि मौजूद रहे।

# करियर और कौशल से रूबरू हुए बच्चे

## सिंथिया स्कूल में कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया स्कूल में बुधवार को कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग और कैरियर फेयर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्य डा. प्रविंद्र कुमार रौतेला द्वारा किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डा. प्रविंद्र कुमार रौतेला ने विद्यार्थियों को सही करियर दिशा चुनने के महत्व पर जोर देते हुए कहा इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान को विस्तृत करते हैं और उन्हें बेहतर निर्णय लेने में मदद करते हैं। कार्यक्रम का संचालन कैलाश नेगी ने किया। जबकि कैरियर काउंस.



लिंग सत्र को सुरभी शर्मा ने प्रभावी तरीके से संचालित किया। कैरियर फेयर में कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों ने भाग लिया, जिनमें चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, चितकारा यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, डीबीएस ग्लोबल, पारुल यूनिवर्सिटी, डीआईटी यूनिवर्सिटी, इकोल डिज़ाइन और अलायंस यूनिवर्सिटी जैसी प्रमुख संस्थाएं शामिल थीं। इन विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने छात्रों को उभरते करियर अवसरों, आवश्यक कौशलों और उच्च शिक्षा के विकल्पों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सूचनात्मक स्टॉल, इंटरैक्टिव सत्र और वन-टू-वन मार्गदर्शन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे विद्यार्थियों को अपने सवालों के समाधान में मदद मिली। कार्यक्रम में शिक्षकों, सुरेश चंद्र मिश्रा, ऋचा कर्नाटक, भुवन चंद्र सती, ईश्वरी दत्त जोशी, पुष्कर सिंह राजपूत, सुनीता तिवारी और रुचिता पांडे सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# नैनीताल में सेगवे स्कूटर से गशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल की यातायात व्यवस्था पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिस ने नैनीताल की शान समझी जाने वाली माल रोड पर सेल्फ बैलेंसिंग सेगवे स्कूटर से गश्त शुरू कर कर दिया है। खास बात यह देखी जा रही है कि गश्त करने के दौरान सेगवे स्कूटर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बता दें कि पूर्व डीजीपी अशोक कुमार की ओर से उत्तराखंड पुलिस को स्मार्ट पुलिसिंग व तकनीकी सुविधाओं से लैस करने के लिए बीते दो वर्ष पूर्व दो अमेरिकन सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर सेगवे सौंपे थे। जिसमें एक स्कूटर मल्लीताल कोतवाली व एक तल्लीताल थाने को मिला था।



इसके बाद से नैनीताल में सेगवे स्कूटर से पुलिस ने गश्त करना शुरू कर दिया था। सेगवे स्कूटर से पुलिस के लिए गश्त आसान हो गई थी लेकिन कुछ समय के बाद मल्लीताल में सेगवे स्कूटर का संच. ालन नहीं हो पाया। जिसके चलते मल्लीताल कोतवाली से सेगवे स्कूटर तल्लीताल थाने को दे दिया गया। अब तल्लीताल क्षेत्र में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए दोनों सेगवे से पुलिस गश्त कर रही है। बुधवार को भी तल्लीताल में पुलिस की ओर से सेगवे स्कूटर से गश्त की गई। गश्त के दौरान सेगवे पर सवार पुलिस कर्मी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मामले में एसपी डा. जगदीश चंद्रा ने बताया कि सेगवे स्कूटर से लगातार गश्त की जा रही है इससे पुलिस को गश्त में मदद मिल रही है।

# अवैध बेसमेंट पर गरजी जेसीबी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर छड़ायल नायक क्षेत्र में अवैध बेसमेंट खुदान की शिकायत पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। बुधवार देर शाम उपजिलाधिकारी हल्द्वानी राहुल शाह के नेतृत्व में राजस्व और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी की। कार्यवाही के दौरान टीम ने एक जेसीबी और एक डंपर को मौके से सीज कर लिया। विभाग ने डंपर पर 2 लाख तथा जेसीबी पर 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। प्रशासन ने अवैध बेसमेंट खुदान कराने पर भू-स्वामी पर 1 लाख 40 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। एसडीएम राहुल शाह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन और खुदान के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# सीवर की समस्या पर जन आक्रोश

## पार्षद रोहित कुमार के नेतृत्व में महिलाओं ने किया धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गांधी नगर क्षेत्र में पिछले एक महीने से बंद पड़ी सीवर व्यवस्था को लेकर बुधवार को स्थानीय पार्षद रोहित कुमार के नेतृत्व में क्षेत्रीय महिलाओं और युवाओं ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्षद रोहित कुमार ने बताया कि बीते 19 नवंबर को जल निगम द्वारा नगर आयुक्त और जल संस्थान के माध्यम से सीवर चैंबर की दीवारों को ध्वस्त कर दिया गया था, जिसके कारण गांधी नगर की पूरी सीवर व्यवस्था ठप हो गई। इस समस्या को लेकर शिकायत पत्र भी भेजा गया है, लेकिन जल निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि



एक महीने से सीवर बंद होने के कारण क्षेत्र में गंदगी फैल गई है और इसका बुरा असर बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बदबू से जीना दूभर हो गया है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल निगम ने जल्द समस्या का समाधान नहीं किया, तो वे जल निगम कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे। धरने में महिला नेता निर्मला, पिंकी, चेतना, मनीष पासी, बबलू सोनकर, ऊषा पासी, सुमन पासी, माया, राधा, चंदा, उर्मिला यादव आदि मौजूद रहे।

# सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए वेतन से अतिरिक्त भुगतान की वसूली (रिकवरी) के आदेश को रद्द कर दिया है। यह फैसला न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ ने राम उजागर बनाम उत्तराखंड राज्य और अन्य संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए 26 नवंबर 2025 को सुनाया। न्यायालय के इस फैसले से राज्य के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को राहत मिली है जिनके वेतन से वर्षों पहले हुए कथित अधिक भुगतान की वसूली की जा रही थी। बता दें मामले का मूल विवाद कर्मचारियों के वेतन निर्धारण और उन्हें मिले वित्तीय लाभों से संबंधित था। लेखा परीक्षा दल की आपत्ति के बाद सक्षम प्राधिकारी ने यह मानते हुए कर्मचारियों से अधिक भुगतान की वसूली का आदेश दिया था कि उन्हें वेतन निर्धारण में हुई त्रुटि के कारण अतिरिक्त वेतन/इंक्रीमेंट का लाभ मिला है। यह वसूली आदेश मुख्य रुप से 27 मई 2019 के एक सरक. ारी शासनादेश पर आधारित था। याचिकाकर्ता राम उजागर और अन्य कर्मचारियों ने इन वसूली

### हाई कोर्ट ने रिकवरी आदेश पर लगाई रोक

आदेशों को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। कर्मचारियों के अधिवक्ताओं ने दलील दी कि उन्हें ये भुगतान सक्षम अधिकारियों द्वारा नियमानुसार दिए गए थे और लंबे समय बाद एकतरफा वसूली का आदेश देना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। उन्होंने तर्क दिया कि यह वसूली कर्मचारियों के लिए अत्यधिक कठोर और मनमानी है। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि एक समन्वय पीठ पहले ही एक समान मामल पर फैसला सुना चुकी है। उस फैसले में लेखा परीक्षा रिपोर्ट और 27 मई 2019 के सरकारी आदेश दोनों को रद्द कर दिया गया था। न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने अपने फैसले में न्यायिक औचित्य का हवाला देते हुए कहा कि जब एक समान मुद्दे पर पूर्व में निर्णय हो चुका है तो इस याचिका को भी उसी निर्णय के अनुसार निपटाया जाना चाहिए। सरकारी अधिवक्ता ने वसूली के आदेश को सही ठहराते हुए दलील दी कि सक्षम प्राधिकारी को लेखा परीक्षा टीम की आपत्ति के बाद अधिक भुगतान की वसूली का आदेश देने का अधिकार है। उन्होंने तर्क दिया कि कर्मचारी संशोधित वेतनमान का विकल्प चुनते समय एक अंडरटेकिंग (वचनबंध) दे चुके थे और इसलिए वे वसूली से बंधे हुए हैं। इस संदर्भ में उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का भी हवाला दिया गया था। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बादए उच्च न्यायालय ने कर्मचारियों की याचिकाओं को स्वीकार कर लिया और वसूली के आदेश को रद्द कर दिया, हालांकि न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि इस आदेश से सक्षम प्राधिकारी को कर्मचारियों के वेतन को लागू नियमों/नीति के अनुसार उपयुक्त स्तर पर पुनः निर्धारित करने से नहीं रोका जाएगा। इसका अर्थ है कि भविष्य के वेतन निर्धारण पर पुनर्विचार किया जा सकता हैए लेकिन पिछली वसूली के आदेश को तत्काल निरस्त कर दिया गया है।

# 6 दिसंबर को बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस की तैयारियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 6 दिसंबर को बाबा साहेब डा. बीआर अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस को लेकर 2 दिसंबर की रात दमुवाढूंगा में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक चनियाल ने की, जबकि संचालन दीप दर्शन ने किया। इस दौरान, कामरेड राजा बहुगुणा और अधिवक्ता हरीश आर्य के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में 6 दिसंबर के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम के तहत, प्रातः 9 से 10 बजे तक मंगल पड़ाव स्थित डा. अंबेडकर




पार्क में बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद, 11 बजे से 3 बजे तक उनके परिनिर्वाण पर शोक व्यक्त करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया जाएगा। साथ ही, संविधान की रक्षा के लिए रणनीति बनाई जाएगी और बुलडोजर राज व हिंदू राष्ट्र बनाने की कोशिशों का विरोध किया जाएगा। सभा में दीपक चनियाल, दीप दर्शन, नफीस अहमद खान, हरीश सिनोली, सुंदरलाल बौद्ध, एडवोकेट संजय बगड़वाल, विनोद उर्फ पिंन्नू, महेश चंद्र आर्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अधिकारी निर्धारित समय में परियोजनाएं पूरी करें: मेलाधिकारी

## J)kyvk d vkxeu d nkjku HkhM çc/ku lqn< gkxk

■ स्वागत द्वार संकेत लगाने की कार्रवाई प्रगति पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री के स्नान तिथीयों की घोषणा करने के साथ ही कुंभ मेला प्रशासन ने मेले की तैयारियां तेज कर दी हैं। मेलाधिकारी सोनिका ने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, पेयजल निगम, जल संस्थान तथा अन्य विभागों की बैठक में मेले के दौरान होने वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्धारित समय में परियोजनाएं पूरी करने के निर्देश दिए। मेलाधिकारी सोनिका ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा बहादराबाद सिडकुल 4 लेन मार्ग को भेल बैरियर संख्या 6 से शिवालिक नगर चौक तक चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। दिल्ली-हरिद्वार-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 334 पर पंतद्वीप से फेरूपुर तक डबल लेन और सुधार कार्य शीघ्र शुरू होगा। ज्वालापुर से ईदगाह होते हुए शिवालिक नगर तक मार्ग पर पथरी रोह नदी पर 60 मीटर स्पान का प्रीस्ट्रेस्ड आर्च पुल भी निर्माणाधीन है। सिंचाई विभाग द्वारा पथरी रौ नदी के डाउन स्ट्रीम में पुरानी गंगनहर पर 90 मीटर स्पान के पुल का निर्माण दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। सिंघद्वार से काशीपुर तक, ऋषिकुल से साक्षी सतनाम घाट तथा अमरापुर घाट से तुलसी घाट तक कई घाटों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। एस्केप चौनल पर नए घाट विकसित किए जा रहे हैं जिससे श्रद्धालुओं के आगमन के दौरान भीड़ प्रबंधन सुदृढ़ होगा। कुंभ मेला क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुधारने के उद्देश्य से पेयजल निगम ने बैरागी कैंप में 1500 किलोलीटर ऊंचे जलाशय, दो नलकूप और पंप हाउस निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। लालजीवाला, दक्षिणी हरिद्वार तथा गोसाईं मोहल्ला क्षेत्र में पेयजल पाइपलाइन और हाउसिंग कार्य चल रहे हैं। उत्तराखंड जल संस्थान ने प्राथमिक विद्यालय पावनधाम और श्यामलोक क्षेत्र में नलकूप एवं संबंधित कार्य शुरू कर दिए हैं। इन परियोजनाओं को छह माह में पूरा करने का लक्ष्य है। कुंभ मेला प्रशासनिक नियंत्रण भवन, सी.सी.आर-2 भवन, रेलवे फीडर मार्ग सुधार तथा रोशनाबाद पुलिस लाइन में महिला बैरक निर्माण से संबंधित प्रस्ताव शासन को भेजे जा चुके हैं। कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के लिए सी.सी.आर क्षेत्र में वी.आई.पी घाट, सुखी नदी क्षेत्र में ब्रिज निर्माण और मल्टी लेवल पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित किए गए हैं। देवपुरा, मायापुर और अपर रोड क्षेत्र में उपयुक्त स्थानों पर पार्किंग व वेलकम गेट साइन लगाने की कार्यवाही भी प्रगति पर है। मेला अधिकारी सोनिका ने स्पष्ट किया कि कुंभ से पूर्व सभी प्रमुख सड़कों, पुलों और घाटों का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। अधिकारियों को नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# विद्युत शटडाउन लंबे समय तक, अधिकारियों के जवाब पर उठे सवाल

**रोहन कुमार शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर बिजली घर डिवीजन में बुधवार को रूटीन टेस्टिंग के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शटडाउन घोषित किया गया था लेकिन सप्लाई तय समय पर बहाल नहीं हुई। विद्युत सेवा शाम करीब 4:15 बजे शुरू हुई जिससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला जब इस देरी पर अधिशासी अभियंता (E.E) ज्वालापुर रवि कुमार से सवाल किया गया तो उन्होंने चौंकाने वाला बयान दिया।

**रवि कुमार का कथन**

मुझे किसी ने बताया ही नहीं थोड़ा आगे-पीछे समय हुआ होगा मैं देखता हूँ और मैं अपने कर्मचारियों को बोलूँगा कि जो समय अखबार में दिया जाता है उसी में काम खत्म करने की कोशिश करें। आज वालों का मैं देखता हूँ, कोशिश करूँगा।

सबसे बड़ा सवाल ये उठता है कि अगर अधिशासी अभियंता को ही यह पता नहीं कि बिजली घर में कब शटडाउन लिया जा रहा है तो पूरे सिस्टम को कौन देख रहा है?

रवि कुमार ने यह भी कहा कि ज्वालापुर में बिजली चोरी पर लगातार कार्रवाई चल रही है और बीच-बीच में चेकिंग अभियान भी होता है। उन्होंने यह भी कहा की बयान देने का अधिकार भी नहीं है।

पत्रकार ने जब अधीक्षण अभियंता (S.E) हरिद्वार प्रदीप कुमार से की बात प्रदीप कुमार ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा की

अधिशासी अभियंता यू.पी.सी.एल में बिजली देना, बिल वसूली और शटडाउन की अनुमति देने के अधिकारी होते हैं।

अगर डिवीजन में शटडाउन लग रहा है और E.E को ही जानकारी नहीं है तो यह पूरी जिम्मेदारी अधिशासी अभियंता की मानी जाएगी।

अखबार में जो समय जारी होता है उसी समय सीमा में कार्य पूरा करना उनकी जिम्मेदारी है। अगर 10 बजे से 2 बजे तक शटडाउन है और बिजली 4 या 5 बजे आती है तो ऐसे अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

शिवालिक नगर पालिका में बार-बार हो रही बिजली समस्या की जानकारी भी अधीक्षण अभियंता हरिद्वार को दी गई।

क्या E.E को मीडिया से वीडियो बाइट देने का अधिकार है?

इस पर S.E प्रदीप कुमार का जवाब वीडियो बाइट देना E.E के लिए अनुमति नहीं है। ऑडियो-वीडियो विजुअल्स पर रोक है। उसके लिए यूपीसीएल के आधिकारिक प्रवक्ता हैं। लेकिन वीडियो बाइट छोड़कर बाकी सभी जानकारी E.E दे सकते हैं। यह पूरा मामला यू.पी.सी.एल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। जब शटडाउन की जानकारी खुद जिम्मेदार अधिकारी को नहीं है तो उपभोक्ता आखिर शिकायत किससे करें।

# शराब स्टोर के टीनशेड में सो रहे एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत

**सैफ सलमानी शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र में बुधवार तड़के देशी शराब के ठेके के पीछे बने टीन शेडनुमा स्टोर में भीषण आग लगने से एक अज्ञात व्यक्ति की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। स्टोर में रखी शराब की खाली पेटियों के गत्ते अत्यधिक ज्वलनशील होने के कारण आग तेजी से फैली और कुछ ही मिनटों में विकराल हो गई।घटना बुधवार सुबह करीब 3:13 बजे की है जब कंट्रोल रूम को सूचना मिली। थाना सिडकुल पुलिस और दमकल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गत्तों को हटाए जाने पर उनके बीच से पूरी तरह झुलसा हुआ शव बरामद हुआ। सिडकुल थानाध्यक्ष प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि स्टोर के किनारे कुछ लोगों ने ठंड से बचने के लिए गत्ते जलाए थे जिसकी चिंगारी से यह हादसा हुआ। मौके पर सो रहे अशोक और एक अन्य युवक ने आग लगने की शुरुआत होते ही बाहर निकलकर बुझाने का प्रयास कियालेकिन उन्हें स्टोर के पीछे सो रहे व्यक्ति की जानकारी नहीं थी। ए.एस.पी निशा यादव ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस का अनुमान है कि मृतक घुम्मकड़ हो सकता है। पुलिस सी.सी.टी.वी फुटेज खंगाल रही है और मृतक की शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# मजबूत इच्छाशक्ति से जटिल लक्ष्य भी हासिल हो सकते हैं : आदेश चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम विकास भवन के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आदेश चौहान ने सभी दिव्यंजनो को विश्व दिव्यांगजन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज के दिन विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसाय करने एवं शासकीय कार्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनो को उनके विशिष्ट कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जा रहा है जो ओर लोगों के लिए भी प्रेरणा दायक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूरगामी सोच से ही दिव्यांगजन का नाम रखा गया जो दिव्यांगजनो का सम्मान दिया गया तथा सभी के समानता से देखा जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन कोई अभिशाप नहीं है यदि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति है तो कठिन से कठिन लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है जिस तरह से आप सभी दिव्यांग भाई बहनों ने कठिन चुनौतियों के सामना करने के बाद अपना लक्ष्य को हासिल किया है उन्होंने गुजरात निवासी कमलेश पटेल का उदाहरण देते हुए कहा कि वह पोलियो से ग्रस्त होने के बावजूद उन्होंने डांस इंडिया डांस कार्यक्रम में भी प्रतिभाग की उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है तथा ओर लोगों को भी उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जनपद के 75 दिव्यागजनों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं 8 हजार की धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया, जिसमें राजकुमार(ग्राम नारसन खुर्द), बंशीलाल(नारसन कला), अकलीम (जसोधरपुर), नूरसरत बानो (जसोधरपुर), समीम, अजय कुमार, अफसाना, जमशेद, खुर्शीद, रुकसार, कल्लू, प्रलब विश्वास, सादाब अली, रोसा देवी, प्रदीप कुमार, दिग्विजय सिंह, सत्येंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, पिंकी देवी, विपिन कुमार, सरिता, संजय कुमार आदि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष नेगी ने किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अविनाश भदौरिया ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया तथा कार्यक्रम में पहुंचे सभी दिव्यागजनों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह, प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी अभिजीत सिंह, अपर जिला समाज कल्याण अधिकारी सुबोध शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यागजन मौजूद रहे।



# मनव्वर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बने : समर्थक


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा से पूर्व समर्थकों द्वारा अपने नेताओं के नाम की घोषणा करने की मांग तेज हो रही है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष की दावेदारी कर रहे पूर्व मंडल अध्यक्ष मनव्वर कुरैशी के समर्थकों ने भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मनव्वर कुरैशी पुनः मंडल अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की है। मनव्वर के समर्थक समीर अब्बासी, आजम कुरैशी, परवेज अंसारी, मास्टर नसीम, सुभाषचंद्र, आदर्श कुमार, शाहनवाज कुरैशी, सलमान अहमद, आकाश कुमार, गौरव, नौशाद खान ने कहा कि मनव्वर लंबे अरसे से पार्टी के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। जनता के हित में सदैव ही तत्पर रहने वाले, सभी वर्गों के सहयोग और जन समस्याओं के समाधान मे प्रमुख भूमिका निभाने वाले मनव्वर कुरैशी पूर्व में भी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पद पर काम कर चुके हैं और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने वाले अनुभवी नेता हैं। शीर्ष नेतृत्व को मनव्वर कुरैशी को पुनः मंडल अध्यक्ष पद की कमान सौंपनी चाहिए।

# केंद्र सरकार हरित ऊर्जा की अपार क्षमता को तेजी से बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : त्रिवेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा लोकसभा में पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने उत्तराखंड में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयासों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि राज्य में तीन महत्वपूर्ण हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजनाएँ निर्माणाधीन हैं जिसमें विष्णुगढ़ पीपलकोटी 444 मेगावाट, तपोवन विष्णुगढ-520 मेगावाट और लखवार बहुउद्देश्यीय परियोजनाख्र 300 मेगावाट पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 7,196 सोलर रूफटॉप सिस्टम अब तक हरिद्वार जिले में स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दिनांक 31.10.2025 तक उत्तराखंड को 3,685 सोलर पंप आवंटित जिनमें से 1,636 सोलर पंप स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार ने लगभग 250 मेगावाट के लक्ष्य के साथ एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है जिसके अंतर्गत 20KW, 25KW, 50KW, 100KW और 200KW क्षमताओं वाले सोलर प्लांट व्यक्तियों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सांसद ने बताया कि केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्तर के बड़े निर्णय जिनका लाभ उत्तराखंड को भी मिलेगा जिसमें सौरख्रपवन परियोजनाओं के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली मानक, 2030 तक के लिए अक्षय उपभोग बाध्यता RCO, सौर-पवन परियोजनाओं पर 2032 तक ISTS चार्ज माफी, सौर उत्पादों पर गुणवत्ता नियंत्रण आदेश, ग्रीन एनर्जी ओपन एक्सेस नियम, ग्रीन टर्म अहेड मार्केट और राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शामिल हैं रावत ने कहा कि उत्तराखंड की जल, सौर और पर्वतीय परिस्थितियाँ प्रदेश को नवीकरणीय ऊर्जा का नेचुरल कैपिटल बनाती हैं। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि राज्य तेजी से ग्रीन एनर्जी हब की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सांसद रावत ने कहा कि उत्तराखंड को सौर और जलविद्युत उत्पादन का अग्रणी राज्य बनाने के लिए केंद्र सरकार का संकल्प स्पष्ट है। हरिद्वारमें 7,196 सोलर रूफटॉप सिस्टम, कुसुम योजना के अंतर्गत हजारों किसान लाभान्वित, और राज्यभर में नई ग्रीन एनर्जी परियोजनाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि आने वाले वर्षों में उत्तराखंड 'स्वच्छ ऊर्जा के पावरहाउस' के रूप में उभरेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के लिए दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा का मजबूत रोडमैप तैयार किया है।



# महाविद्यालय के पूर्व छात्र को प्राचार्य ने सम्मानित किया

## अधिकारी पद पर चयनित हुए दलीराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सहायक सांख्यिकी अधिकारी पद पर चयनित हुए एस.एम.जे.एन कॉलेज के पूर्व छात्र दलीराम को कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुनील कुमार बत्रा व अन्य शिक्षकों ने सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो.सुनील कुमार बत्रा ने दलीराम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई विद्यार्थी किसी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता हैं तो वह महाविद्यालय के लिए गौरव का पल होता हैं। प्रोफेसर बत्रा ने बताया कि दलीराम वर्तमान में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र विषय में पी.एच.डी कर रहे हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा.संजय माहेश्वरी ने भी कालेज के पूर्व छात्र दलीराम की सफलता पर उन्हें शुभकामनायें दी। सहायक सांख्यिकी अधिकारी पद पर चयनित हुए कालेज के पूर्व छात्र दलीराम ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के प्राध्यापकों को देते हुए कहा कि उचित मार्गदर्शन और परिश्रम से किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्रोफेसर विनय थपलियाल, डा. शिवकुमार चौहान, डा.मनोज सोही, दिव्यांश शर्मा आदि ने भी सहायक सांख्यिकी अधिकारी दलीराम को शुभकामनाएं दी।



# राष्ट्रीय राजमार्ग से धूल व कंकड़ साफ हुए

## सफाई कर्मियों ने दस टन कूड़ा-कचरा हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अधिशासी अभियंता एन.एच.ए.आई अतुल शर्मा ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 334 क्षेत्रांतर्गत एवं शंकराचार्य चौक फ्लाईओवर के आसपास साफ सफाई का कार्य किया गया। खंड विकास अधिकारी लक्सर परवीन भट्ट ने अवगत कराया है कि ब्लॉक लक्सर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई की गई। खंड विकास अधिकारी नारसन सुभाष सैनी ने अवगत कराया कि 3 दिसम्बर को ग्राम पंचायत लिब्बरहेड़ी गाँव, अर्चनपुर, नूरपुर एवं भूरपुर क्षेत्रांतर्गत पर साफ सफाई का कार्य कराया गया। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत झबरेड़ा हरीश रावत ने अवगत कराया ही कि नगर पंचायत झबरेड़ा किसान चौक एवं अमर किसान चौक क्षेत्रांतर्गत एवं मुख्य मार्ग पर साफ सफाई के साथ साथ नालियों की भी सफाई की गई। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत संजय खंडूरी ने अवगत कराया कि उनके द्वारा बहादराबाद पृथ्वीराज चौक के आसपास क्षेत्र की साफ सफाई कराई गई तथा सफाई के दौरान क्षेत्र में पड़ा कूड़ा कचरा एवं गोबर मिट्टी लगभग 10 टन को हटाया गया। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि विकास खंडों में चल रहे सफाई अभियान के दौरान एकत्र प्लास्टिक कचरे को सभी विकास खण्डों के कॉम्पेक्टर सेट पर पहुंचाया जा रहा है, जिससे सभी प्लास्टिक पन्नियों को सेग्रीगेट करते हुए कॉम्पेक्टर से बेल(बंडल) तैयार किए जा रहे है उन्होंने कहा कि अबतक लगभग 15 कुंतल प्लास्टिक पन्नियों के बेल(बंडल) तैयार किए जा चुके है। जिला आबकारी अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद ने सभी देसी विदेशी मदिरा के दुकानों के आसपास भी साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित का जो उद्देश्य एवं ध्येय है कि धर्मनगरी जनपद हरिद्वार को स्वच्छ एवं क्लीन बनाने का है उसका असर धरातल पर दिखने लगा है तथा शहर से लेकर ग्रामीणों क्षेत्रों तक साफ सफाई अभियान का कार्य निरंतर किया जा रहा है जिसकी निगरानी संबंधित क्षेत्र के अधिकारी स्वयं धरातल पर पहुंचकर कर रहे है जिसकी जिलाधिकारी स्वयं निरन्तर मॉनिटरिंग कर रहे है।



# दत्तात्रेय जयंती पर विशेष पूजन अभिषेक एवं आरती का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भगवान दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर कुशावर्त घाट स्थित श्रीदत्तात्रेय शिव मंदिर में गुरुवार को विशेष पूजन, रुद्राभिषेक और आरती कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी धर्मानंद कोठारी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे भगवान श्रीदत्तात्रेय पूजन के साथ होगा। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक रुद्राभिषेक एवं श्री गंगा पूजन का क्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में अपराह्न 3 बजे से भव्य आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। पुजारी धर्मानंद कोठारी ने बताया कि कुशावर्त घाट स्थित प्राचीन श्रीदत्तात्रेय शिव मंदिर मंदिर हरिद्वार की आस्था एवं आध्यात्मिकता का महत्वपूर्ण केंद्र है। आयोजक सदस्य दीपक कोठारी व सचिन कोठारी ने कहा कि दत्तात्रेय जयंती पर होने वाले अनुष्ठानों का उद्देश्य समाज में दिव्यता, सद्भाव एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। दीपक कोठारी व सचिन कोठारी ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होने की अपील भी की। इस अवसर पर अजय पाराशर, कपिल पाराशर, कैलाश पाठक, भूपेश पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

# मेले के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सहकारिता मेला के दूसरे दिन आज मुख्य अतिथियों में श्यामवीर सिंह सैनी उपाध्यक्ष गन्ना विकास परिषद राज्य मंत्री, शोभाराम प्रजापति उपाध्यक्ष माटीकला बोर्ड राज्य मंत्री तथा अजीत चौधरी उपाध्यक्ष राज्य किसान आयोग राज्य मंत्री तथा आशु चौधरी उपाध्यक्ष भाजपा हरिद्वार द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला सहायक निबंधक हरिद्वार तथा सचिव/महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक द्वारा समस्त उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत पीएमश्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज ज्वालापुर, शांति मेमोरियल पब्लिक स्कूल तथा पन्नालाल भला म्युनिसिपल इंटर कॉलेज हरिद्वार के छात्र छात्राओं द्वारासंगीत तथा नृत्य की श्रेणी में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही मेले में चित्रकला, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया उक्त प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को उपस्थित अतिथि गणों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेले में शासकीय विभागों, स्वयं सहायता समूह तथा संस्थाओं द्वारा लगाए गए जनउपयोगी स्टाल, फूड स्टाल तथा झूले सहकारिता मेले के अन्य आकर्षण का केंद्र रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन जिला सहायक निबंधक हरिद्वार मोनिका चुनेरा तथा सचिव/महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक लिमिटेड हरिद्वार सौ सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# समितियां किसानों और सरकार के बीच समन्वय बनाकर बेहतर काम करेंगी

**दिलशाद शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** पथरी, बादशाहपुर सहकारी समिति की चेयरमैन ज्योति चौहान निवासी हर्षीवाला और नसीरपुर खुर्द निवासी वाइस चेयरमैन सविता के साथ सभी डायरेक्टरों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि समिति किसानों और सरकार के बीच समन्वय बनाकर काम करती है और किसानों के हित में हमेशा काम करती है। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से किसानों के हित में काम करने को कहा। बुधवार को बादशाहपुर सहकारी समिति में शपथ ग्रहण हुआ। समिति के सचिव विपिन कुमार चौहान ने शपथ ग्रहण कराई। इसके बाद प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि किसानों ने मुख्यमंत्री की किसान नीतियों एवं उपलब्धियों से खुश होकर भाजपा के जनप्रतिनिधि चुने हैं। सभी ने अपेक्षा जताई कि वे किसान हितों के लिए कार्य करें और केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। धामी ने गन्ना किसानों के हित में 405 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य घोषित करके उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया है। साथ ही गन्ने का भुगतान भी समय पर हो रहा है। नवनिर्वाचित चेयरमैन ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री के विजन के लिए कार्य करेंगी और किसानों के हित में निरंतर कार्य कराएंगी। ठाकुर विजय चौहान, आदेश चौहान, सुभाष चौहान ने मुख्यमंत्री के साथ स्वामी यतीश्वरानंद का आभार जताया। इस मौके पर डायरेक्टर बिलकेश चौहान, समीना, अमरदीप, इंद्रेश, संदीप, ऋषिपाल सैनी, भजन सिंह, राहुल ने भी शपथ ग्रहण की। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील पंवार, वरिष्ठ नेता राजेश रस्तौगी आदि क्षेत्रवासी शामिल हुए।

# सड़कों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने ग्राम कमलानगर, ग्राम भोगपुर में सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया साथ ही भोगपुर में सर्व समाज एकता मिशन संस्था उत्तराखंड एवं निर्मल निर्धन विधिक सहायता समिति उत्तराखंड के द्वारा आयोजित यज्ञ में शामिल होकर हवन में आहूति दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं मुहिया कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही और सफल भी हो रही है।

# कालनेमि अभियान के तहत दो बहरुपिया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ऑपरेशन कालनेमी अभियान तथा एसएसपी के आदेशों के अनुपालन में श्यामपुर पुलिस द्वारा नमामि गंगे घाट, चण्डीघाट में चेकिंग अभियान संचालित किया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को ऐसे दो बहरुपिया दशरथ पुत्र मेरी दास व समीरुद्धीन उर्फ हड्डी बाबा पुत्र जमालुद्दीन दोनों बाबा/साधु का भेष धारण कर सार्वजनिक स्थान पर आने-जाने वाले स्थानीय लोगों व पर्यटकों को रोककर तांत्रिक क्रियाएँ, जादू-टोना एवं अन्य छल-कपट के तरीके दिखाकर उन्हें अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। इनकी गतिविधियों से वहाँ पर अनावश्यक भीड़-भाड़ उत्पन्न हो गई थी तथा स्थानीय लोगों और पर्यटकों के भड़कने या उग्र होने की आशंका बनी हुई थी। स्थिति को ध्यान में रखते हुए थाना श्यामपुर पुलिस टीम ने मौके पर ही दोनों बहरुपिया को धारा 172(2) बी.एन.एस.एस के तहत हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की।



# निगम व पुलिस ने जटवाड़ा पुल चौक से अतिक्रमण हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में नगर निगम एवं पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान सहायक नगर आयुक्त नगर निगम हरिद्वार ऋषभ उनियाल ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में नगर क्षेत्रांतर्गत पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए उनके नेतृत्व में नगर निगम हरिद्वार की टीम एवं ज्वालापुर पुलिस के सयुक्त तत्वाधान में आज अतिक्रमण अभियान चलाया गए जिसमें ज्वालापुर जटवाड़ा पुल चौक क्षेत्रांतर्गत एवं मेन बाजार क्षेत्र से हटाया गया अतिक्रमण। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण अभियान के दौरान सड़क के दोनों ओर एवं फुटपाथ पर किए गए अनधिकृत अतिक्रमणों के साथ-साथ अवैध तरीके से रखे गए खोखे भी हटाए गए जिससे क्षेत्र को सुचारू यातायात एवं जनसुविधा हेतु अवरोध-मुक्त किया गया।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
शाह टाइम्स हरिद्वार
डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

# रोडवेज बस अड्डे की बिल्डिंग जर्जर हुई , यात्रियों को भारी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. एनडी तिवारी द्वारा लगभग साढ़े चार दशक पूर्व काशीपुर में शुरू किया गया रोडवेज बस अड्डा आज अपनी जर्जर हालत और उपेक्षा की वजह से यात्रियों के लिए परेशानी का केंद्र बन चुका है। कभी जहां से बड़े-बड़े शहरों के लिए नियमित बस सेवाएं उपलब्ध रहती थीं, वही परिसर आज वीरान व बदहाल दिखाई देता है। विशाल प्रांगण के साथ नगर में केंद्रीय स्थान पर होने के बावजूद बस अड्डे की स्थिति चिंताजनक है।

पूरे परिसर में टूटी-फूटी दीवारें, कूड़े के ढेर, गंदा पानी और रखरखाव की भारी कमी स्पष्ट दिखाई देती है। साफ-सफाई की कोई उचित व्यवस्था नहीं दिखती। रात में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होना आम बात है। पीने के



पानी का नल भी जर्जर अवस्था में पड़ा मिला। कैंटीन की खिड़कियों की टूटी जालियाँ और आसपास बिखरे शराब के पाउच प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करते हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि बसों का वर्षों पुराना टाइम टेबल लगा है जो कि समय के साथ गलत साबित हो रहा है। यात्रियों को यह पता तक नहीं होता कि कौन सी बस कब चलेगी। रोडवेज स्टेशन के टाइमकीपर के अनुसार यहां से प्रतिदिन लगभग 45 बसें (27 निगम और 18 अनुबंधित) संचालित की जाती हैं, जिनमें दिल्ली, लखनऊ, जयपुर, आगरा, हरिद्वार, देहरादून, हल्द्वानी, पीलीभीत, बरेली सहित कई रूट शामिल हैं। हालांकि उन्होंने खुद स्वीकार किया कि कई लंबी दूरी की बसें बस अड्डे में प्रवेश तक नहीं करतीं और टांडे मोड़ से ही सीधे निकल जाती हैं, जिससे यात्री बस अड्डे पर पहुंचकर भी बस पकड़ नहीं पाते। अधिकतर बसें भी अपना टाइम पूरा कर चुकी हैं और जर्जर हालत में सड़कों पर चल रही हैं और बार-बार खराब होती हैं। कुल मिलाकर, काशीपुर का यह ऐतिहासिक रोडवेज स्टेशन अपनी उपेक्षा, जर्जर ढांचे, अव्यवस्थित संचालन और प्रशासनिक गैर-जिम्मेदारी का शिकार होकर बदहाली की मिसाल बन गया है।

# समर स्टडी के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** रुद्रपुर के आरएएन पब्लिक स्कूल में वैज्ञानिक डीआरडीओ के डॉ. रंजीत सिंह व अन्य शिक्षाविदों की उपस्थिति में



आयोजित अंतर-विद्यालय तकनीकि उत्सव जीओडीएआरटी 3.0 काशीपुर के समर स्टडी हॉल विद्यालय से हैकाथॉन: कोडिंग और साइबर सुरक्षा कौशल परीक्षा में धीरज सिंह व अनुष्का रावत तथा स्टार्टअप स्पार्क: नवीन व्यावसायिक विचारों की प्रस्तुति में टीम 1 से सोनालिका अरोड़ा, ज्योति जोशी तथा टीम 2 से नैतिक चतुर्वेदी और समीर मलिक व टीम 3 से भूमिका रावत, कौशल कार्तिकेय तथा ड्रिफ्ट ड्रॉइड्स: गति और रणनीति पर आधारित रोबोटिक रेस में टीम 1 से इव्यांन रघुवंशी, अर्चित शर्मा, अभिजीत सिंह, शुभ गुप्ता तथा टीम 2 से मानवी, ओजल सैनी, साधना प्रजापति ने प्रतिभा किया। जबकि इनोवेशन स्पेक्ट्रम: विज्ञान और भविष्य के नवाचारों की प्रदर्शनी मंच में कनक निगम तथा वाजिहा ने प्रतिभा किया। इनमें से स्टार्टअप स्पार्क श्रेणी में समर स्टडी हॉल की छात्राओं ज्योति जोशी व सोनालिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए साउथ एशियन कोडार्ट 3.0 इंटरस्कूल एसटीईएम प्रतियोगिता 2025-26 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह, प्रधानाचार्य अनुज भाटिया, स्टाफ, परिवार एवं सभी उपस्थित अतिथियों ने बधाई दी।

## एक नजर....

### अतिक्रमणकारियों को पालिका की चेतावनी

**बागेश्वर।** नगर क्षेत्र में अतिक्रमण को पालिका ने एक बार फिर सख्त रुख अपना लिया है। अधिशासी अधिकारी विनोद सिंह जीना के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने बाजार और व्यावसायिक क्षेत्रों का भ्रमण किया। दुकानों के बाहर तय सीमा से अधिक सामान रखने वाले व्यापारियों को चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान ईओ जीना ने बताया कि फिलहाल व्यापारियों को केवल चेतावनी दी गई है, तांकि वे स्वयं अपनी दुकानों के बाहर फैले अतिक्रमण को हटा लें। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन किया गया तो नगर पालिका की ओर से जुर्माना व अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के कारण आम जनता को आवाजाही में परेशानी होती है। अभियान का उद्देश्य नगर को सुव्यवस्थित रखना और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना है। इस दौरान रजत कुमार, दीपक सिंह कार्की आदि मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं का पॉलिटेक्निक में फील्ड विजिट

**बागेश्वर।** राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर के ऑटोमोटिव ट्रेड के छात्र-छात्राओं को पॉलिटेक्निक गरुड़ में फील्ड विजिट कराया गया। इस अवसर पर कक्षा 9,10,11और 12 में ऑटोमोटिव ट्रेड में अध्ययनरत व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं को ऑटोमोटिव ट्रेड से संबंधित विविध जानकारियां दी गई। पॉलिटेक्निक गरुड़ के विषय विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को ऑटोमोटिव ट्रेड के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें वाहन रखरखाव, मरम्मत, और सर्विसिंग शामिल हैं। छात्र-छात्राओं को ऑटोमोटिव ट्रेड में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों और मशीनों के बारे में भी जानकारी दी गई। भ्रमण दल में व्यावसायिक प्रशिक्षक तुलसीराम, शिक्षिका चंपा बोरा, सोमिया परिहार, आलम रामपाल, और पॉलिटेक्निक गरुड़ का का समस्त स्टाफ उपस्थित था। भ्रमण दल को प्रधानाचार्य दीपचंद जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### सेंट एडम्स स्कूल में मूल्यांक परीक्षा

**बागेश्वर।** सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल अयारतोली गरुड़ में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा कक्षा 6 और 9 के विद्यार्थियों का सफल मूल्यांक परीक्षा का आयोजन किया गया। सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल बागेश्वर गरुड़ का एक मात्र निजी विद्यालय है, जिसे ऑनलाइन परीक्षा के लिए सीबीएससी द्वारा चुना गया है। परीक्षा पूरे 12 दिनों तक चली, जिसमें 145 बच्चों ने प्रतिभाग लिया। बोर्ड द्वारा शुरू की गई योग्यता आधारित ऑनलाइन परीक्षा का उद्देश्य रटने के बजाय छात्रों की तार्किक सोच और बुनियादी समझ का आंकलन करना है। विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य रजिया सिद्दीकी ने बताया कि परीक्षा का प्रश्नपत्र विद्यालय के कंप्यूटर सर्वर पर परीक्षा तिथि के दिन अपलोड किया जाता है। विद्यालय में स्थापित कंप्यूटर प्रयोगशाला में बच्चों द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया जाता है।

### पालिकाध्यक्ष ने मेला स्थल का जायजा लिया

**बागेश्वर।** जिले में उत्तरायणी मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। मेले की तैयारियां को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने मेला स्थल का जायजा लिया। सरयू बगड़ में बाहरी व्यापारियों द्वारा लगाए जाने वाली दुकानों के लिए जगह चयनित की गई। अध्यक्ष खेतवाल ने कहा कि इस बार मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए नगर पालिका परिषद प्रशासन के साथ मिलकर तैयारियों में जुट गया है। मेला स्थल का निरीक्षण करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही सरयू नदी में बनने वाले अस्थाई पुलों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। साथ घाटों के रंग रोगन, बाबा बागनाथ मंदिर की सजावट, आदि का कार्य भी तेजी से पूरा करवाया जाएगा। इस मौके पर ईओ विनोद जीना, सभासद प्रेम सिंह मौजूद थे।

### क्रिकेटर शांतनु का उत्तराखंड की टीम में चयन

**अल्मोड़ा।** जिले के होनहार किक्रेट खिलाड़ी शांतनु राणा का चयन प्रतिष्ठित अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्राफी के लिए उत्तराखंड की 15 सदस्यीय टीम में कर लिया गया है। उनके उत्तराखंड की टीम में लगातार दूसरी बार चयन पर खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। कोच राजेंद्र राणा ने बताया कि नगर के जाखनदेवी निवासी युवा क्रिकेटर शांतनु ने पिछले वर्ष भी उत्तराखंड की टीम का शानदार प्रतिनिधित्व किया था, और इस बार चयनकर्ताओं ने उन पर फिर से भरोसा जताया है। शांतनु ने अपनी अपनी सफलता का श्रेय कोच राजेंद्र राणा को दिया है। उनकी इस उपलब्धि विधायक मनोज तिवारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या, अरूण बग्याल, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के सेक्रेटरी हर्ष गोयल, गजेंद्र सिंह राणा, गोपाल सिंह जीना, चंदन लटवाल, बिट्टू कर्नाटक, मनोज सिंह पवार, ललित कनवाल आदि खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।

### राइंका स्यालीधार में आयोजित हुआ बाल मेला

**अल्मोड़ा।** राजकीय इंटर कालेज स्यालीधार में बुधवार को जिला स्तरीय बाल मेला आयोजित हुआ। बाल मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं से अपनी प्रतिभा दिखाई। बाल मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने किया। इस दौरान उन्होंने विधायक निधी से स्कूल में ई लाइब्रेरी विकसित करने के लिए 25 हाफ चेयर, टेबल, अलमारी व प्रिंटर अगले वित्तीय सत्र में देने की घोषणा की।

# दिव्यांग बाल गृह में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर चामुंडा विहार स्थित अनमोल फाउंडेशन दिव्यांग बाल गृह में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, योगेंद्र कुमार सागर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर, सौरभ जिला प्रचारक काशीपुर आरएसएस अनमोल फाउंडेशन बल ग्रह की मुख्य कार्यकारी अधिकारी मीनाक्षी चौहान द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए। इस दौरान विधायक चीमा ने अनमोल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। सचिव योगेंद्र सागर द्वारा नालसा द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए चलाई जा रही नालसा स्कीम 2025, दिव्यांगो के अधिकारों के लिए बने कानून 2016 और निशुल्क दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र साहू ने शिक्षा के अधिकार के बारे में जानकारी दी। डॉ. ईश्वर चंद्र अग्रवाल व डॉ. नम्रता अग्रवाल ने दिव्यांग बच्चों के माता-पिता को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। अनमोल फाउंडेशन के राम सिंह व मीनाक्षी चौहान ने बताया कि यह बाल गृह 11 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के लिए है। अनमोल फाउंडेशन द्वारा संचालित विशेष शिक्षा में दो वर्ष डिप्लोमा के उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थी भारती शर्मा, काव्य चौहान, आशुतोष गोसाई को अतिथिगणों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# कलेक्ट्रेट में दिव्यांगों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले



तीन दक्ष दिव्यांगजनों को राज्य स्तरीय दिव्यांग पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने दिव्यागजनों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी। आवश्यकताओं और समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। राज्य स्तरीय दिव्यांग दक्षता पुरस्कार के लिए अल्मोड़ा से चार दिव्यांगों का चयन हुआ है। बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित सम्मान समारोह में सौरभ तिवारी, रेखा आर्य तथा हिमांशु रावत को जिलाधिकारी ने सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र तथा प्रत्येक को आठ हजार रुपए की सहायता राशि के चेक वितरित किए। जबकि पुरस्कार के लिए चयनित चौथे चयनित अर्चना जोशी को हल्द्वानी में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजन किसी भी प्रकार से कम नहीं हैं, बल्कि अपनी प्रतिभा, दृढ़ इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच के बल पर समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वालों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक है, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने समाज से अपील की कि दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि वे अपनी क्षमताओं का उपयोग कर मुख्यधारा में सक्रिय योगदान दे सकें। कार्यक्रम में विभिन्न प्रभारी डीएसडब्ल्यूओ पीतांबर प्रसाद, अपर डीएसडब्ल्यूओ शैलेंद्र पांडे समेत दिव्यांगजन व अन्य मौजूद रहे।

## मंगोली के पास सड़क से नीचे उतरी कार

**नैनीताल।** नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग पर अनियंत्रित होकर पर्यटकों की कार सड़क से नीचे उतर गई। गनीमत रही कि कार में सवार लोगों को चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात दिल्ली के पर्यटक नैनीताल से कालाढूंगी की ओर जा रहे थे। वह मंगोली के समीप पहुंचे ही थे कि अचानक कार अनियंत्रित हो गई। उनके समझने से पहले ही कार सड़क से नीचे उतर गई। गनीमत रही कि कार की रफ्तार कम होने के चलते कार गहरी खाई में जाने से गिर गई। लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार सवारों को कार से बाहर निकाला। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि कार में दिल्ली निवासी साहिल समेत पांच लोग मौजूद थे। किसी को चोट नहीं आई।

## आईएमपीसीएल मोहान ने किया फायर रिस्क निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी अल्मोड़ा नरेंद्र कुंवर के पर्यवेक्षण में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी उत्तम सिंह द्वारा टीम के साथ मिलकर बुधवार को आईएमपीसीएल मोहान का अग्निशमन सुरक्षा के दृष्टिकोण से फायर रिस्क निरीक्षण किया गया। इस दौरान उत्पादन इकाइयों, विद्युत संयंत्रों व अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर उपस्थित प्रबंधकों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए गए। कृत्रिम आग लगाकर संस्थान में लगे फायर हाइड्रेंट सिस्टम की कार्य क्षमता जानी गयी व संस्थान में लगे उपकरणों के समयबद्ध रख-रखाव पर जोर दिया।

# अधिकारियों पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** लिगुड़ता मंगलता सिंचाई पाइप लाइन पिछले कई वर्षों से जगह-जगह ध्वस्त पड़ी है। जिससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर किसानों ने डीएम से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग उठाई। दरअसल, जिला पंचायत सदस्य सल्लाभाटकोट, शैलजा चम्याल ने क्षेत्र के किसान लंबे समय सेलिगुड़ता मंगलता सिंचाई पाइप लाइन के ध्वस्त होने से परेशान है। लगभग 8 से 10 गांवों के किसान अपनी खेती की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने डीएम को अवगत कराया कि यह सिंचाई योजना लगभग तीन से चार वर्ष पूर्व में बनी थी, लेकिन दुर्भाग्य से अब पाइप लाइन पूरी तरह टूट चुकी है। जिसके कारण, क्षेत्र में कई एकड़ उपजाऊ, खेती-बाड़ी योग्य भूमि में फसल उगाना अब संभव नहीं रह गया है। यह क्षेत्र उत्तम किस्म की फसल उत्पादन के लिए जाना जाता है, जिसमें लगभग 600-700 खेत शामिल हैं। कुल मिलाकर, लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस कृषि योग्य भूमि पर 8 से 10 गांव के सैकड़ों परिवार अपनी आजीविका के लिए निर्भर हैं। शासन-प्रशासन से निराश होकर, ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर पहाड़ी में सिंचाई पाइपलाइन को खुद ठीक करने का प्रयास किया। हालांकि, लाइन ठीक तो नहीं हो पाई, बल्कि इसके विपरीत, इस प्रयास में एक व्यक्ति को चोट भी आ गई। सदस्य शैलजा चम्याल ने आरोप लगाया है कि अधिकारियों को क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है।

# नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अटल उत्कृष्ट कन्या इंटर कॉलेज टनकपुर में नशा मुक्ति अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य विनीता जोशी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शिक्षक त्रिलोचन जोशी ने नशीले पदार्थो के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के बीड़ी, सिगरेट, गुटका, शराब, चरस के उपयोग से होने वाले शारीरिक, मानसिक और साामाजिक क्षति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी बच्चों से अपने घरेलू संस्कारों में नशीले पदार्थों को परोसकर स्वागत करने की गलत परम्परा को रोकने की प्रेरणा दी। नशा मुक्ति अभियान



के संयोजक त्रिलोचन जोशी ने बेटियों से नशा मुक्त उत्तराखंड राज्य बनाने में पहल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर 400 छात्राओं सहित शिक्षकों और स्टाफ द्वारा आजीवन नशीले पदार्थों से दूर रहने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में शिक्षका बिन्दु चन्द, नीलम पांडे, विनीता कुमार, ममता बिष्ट, शबाना अन्जुम, शीला जो. हान, रेनू शैल, आशा देवी, पुष्पा जोशी, रूबी गंगवार, कंचन जोशी, चेतना भण्डारी, विमला खड़ायत, लक्ष्मी बिष्ट, प्रशासनिक अधिकारी धनजय चौड़ाकोटी सहित सभी शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

# दिव्यांगों के आत्मविश्वास को मिला बढ़ावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर चयनित दक्ष दिव्यांग कर्मचारियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनों को बुधवार को विकास भवन सभागार में सम्मानित किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना एवं उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार हेतु चयनित दिव्यांग आशा कार्यकर्ता हंसी देवी को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांग. जनों गुड़िया दोसाद, प्रधान छानी सेरा, लक्ष्मी दत्त पांडे पूर्व व्यापार




विकास भवन में सम्मान समारोह का आयोजन

संघ अध्यक्ष गरुड़, मंजू देवी क्षेत्र पंचायत सदस्य, सिमगढ़ी, अंशुमन सिंह लटवाल कला क्षेत्र, नन्दन सिंह सामाजिक कार्यकर्ता, हरीश चन्द्र सिंह रावत व्यवसायी, मोहनी को. रंगा एवं नेहा पांडे को कक्षा 10 की परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक लाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ उल्लेखनीय कार्यों के लिए जिला चिकित्सालय की नेत्र चिकित्सक डा. कल्पना पांडे, दिव्यांग छात्रा नेहा पांडे की सहयोगी सरिता चौबे, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बागेश्वर तथा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बागेश्वर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक बागेश्वर पार्वती दास, अध्यक्ष नगर पालिका बागेश्वर सुरेश खेतवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, इन्द्र सिंह फर्स्वाण चेयरमैन रेड क्रॉस सोसाइटी, लक्ष्मण गौतम सदस्य, उत्तराखण्ड दिव्यांग सलाहकार बोर्ड, जिला समाज कल्याण अधिकारी जसप्रीत कौर, जिला सेवायोजन अधिकारी पी सी गोस्वामी, राजीव जोशी तथा समाज कल्याण विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चेक बाउंस में दोषी को छह माह की सजा व जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** चेक बाउंस के एक मामले में अदालत ने आरोपी को छह माह की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 5.60 लाख रूपये का जुर्माना भी डाला है। मोहल्ला टांडा उज्जैन निवासी पूजा चौधरी ने अपने अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद दायर किया था कि उसने अपना एक मकान सन् 2021 में बेचा था। आरोपी ढकिया गुलाबो निवासी भारत सिंह पुत्र रामकुमार सिंह के साथ उनके पारिवारिक संबंध थे। भारत ने रूपयों की सख्त जरूरत बताते हुए उनसे पांच लाख रूपये उधार ले लिए। यह रकम उसने तीन माह में लौटाने का वायदा किया, लेकिन उसने रकम वापस नहीं की। तकादा करने पर आरोपी ने उन्हें 21 अप्रैल 2022 को अपने बैंक पंजाब नेशनल बैंक शाखा रामनगर रोड, काशीपुर के अपने खाते का पांच लाख का चेक दिया। जो बैंक में प्रस्तुत करने पर बाउंस हो गया। परिवादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली ने की। संबंधित पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए अदालत ने आरोपी भारत सिंह को एनआई एक्ट का दोषी पाया। न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव ने आरोपी भारत सिंह को छह माह की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 5.60 लाख रुपए का अर्थदंड भी डाला है।

## 10 अधिवक्ताओं ने खरीदे नामांकन पत्र

**अल्मोड़ा।** जिला बार एसोसिएशन अल्मोड़ा के चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन पत्रों की बिक्री शुरु हुई। विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदकर चुनावी प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत की। अध्यक्ष पद के लिए एड. कवींद्र पंत, उपाध्यक्ष पद के लिए एड. हरीश लोहुमी, महिला उपाध्यक्ष पद के लिए एड. विभा पांडे, सचिव पद के लिए एड. विनोद फुलारा, उपसचिव पद के लिए एड. चंदन बगड़वाल, कोषाध्यक्ष पद के लिए एड. रमाशंकर नैनवाल, संप्रेक्षक पद के लिए एड. नवल जोशी और पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए एड. शंकर कुमार द्वारा नामांकन पत्र खरीदे गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए एड. विक्रांत रामचंद्र बख्तावर तथा एड. अमित बिष्ट ने भी नामांकन पत्र क्रय किए।

# सत्र न्यायाधीश ने सीजेएम के निर्णय को बरकरार रखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** सत्र न्यायाधीश पंकज तोमर ने सीजेएम के निर्णय को बरकरार रखा। आरोपी को एक साल का साधारण कारावास व दस हजार का अर्थदंड से दंडित किया है।

घटनाक्रम के अनुसार इंडियन बैंक बागेश्वर ने थना कोतवाली में तहरीर देकर वह बैंक में शाखा प्रबंधक के तौतर पर कार्यरत हैं। उनकी शाखा में पूर्व में तैनात सुमित चौहान पुत्र सूरत सिंह निवासी निवासी इंद्रविहार कौलगढ़ देहरादून ने कार्य किया। इस दौरान बैंक से संचालित सरकारी विभाग के विभिन्न खातों से 53 लाख, 78 हजार 068 रुपये की धनराशि एनईएफटी, आरटीजीएस के माध्मय से अपने संबंधियों तथा अन्य व्यक्तियों के नाम खोले गए विभिन्न खातों में भेजे। बैंक को इसकी जानकारी विभागीय जांच में हुई। धनराशि के गबन के मामले में बैंक के उच्चाधिकारियों ने सुमित से पूछताछ की गबन की गई राशि जमा करने को कहा। धनराशि की वसूली बैंक ने कर ली। उसने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की। मामला सीजेएम के न्यायालय में चला। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता गोबिंद बल्लभ उपाध्याय एवं सहायक अधिवक्ता चंचल सिंह पपोला ने कुल 11 गवाह परीक्षित कराए गए। मामले में 21 मार्च 2025 को धारा 409 में एक वर्ष का साधारण करावास तथा दस हजार का अर्थदंड से दंडित किया। इसके बाद आरोपी ने सत्र न्यायालय में निर्णय के खिलाफ अपील की।

# अनिरुद्ध निझावन व अज़ीम खान को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** काशीपुर मीडिया सेंटर में आज एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर स्व. अनिरुद्ध निझावन एवं स्व. अज़ीम ख़ान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इन दोनों पत्रकारों के निधन ने न केवल शहर, बल्कि समूचे मीडिया जगत को अपूरणीय क्षति पहुँचा दी है। इस दौरान पत्रकारों ने दोनों दिवंगत आत्माओं के कार्य, समाज के प्रति उनके योगदान और



पत्रकारिता में उनके समर्पण को याद करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया। सभा के दौरान कुछ मिनट का मौन रखकर उनकी पुण्यात्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर काशीपुर मीडिया सेंटर के अध्यक्ष दिलप्रीत सेठी, सिद्धार्थ निझावन, रफी खान, एफयू खान, आदर्श सिंह, अभय पांडे, बृजेश पांडे, जीवन सिंह, अरुण कुमार, गजेन्द्र यादव, करण सिंह, मोहम्मद शमी, नफीस अहमद, मो. अर्शी, विपिन चौहान, नाज़िम मंसूरी, जगदीश प्रसाद, अली अकबर, फरीद सिद्दीकी, मुकीम आलम, आसिम अज़हर, अकरम चौधरी, जुगनू खान, मनोज श्रीवास्तव, आबिद रज़ा, रिजवान एहसान ,अभिषेक बाला. दी, रोशन सिंह, माणिक गुप्ता एवं समस्त पत्रकार उपस्थित रहे।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की बैठक

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजी. नियर्स संघ की बुधवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में बीते दिनों रानीखेत के अभियंताओं पर हुई कार्रवाई पर विरोध जताया गया। वहीं, उच्चाधिकारियों पर कर्मचारियों पर जबरन दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया। अल्मोड़ा लोनिवि कार्यालय में आयोजित बैठक में संगठन को सशक्त बनाने, अभियंताओं में जागरूकता बढ़ाने और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। वहीं, इंजीनियरर्स ने संगठनात्मक मजबूती, नियमित सहभागिता बनाए रखने की बात कहते हुए कहा कि अभियंता समाज की आवाज मजबूत होगी तो संगठन अधिक प्रभावी रूप से कार्य करेगा। इस मौके पर मंडल महामंत्री कुमाऊं हिमांशु जोशी, हितांशी नैनवाल, प्रदीप कुमार जोशी, केजी गोस्वामी, रीनी पांडे, कैलाश चंद्र, पुनीता रानी, रवींद्र रावत, मनोज नाथ आदि मौजूद रहे।

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, मोहनपुर, 56-स्पेशल विंग, प्रेमनगर, देहरादून।
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UR2001SGC025867 दूरभाष : 0135-2978072

No :-771/EE(CM)/UPCL/A-2 **विद्युत बाधित सूचना** Date :-03/12/2025

विद्युत वितरण खण्ड, मोहनपुर, देहरादून के अधीनस्थ विद्युत वितरण उपखण्ड, गणेशपुर के अन्तर्गत सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को अवगत कराना है कि 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, गणेशपुर के अन्तर्गत 11के0वी0 **हरभजवाला एवं 11के0वी0 बड़ोवाला फीडर** पर **आवश्यक अनुरक्षण कार्य एवं पुराने विद्युत पोल बदलने** सम्बन्धी महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित किये जाने के कारण निम्नलिखित फीडरों से पोषित होने वाले सभी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति निम्नांकित अंकित तिथियों में पूर्ण या आंशिक रूप से बाधित रहेगी:-

| दिनांक | समय | 33/11 के०वी० उपसंस्थान का नाम | 11 के०वी० फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 04.12.2025 से 06.12.2025 तक | प्रातः 10:00 बजे से शांय 05:00 बजे तक | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, गणेश्पुर | हरभजवाला फीडर | चन्दाताल, तुन्तोवाला, डी०एस०पी० चौक, बड़ोवाला, प्रेमनगर रोड़, हरभजवाला, सेवली इत्यादि सम्बन्धित क्षेत्र । |
| | | | बड़ोवाला फीडर | गणेशपुर, भुड्डी, कारबारी, सांईलोक, झीवरहेडी, सुमेरू विहार, गोरखा कारबारी, मानकसिद्ध रोड़, शक्ति विहार इत्यादि सम्बन्धित क्षेत्र । |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से निवेदन है कि इस कार्य हेतु अपनी वैकल्पिक व्यवस्था बनायें रखें एवं विद्युत विभाग को सहयोग करने की कृपा करें ।

अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें (टोल फ्री न० 1912 )
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री न० 1800 180 4185 / फैक्स संख्या - 0135-2760911 पर दें)

**सार्वजनिक सूचना**

प्रार्थिनी की भूमि खाता सं0-00347 खसरा नं0-4825क मि0 रकबा 1968 वर्गफीट अर्थात् 183 वर्गमीटर अर्थात् 0.0183 हैक्टेयर स्थित मौजा बाबूगढ़ तहसील विकासनगर, जिला देहरादून की भूमि को श्रीमती वन्दना जैन पत्नी अनिल कुमार जैन निवासी-प0 देवदत्त मार्ग विकासनगर, जिला-देहरादून को दिनांक 19.07.2024 पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से किया हुआ था, जिसकी मूल रजिस्ट्री प्रार्थिनी के पास है, तथा इससे पूर्व की 03 रजिस्ट्री निम्नवत है। **(क)** यह कि वन्दना जैन पत्नी अनिल कुमार जैन ने उक्त भूमि को जगदीश प्रसाद पुत्र धर्मानन्द निवासी एनफील्ड लाईन विकासनगर, जिला देहरादून से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 17.10.2016 को क्रय किया हुआ था, जिसका इन्द्राज उपनिबंधक कार्यालय विकासनगर, जिला देहरादून के यहाँ बही न0-1 जिल्द 2094 पृष्ठ 243 से 278 पर कमांक 828 दिनांक 17.10.2016 को विधिवत रूप से दर्ज व अंकित है। **(ख)** यह कि रुबिना खातून पत्नी लियाकत अली ने उक्त भूमि को संजय गुप्ता पुत्र जगदीश प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड न0-06 विकासनगर, जिला-देहरादून से पजीकृत विक्रय पत्र दिनाक 21.08.2018 को क्रय किया हुआ था, जिसका इन्द्राज उपनिबंधक कार्यालय द्वितीय विकासनगर जिला देहरादून के यहाँ बहीं न0-1 जिल्द 2893 पृष्ठ 139 से 160 पर क्रमांक 5049 दिनाक 21.08.2018 को विधिवत रूप से दर्ज व अंकित है. (ग) यह कि सजय गुप्ता पुत्र जगदीश प्रसाद गुप्ता ने उक्त भूमि को जगदीश प्रसाद पुत्र धर्मानन्द निवासी एनफील्ड लाईन विकासनगर जिला देहरादून से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनाक 17.10.2016 को क्रय किया हुआ था। जिसका इन्दाज उपनिबंधक कार्यालय विकासनगर, जिला देहरादून बहीं न0 1 जिल्द 2094 पृष्ठ 279 से 300 पर कमांक 8289 दिनाक 17.10.2016 को विधिवत रूप से दर्ज व अंकित है, उक्त तीनों मूल विक्रय पत्र कहीं खो गए है।

**श्रीमती प्रियंका जैन** पत्नी अंकित जैन, निवासी- वार्ड नं0 8, विकासनगर, देहरादून।

# कोहली वनडे रैंकिंग में नंबर-4 पर

## विराट ने पहले वनडे में 120 गेदों में 135 रन बनाए थे, रेटिंग में सुधार करते हुए 751 पाइंट कर लिए



**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच जिताने वाली सेंचुरी के बाद आईसीसी मेन्स प्लेयर रैंकिंग्स में वनडे बैटर्स की ताजा रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। इस इनिग ने भारत को एक अहम जीत दिलाने में मदद की और कोहली को दुनिया के टॉप वनडे बैट्समैन में टॉप स्पॉट के करीब पहुंचा दिया। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, कोहली, जिन्होंने पहले वनडे में 120 गेंदों पर शानदार 135 रन बनाए, ने अपनी रेटिग में सुधार करते हुए 751 पॉइंट्स कर लिए, जिससे वह टॉप रैंक वाले रोहित शर्मा से सिर्फ 32 पॉइंट्स पीछे हैं। 37 साल के कोहली ने टीम के साथी शुभमन गिल को पीछे छोड़कर नंबर 1 रैंकिंग की अपनी कोशिश जारी रखी, जो उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2021 में हासिल की थी, इससे पहले पाकिस्तान के बाबर आजम ने उन्हें पीछे छोड़ दिया था। रोहित ने दूसरे नंबर पर मौजूद न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल और तीसरे नंबर पर मौजूद अफगानिस्तान के इब्राहिम जाद. रान पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है, जबकि कोहली टीम के साथी शुभमन गिल को पीछे छोड़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं, जिससे उन्होंने टॉप पर मौजूद भारत के पूर्व कप्तान को पीछे छोड़ दिया है। भारत को बॉलिंग चार्ट में भी बढ़त मिली है, क्योंकि लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव वनडे बॉलर्स में एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गए हैं। टी 20 में, पाकिस्तान के सैम अयूब ने श्रीलंका के खिलाफ ट्राई-सीरीज फाइनल में अपने ऑलराउंड परफॉर्मेंस के बाद ऑलराउंडर्स की नंबर 1 रैंकिंग फिर से हासिल कर ली है। अयूब ने 36 रन बनाए और एक अहम विकेट लेकर जिम्बाब्वे के सिकंदर को पीछे छोड़ दिया। पाक के अबरार (चार स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर) और मोहम्मद नवाज (दो स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर) ने भी टी20 बॉलिग रैंकिंग में बढ़त हासिल की है, नवाज प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने के बाद ऑलराउंडर्स में चौथे नंबर पर आ गए हैं। श्रीलंका के कामिल ने टी20 बैटिंग लिस्ट में सबसे बड़ी छलांग लगाई, ट्राई-सीरीज में 169 रन बनाने के बाद टॉप 100 से बाहर से 18वें नंबर पर आ गए। बांग्लादेश के परवेज हुसैन (21 पायदान ऊपर चढ़कर 38वें नंबर पर), तौहीद (42वें नंबर पर), और मुस्तफिजुर (गेंदबाजों में आठवें नंबर पर) ने भी आयरलैंड पर अपनी घरेलू सीरीज जीत के बाद सुधार किया। भारत पर 2-0 से सीरीज जीतने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने टेस्ट रैंकिंग अपडेट में अपना दबदबा बनाया। बाएं हाथ के सीमर मार्को यानसन टेस्ट गें. दबाजों में करियर के बेस्ट पांचवें नंबर पर पांच पायदान ऊपर और ऑलराउंडरों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए।



# कैमरून ग्रीन 18 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर सकते

**नई दिल्ली, वार्ता।** पहले भी आईपीएल मिनी ऑक्शन में विद. ेशी खिलाड़ियों को रिकॉर्ड पैसे मिले हैं, और कैमरून ग्रीन 16 दिसम्बर को इस ट्रेंड को आगे बढ़ा सकते हैं। ग्रीन के आने वाले आईपीएल ऑक्शन में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद है क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), जिनके पास सबसे ज्यादा पैसे हैं (क्रमश: 64-3 करोड़ और 43-4 करोड़ रुपये ), दोनों से इस ऑलराउंडर के लिए जोरदार बोली लगाने की उम्मीद है। 2023 में, मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24-75 करोड़ रुपये में खरीदा था , इसके कुछ ही मिनट पहले सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने पैट कमिस को 20-5 करोड़ में खरीदा, जिससे वह आईपीएल ऑक्शन में 20 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इन खिलाड़ियों ने 18-5 करोड़ रुपये को पीछे छोड़ दिया, पंजाब किग्स ने 2023 में पिछले मिनी ऑक्शन में सैम करन के लिए बोली लगाई थी। 2023 के ऑक्शन में, ग्रीन दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने, जब मुंबई इंडियंस ने उन्हें प्छत 17-5 करोड़ रुपये में खरीदा था। मुम्बई ने एक साल बाद ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को उसी कीमत पर ट्रेड कर दिया। अपने अब तक के दो आईपीएल सीजन, 2023 और 2024 में, ग्रीन ने 29 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 153-70 के स्ट्राइक रेट से 707 रन बनाए हैं। उन्होंने लेटेस्ट ऑक्शन के लिए खुद को 2 करोड़ रुपये के मैक्सिमम बेस प्राइस पर लिस्ट किया है। हालांकि वह फिर से करोड़पति बन सकते हैं, लेकिन यह 20 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं होगा, क्योंकि मैक्सिमम फीस 18 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं हो सकती। यह तब भी लागू होगा जब बोली उस नंबर से ज्यादा हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि आईपीएल पिछले साल नया ष्मैक्सिमम फीसष रूल लाया था ताकि फ्रेंचाइजी की इस चिता को दूर किया जा सके कि कुछ विदेशी खिलाड़ी सप्लाई-डिमांड के असंतुलन का फायदा उठाने के लिए खास तौर पर मिनी ऑक्शन में रजिस्टर कर रहे थे। इसलिए, आईपीएल ने मैक्सिमम-फीस रूल लागू किया, जिसके तहत विदेशी खिलाड़ी को 18 करोड़ रुपये से ज्यादा पेमेंट नहीं किया।

# राणा को मिला एक डिमेरिट अंक

● **हर्षित राणा ने द. अफ्रीका के बल्लेबाज ब्रेविस के आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा किया था, जिसके चलते आईसीसी ने उन्हें फटकार लगाई**

**रांची, वार्ता।** रांची वनडे के दौरान आईसीसी की आचार सं. हता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा के खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस के आउट होने के बाद ड्रेसिग रूम की ओर इशारा किया था जिसके चलते राणा के खलिाफ यह अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए आईसीसी ने उन्हें फटकार लगाई है। आईसीसी द्वारा जारी मीडिया रिलीज में कहा गया है कि राणा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी कर्मियों से संबंधित आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। जो किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, कार्य या हावभाव का प्रयोग करने या बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 22वें ओवर के दौरान हुई थी जब राणा ने ब्रेविस का शिकार किया था। राणा ने मैच रेफरी रिची रिचड्र्सन द्वारा प्रस्तावित दण्ड को स्वीकार कर लिया जिसके परिणामस्वरूप इस मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। यह 24 महीने की अवधि में राणा का यह पहला अपराध था इसलिए उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया। लेवल 1 का उल्लंघन करने पर न्यूनतम सजा के रूप में औपचारिक फटकार लगाने का प्रावधान है जबकि इसमें अधिकतम सजा के रूप में मैच फीस में 50 फीसदी कटौती के साथ खाते में एक या दो डिमेरिट अंक जोड़ा जा सकता है। इस समय भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज जारी है, जिसमें भारत 1-0 से आगे है।

# विराट-गायकवाड़ के शतक

● **विराट को ने 102 और ऋतुराज गायकवाड ने 105 रनों की शानदार पारी खेली व भारत ने बनाए 358 का स्कोर किया**

**रायपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (102) के लगातार दूसरे शतक और ऋतुराज गायकवाड़ (105) के पहले शतक की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में बुधवार को 50 ओवर में पांच विकेट पर 358 रन का विशाल स्कोर बना लिया।

विराट ने रांची की अपनी शतकीय पारी को आगे बढ़ाते हुए 93 गेंदों पर 102 रन में सात चौके और दो छक्के लगाए जबकि गायकवाघ ने वनडे में अपना पहला शतक बनाते हुए 83 गेंदों पर 105 रन में 12 चौके और दो छक्के लगाए। केएल राहुल ने भी अपनी फॉर्म बरकरार रखते हुए लगातार दूसरा अर्द्धशतक बनाया। राहुल ने 43 गेंदों पर नाबाद 66 रन में छह चौके और दो छक्के लगाए। भारत की इनिग्स पहले वनडे जैसी ही थी, टॉप पर एक मजबूत बेस, आखिर में राहुल और रवींद्र जडेजा के कैमियो। रोहित शर्मा (14)जल्दी आउट हो गए, जबकि यशस्वी जायसवाल (22)ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का इशारा दिया, वह इसे किसी बड़ी चीज में नहीं बदल सके। लेकिन एक आदमी जिंसने अपने मौके का पूरा इस्तेमाल किया, वह थे ऋतुराज गायकवाड़। 62/2 पर आते ही, उन्होंने मार्को यानसन की शॉर्ट. बॉल चाल का सामना किया, अपना समय लिया और फिर खुलकर खेले।

विराट कोहली ने एक परफेक्ट सीनियर पार्टनर की भूमिका निभाई, उन्हें गाइड किया और जल्द ही दोनों एक.दूसरे का स्ट्रोक दर स्ट्रोक मैच कर रहे थे। विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। तेज, तेज और लगातार, इसने एक शानदार 195 रन की पार्टनरशिप को मजबूत किया। गायकवाड़ ने अपना पहला वनडे शतक लगाया, जबकि को. हली ने लगातार मैचों में शतक बनाए। लेकिन कोहली के आउट होते ही, बाउंड्री सूख गई। राहुल और जडेजा ने मिलकर 50 रन की अच्छी साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी फेज में स्कोरिंग रेट को शानदार तरीके से वापस खींचा। एकसमय पर ऐसा लग रहा था कि भारत आसानी से 380 के स्कोर को पार कर जाएगा। लेकिन अंतिम 10 ओवरों में दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी वापसी की। हालांकि आखिरी ओवर में 18 रन बटोर कर भारत ने खुद को 358 तक पहुंचा दिया है। जडेजा 27 गेंदों में दो चौकों की मदद से 24 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से यानसन ने 63 रन पर दो विकेट लिए जबकि नांद्रे बर्गर और लुंगी एन्गिडी को एक-एक विकेट मिला।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## रोहित राजपाल फिर से भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान नियुक्त

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) ने आजरोहित राजपाल को कैप्टन और आशुतोष सिंह को 31 दिसम्बर, 2026 तक भारतीय डेविस कप टीम का कोच फिर से बनाने की घोषणा की। आईटीएफ द्वारा घोषित ड्रॉ के अनुसार, भारत फरवरी 2026 में डेविस कप 2026 क्वालिफायर में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा। यह मुकाबला 6-7 फरवरी या 7-8 फरवरी 2026 को खेला जाएगा, और जगह और सरफेस की पुष्टि समय पर की जाएगी। राजपाल पिछले कई मुकाबलों के लिए भारतीय डेविस कप सेट-अप का हिस्सा रहे हैं, और अपने कार्यकाल के दौरान दूसरे डेविस कप कमिटमेंट्स के साथ, इस महत्वपूर्ण घरेलू मैच में एक बार फिर टीम को लीड करेंगे।

## योगी ने हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि उनके समर्पण और राष्ट्र गौरव की लौ हमेशा खिलाड़ियों को प्रज्वलित करती रहेगी। सीएम योगी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि, हॉकी के जादूगर, अनुशासन और अद्भुत खेल कौशल के प्रतीक, 'पद्म भूषण' मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा है कि आपकी प्रतिभा ने भारतीय हॉकी को स्वर्णिम पहचान दिलाई और आपकी विरासत हर खिलाड़ी में समर्पण और राष्ट्र गौरव की लौ प्रज्वलित करती रहेगी।

# स्विट्जरलैंड को हरा भारत क्वार्टर फाइनल में



**मदुरै, वार्ता।** भारत ने मंगलवार को मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में पुरुषों के एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के अपने आखिरी पूल बी मैच में स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराकर अपना अपराजित क्रम जारी रखा और क्वार्टर-फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। मनमीत सिंह (2', 11') और शारदा नंद तिवारी (13', 54') दोनों ने दो-दो गोल किए, जबकि अर्शदीप सिंह (28') ने भारत के लिए अन्य गोल किया।

स्विट्जरलैंड पर जीत के साथ भारत तीन मैचों में नौ पॉइंट्स के साथ पूल बी में टॉप पर रहा। उन्होंने अपने पहले दो मैचों में चिली को 7-0 और ओमान को 17-0 से हराया था और टूर्नामेंट में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है। भारत का गोल रश दूसरे मिनट में शुरू हुआ, जब बर्थडे बॉय मनमीत सिंह ने होम टीम को गेम की शुरुआत में ही बढ़त दिलाई। उन्होंने 11वें मिनट में एक और शानदार फील्ड गोल करके लीड डबल कर दी, जबकि शारदा नंद तिवारी ने 13वें मिनट में अपने अच्छे पेनल्टी कॉर्नर से स्कोर 3-0 कर दिया। अर्शदीप सिंह, जिन्होंने ओमान के खिलाफ पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी, ने 28वें मिनट में भारतीय हॉकी टीम का चौथा गोल किया।

इस बीच, गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने स्विट्जरलैंड को दूर रखने के लिए कुछ शानदार सेव किए। भारत का परफॉर्मेंस क्लिनिकल था और इसने पक्का किया कि वे चौथे क्वार्टर में भी मोमेंटम बनाए रखें। शारदा नंद, जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, ने 54वें मिनट में अपना दूसरा और भारत का पांचवां गोल किया। भारतीय जूनियर हॉकी टीम शुक्रवार को चेन्नई में अपने क्वार्टर-फाइनल मैच में बेल्जियम से खेलेगी।

# द. अफ्रीका टीम-20 सीरीज को भारतीय टीम घोषित

## गिल और हार्दिक की वापसी, वर्ल्ड कप की जर्सी भी लॉन्च



**नई दिल्ली, वार्ता।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया। जसप्रीत बुमराह को वनडे से आराम देकर टी-20 में शामिल किया गया। हार्दिक पांड्या और शुभमन गिल की भी टीम में वापसी हुई। टी-20 सीरीज 9 दिसम्बर से शुरू होगी। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी। बुधवार को ही रायपुर में बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए जर्सी भी लॉन्च की। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। उपकप्तान शुभमन गिल करीब दो हफ्ते बाद वापसी करेंगे। हालांकि, फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही वे मैच खेल पाएंगे। कोलकाता टेस्ट में उन्हें चोट लगी थी। हार्दिक पांड्या भी 73 दिन बाद टीम में लौट रहे हैं। वे एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर। रिंकू और रेड्डी को मौका नहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज का हिस्सा रहे रिंकू सिंह और नीतीश कुमार रेड्डी को स्क्वाड में मौका नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रिंकू को एक ही मुकाबला खिलाया गया, लेकिन उनकी बैटिंग नहीं आ सकी। वे फिलहाल मुश्ताक अली टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के लिए टी-20 खेल रहे हैं। रायपुर में वर्ल्ड कप की जर्सी भी लॉन्च बीसीसीआई ने 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी भी लॉन्च कर दी। रायपुर में बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च हुई। इस दौरान टी-20 टीम के तिलक वर्मा और टूर्नामेंट के ब्रांड एम्बेसडर रोहित शर्मा भी मौजूद रहे। आलराउंडर हार्दिक एशिया कप में चोटिल हो गए थे। सुपर-4 स्टेज के मैच में लगी चोट की वजह से वे 28 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल नहीं खेल सके। इसके बावजूद टीम इंडिया ने 5 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया था। हार्दिक ने अब घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में फिफ्टी लगाकर वापसी की। उन्होंने बड़ौदा से खेलते हुए 77 रन बनाए।

# कमिंस को लेकर स्मिथ ने कहा: हम इंतजार करेंगे और देखेंगे

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ब्रिस्बेन में पिंक-बॉल एशेज टेस्ट से एक दिन पहले अपने पत्ते नहीं खोल रहा है। पैट कमिस को टीम में शामिल नहीं किया गया क्योंकि वह पीठ की चोट से उबर रहे हैं, लेकिन इस हफ्ते उनके जबरदस्त स्पैल और नेट्स में लंबे समय तक बैटिंग करने से देर से ट्विस्ट की बात बढ़ गई है।

जब कमिस सबप्लॉट ने जोर पकड़ा, तो स्टैंड-इन कप्तान स्टीव स्मिथ ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में आकर इस मामले को और गहरा कर दिया। उन्होंने कन्फर्म किया कि अगर कमिस फिट होते हैं तो वह लीड करेंगे। स्मिथ ने कहा कि बहुत सारी चीजें टेबल पर हैं--- मैं अभी आपको बहुत कुछ नहीं बता सकता, मुझे माफ करना। स्मिथ ने आगे कहा कि जिस तरह से उन्होंने नेट्स में बॉलिग की है, वह मुझे काफी अच्छा लग रहा है। जाहिर है, गेम में इंटेंसिटी तो अलग होती है, लेकिन वह बहुत अच्छी तरह से ट्रैक कर रहे हैं। वह अपने शरीर को अच्छी तरह जानते हैं और हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। स्मिथ ने कमिस व एंड्रयू मैकडोनाल्ड द्वारा शुरू की गई फ्लेक्सिबल बैटिंग-ऑर्डर की बहस पर भी अपनी राय दी और हेड ने भी इसे हवा दी, जिन्होंने पर्थ में रन-चेज में ओपनिग करते हुए अपनी ऐतिहासिक सफलता के बाद बैटिंग ऑर्डर को ओवररेटेड कहा था। स्मिथ ने ज्यादा जमीनी राय दी। उन्होंने कहा, पिंक बॉल, कुछ भी मुमकिन है। हम पहले भी दो नाइटवॉचमैन रखने और ऐसी चीजों को लेकर काफी खुले रहे हैं। यह पूरी तरह से अलग गेम है। आपको किसी भी स्टेज पर वही खेलना होता है जो आपके सामने हो। लेकिन मुझे पक्का नहीं है कि मैं उन दोनों (कमिंस व हेड) से पूरी तरह सहमत हूं कि बैटिंग ऑर्डर को ओवररेटेड माना जाता है। एक जैसे रोल में रहना और बार-बार उस रोल की आदत डालना अच्छा लगता है। यह गेम में बदल सकता है, और शायद यही आगे का रास्ता है। लेकिन एक इनिग के लिए कुछ खास जगहें और दूसरी इनिग के लिए दूसरी जगहें, मुझे पक्का नहीं पता। एक ही रोल होना अच्छा है और जितना हो सके उसकी आदत डालने की को. शिश करें। स्मिथ ने गाबा के लिए एक छोटे लेकिन दिलचस्प बदलाव की भी पुष्टि की।

## क्या पिंक बॉल की चुनौती से निपट पाएगा इंग्लैंड

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी एशेज का दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। यह एक डे-नाईट मुक़ाबला होगा। यह मुक़ाबला भारतीय समयानुसार 4 दिसम्बर को सुबह 9-30 बजे शुरू होगा। विल जैक्स को इंग्लैंड के एकादश में शामिल किया गया है, वहीं उस्मान ख़्वाजा अभी तक चोट से नहीं उबर पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में इस समय 1-0 से आगे है और उन्होंने पर्थ में दो दिन में समाप्त हुए टेस्ट मैच में इंग्लैंड को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। टीम न्यूज और संभावित इलेविन खवाजा अब तक पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं इसलिए वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ख़्वाजा की अनुपस्थिति में ट्रैविस हेड एक बार फिर पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिन्होंने पर्थ में दूसरी पारी में तूफानी शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं पैट कमिस को लेकर स्पष्टता नहीं है। उन्होंने मंगलवार को बल्लेबाजी का अभ्यास किया था।

# जैकब के पंजे से कीवियों को 96 रनों की बढ़त

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** जैकब डफी ने पहली बार पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में बढ़त बना ली। डफी ने वेस्टइंडीज के निचले क्रम को संभाला, जबकि मैट हेनरी ने तीन अहम विकेट लिए, जिससे मेहमान टीम 67 रन पर आठ विकेट खोकर 167 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने फिर पहली पारी की बढ़त को 96 रन तक पहुंचाया और दिन के आखिर में सात ओवर के स्पेल में बिना किसी नुकसान के बाहर निकले। दिन का दूसरा हॉफ जिस तरह खत्म हुआ, उसके ठीक उलट, पहले हॉफ में वेस्टइंडीज ने बाजी मारी। उन्होंने आखिरी बचा हुआ विकेट लेने में सिर्फ तीन गेंदें लीं, जिससे न्यूजीलैंड अपने रात के स्कोर 231 पर ढेर हो गया। सुबह बैटिंग के लिए हालात मुश्किल बने रहे, जैसा कि जकारी



फाउल्केस और हेनरी ने जॉन कैंपबेल और एलिक अथानाजे को कुछ ही देर में आउट कर दिया, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर लगभग 11 ओवर की मुश्किल बैटिंग में 2 विकेट पर 10 रन हो गया। लेकिन इसके बाद चीजें आसान हो गईं, कुछ हद तक न्यूजीलैंड की अच्छी फील्डिग की वजह से। तेजनारायण चंद्रपॉल को लेग गली में दो बार जीवनदान दिया गया, दोनों बार डेवोन कॉनवे ने। इसके बाद बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने होप के साथ एक मजबूत पार्टनरशिप की, जो आंख में इन्फेक्शन के कारण सन ग्लासेस पहनकर बैटिंग कर रहे थे। पारी की पहली बाउंड्री 23वें ओवर के आखिर में आई जब होप ने डफी को कवर्स की तरफ ड्राइव किया। 5 और 24 रन पर जीवनदान पाने के बाद, चंद्रपॉल अपनी पारी में बेहतर हुए और अपने डिफेंस को लेकर ज्यादा कॉन्फिडेंट थे। लंच के तुरंत बाद होप ने अपनी हॉफ संचुरी पूरी की, जब वह न्यूजीलैंड की शॉर्ट-बॉल चाल से परेशान हो रहे थे।

### आरटीओ ने किया रुड़की एआरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण

# जनता से बेहतर व्यवहार करें : संदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आटीओ प्रशासन देहरादून ने रूडकी एआरटीओ कार्यालय का ओचक निरीक्षण किया जिस दौरान आरटीओ ने वहां की सफाई व्वस्था व कार्यालय के रिकार्ड रख रखाव व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को हिदायत दी कि वह एआटीओ कार्यलय में आने वाली जनता के साथ बेहतर व्यवहार करें।

आरटीओ प्रशासन संदीप सैनी ने औचक निरीक्षण के दौरान कार्मिकों द्वारा दैनिक कार्य को आने वाली जनता के साथ बेहतर व्यवहार रखने के साथ समय से जनता के काम करने के निर्देश दिये। साथ ही बायोमैट्रिक उपस्थिति के विवरण का निरीक्षण करते हुए कहा कि समय से कार्यालय आयें। आरटीओ ने रोकड बही का निरीक्षण करने के साथ कर्मचारियों को निर्देश दिया कि पटल पर कोई भी बाहरी व्यक्ति न आ पाये। निरीक्षण के दौरान डीएल



शाखा, टीआर शाखा, प्रवर्तन शाखा, नया पंजीयन शाखा की कार्य प्रणाली को जांचा ओर पारदर्शिता लाने के निर्देश दिये। साथ ही प्रवर्तन शाखा द्वारा की जाने वाली नीलामी प्रक्रिया को तेजी और समय से करने के निर्देश दिये। वहीं कार्यालय परिसर की व्यवच्छता को भी

**❖हिदायत : पटल पर बाहरी व्यक्ति न आए, वहीं कार्यालय की सफाई व्यवस्था का भी रखा जाए ख्याल: आरटीओ**

देखकर हिदायत दी गयी कि कायाृलय परिसर में स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए सफाई व्यवस्था का बेहतर ध्यान दिया जाये। इस अवसर पर एआरटीओ रूडकी एल्विन रोक्सी के अलावा अन्य कार्यालय के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने दबोचा एक नशा तस्कर
## 50.27 ग्राम स्मैक की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नशे के विरुद्ध कारवाई करते हुए कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा 50.27 ग्राम स्मैक के साथ 01 तस्कर को दबोचा है। बरामद स्मैक को बरेली से लाकर यहां तस्करी किया जा रहा था। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन नें हरिद्वार पुलिस की ताबड़ तोड़ कार्रवाई जारी है जिसमें हरिद्वार पुलिस कप्तान परमेंद्र सिंह डोभाल ने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि नशा मुक्त अभियान में शत प्रतिशत दें। इसी क्रम में कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा सोनाली पार्क के पास वाहन चौकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी सवार



को रोकने का प्रयास किया गया, जो पुलिस को देखकर वापस मुड़कर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मौ0 समीर पुत्र इम्तियाज, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम बेलड़ा, कोतवाली रूड़की, जनपद हरिद्वार बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 50.27 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। आरोपी ने बरामद स्मैक को बरेली से लाना स्वीकार किया।पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला, उप निरीक्षक आनन्द मेहरा,हैड कांस्टेबल नूर हसन,प्रवीण चौधरी और कांस्टेबल इतेन्द्र ध्यानी व रविन्द्र सिंह शामिल रहे।

### रॉयल पब्लिक स्कूल में खेल महोत्सव का आयोजन

# प्रतिभावान छात्रों को मुख्य अतिथियों ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** रॉयल पब्लिक स्कूल झबरेड़ा में बुधवार को खेल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन

**❖पूर्व विधायक चौ. यशवीर, विधायक वीरेंद्र जाति व अध्यक्ष नपं चेयरमैन डॉ. गौरव चौधरी ने किया शुभारंभ**

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पूर्व विधायक चौधरी यशवीर सिंह क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाती नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी द्वारा गुब्बारे उड़ाकर तथा मसाल जलाकर किया गया।

कस्बे में स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में खेल महोत्सव कार्यक्रम बुधवार को आयोजित करते हुए खेल महोत्सव में 400 मी व 100 मी रेस के साथ-साथ पैक दी पैक रेस एनिमल रेस जिग जग रेस सॉंक रेस रोलर कोस्टर रेस प्रिं लॉन्ग ड्रेस डांस पी टी खो खो आदि आदि खेल कार्यक्रम मे पले से लेकर आठवीं तक के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया ।खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा मेडल देकर उत्साह वर्धन करते हुए सम्मानित किया गया। 400 मीटर रेस में पूर्वाँक छात्राओं में रनवी100 मीटर रेस में यीशु सैनी वेदांश सैनी के अलावा दूसरी रेस व खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में नव्या यश



आयांश यवन निखिल अवनी रुद्रा हैप्पी पाखी हरसत तन्वी अविका हर्ष अभिनव सिद्धिका तथा रनवी रहे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पूर्व विधायक चौधरी यशवीर सिंह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष चौधरी नगर पंचायत अध्यक्ष झबरेड़ा किरण चौधरी राज्य मंत्री हुए स्कूल संस्थापक डॉक्टर गौरव चौधरी डॉक्टर जोध सिंह चौधरी बिरम सिंह ईशम सिंह राव कुर्बान अली प्रधानाचार्य अंजू गैरा तथा छात्र छात्राओं के अभिभावक गण उपस्थित रहे

## युवकों पर लगाया मारपीट व गाली गलौज का आरोप

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी एक व्यक्ति ने क्षेत्र के ही कुछ युवकों पर मारपीट, गालीख्रगलौज और घर में तोड़फोड़ का आरोप लगाते हुए कलियर थाने में तहरीर दी है। पीड़ित सत्तार ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका पुत्र और उसके साथी क्षेत्र के एक स्कूल में पढ़ने के लिए जाते है।बुधवार को करीब 9 बजे स्कूल का गेट बंद हो गया था।अध्यापक स्कूल के अदंर बच्चों को पढ़ा रहे थे कि क्षेत्र के एक गांव का एक युवक अपने साथियों साथ स्कूल के अंदर घुस जाता है।उसके बाद उसके पुत्र और उसके साथियों के साथ मारपीट करते हैं।मारपीट में बच्चें और एक अध्यापक भी घायल हो गए हैं।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# ठगों ने वृद्ध महिला से की 50 हजार की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बेहडेकी सैदाबाद निवासी एक वृद्ध महिला से 50 हजार की साइबर ठगी कर ली गई। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत साइबर सेल में की है।

जानकारी के ठगों ने एक वृद्ध महिला से 50 हजार की साइबर ठगी कर ली। झबरेड़ा थाना क्षेत्र के बेहडेकी सैदाबाद निवासी 60 वर्षीय सुमन के मोबाइल फोन पर मंगलवार को अनजान व्यक्ति का फोन आया था। फोन करने वाले ने अपना नाम अनुज बताते हुए वृद्ध महिला का लड़का किसी मामले में गिरफ्तार बताया। उस दौरान उसका पुत्र कंपनी में ड्यूटी पर गया हुआ था।

इसको सुनकर बुजुर्ग महिला घबरा गई और उसने पुलिस के चंगुल से बेटे को छुड़वाने की गुहार लगाई। उस अनजान व्यक्ति ने फोन से बताया कि पुलिस तेरे बेटे को पीट रही है। इस दौरान ठगों ने उसके बेटे के रोने की फर्जी आवाजें भी सुनवाई। इसको सुनकर बुजुर्ग महिला घबरा गई।

उधर साइबर ठग ने 50 हजार खाते में डालने की डिमांड कर डाली। उन्होंने कहा कि पैसे डालते ही उसके बेटे को छोड़ दिया जाएगा। महिला ने बैंक जाकर अपने खाते से 50 हजार की रकम निकालकर अनुज नाम के व्यक्ति के बताए गए खाते में डलवा दी। महिला का पुत्र जब सही सलामत घर पहुंचा तो साइबर ठगी का पता चला।

पीड़ित महिला ने साइबर ठगी की तहरीर स्थानीय पुलिस व साइबर सेल में दी है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि साइबर सेल खाताधारक की पड़ताल करेगी। पुलिस साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। मोबाइल पर किसी के भी झांसे में आने से बचने के लिए अपने परिचित को तुरंत फोन करना चाहिए ताकि सही बात का पता लग सके।

## सैदपुर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम सैदपुरा में श्री कृष्ण सेवा धाम फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में गांव के 55 लोगों द्वारा स्वास्थ्य लाभ उठाया गया।

ग्राम सैदपुरा में श्री कृष्ण सेवा धाम फाउंडेशन के तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजो को निशुल्क जांच कर दवाइयां दी गई। स्वास्थ्य शिविर में गांव के 55 लोगों द्वारा जांच कर स्वास्थ्य लाभ उठाया गया ।डॉक्टर गजेंद्र त्यागी ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में अधिकतर सर्दी जुकाम तथा जोड़ों के दर्द के मरीज आए ।मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाई दी गई। डॉक्टर द्वारा शिविर में आए लोगों से बताया कि सर्दी का मौसम शुरू होने पर 50 वर्ष से ऊपर आयु के लोगों को गर्म कपड़े पहनने के साथ-साथ खानपान पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए ।सीधे मेडिकल स्टोर से दवाई लेने से बचना चाहिए। डॉक्टर को दिखाकर उनसे कहे अनुसार ही दवाई लेनी आवश्यक है ।इस अवसर पर प्रदीप त्यागी मनमोहन सिंह उषा देवी प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

## ट्रक ने मारी टक्कर, तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गदरजुड्डा गांव के पास ट्रक ने एक घोड़ा-बुग्गी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से घोड़ा-बुग्गी चालक व उसमें सवार छात्र-छात्राएं सड़क पर गिर गए। हादसे में चालक समेत दो छात्र घायल हो गए। आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। घायलों को रुड़की के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गदरजुड्डा निवासी शौकीन ने पुलिस को बताया कि उसके पिता जिम्मू हसन घोड़ा-बुग्गी चलाने का काम करते हैं। मंगलवार सुबह रोजाना की भांति गांव से बच्चों को लेकर स्कूल छोड़ने के लिए मंगलौर जा रहे थे। जैसे ही घोड़ा-बुग्गी गांव से बाहर तालाब के पास पहुंची। इसी दौरान पीछे से आए एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे घोड़ा बुग्गी में सवार छात्र-छात्राएं उछलकर सड़क पर गिर गए। जिम्मू हसन, कौशर व आहिल घायल हो गए। हादसे की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने ट्रक का पीछा किया लेकिन आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। घायलों को रुड़की के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया कोर विवि का स्थापना दिवस समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कोर यूनीवर्सिटी रुड़की का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर उत्साहपूर्ण माहौल से गूँज उठा, जहाँ बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षकों एवं अतिथियों ने भाग लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर एन के गोयल चेयरमैन ग्लोबल टेलीकॉम, उपस्थित रहे। उन्होंने कोर यूनीवर्सिटी की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचारपूर्ण प्रयासों और तकनीकी उत्कृष्टता को सराहते हुए विद्यार्थियों को भविष्य में देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। गेस्ट हॉनर के रूप में सम्मानित



उपस्थिति रही: आलोक त्रिपाठी, डायरेक्टर एंटी पीसी जी इ पॉवर सर्विस प्रा.लिमिटेड विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण इ.जे सी जैन प्रेसिडेंट कोर यूनीवर्सिटी रूड़की श्रेयांस जैन, वाइस प्रेसिडेंट,कोर यूनीवर्सिटी श्रीमती सुनीता जैन, वाइस चेयरपर्सन, श्रीमती चारु जैन कार्यकारी डायरेक्टर कोर यूनिवर्सिटी अन्य विशिष्ट गणमान्य डॉ. अनुष्का मित्तलवाइस चांसलर डॉ.राजेश कुमार उपाध्याय प्रो.वाइस चांसलर डॉ.अजय कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार अनुज गांधी फाउंडर न्यूरोमोशन सिस्टम प्रा लिमिटेड शालिनी गोयल फाउंडर ऑफ एक्सपेक्ट्रो सॉल्यूशंस छवि दीक्षित को फाउंडर एक्सपोनेट सॉल्यूशंस ए आई, शिवम पांडे डायरेक्टर,प्रोडक्शन स्पोर्ट पी वी टी विश्वविद्यालय के सभी फैकल्टी मेंबर्स,स्टाफ मेंबर्स एवं यूनिवर्सिटी के सभी छात्र-छात्राएँ समारोह में उपस्थित रहे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पुरस्कार वितरण तथा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित विशेष प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने कोर यूनीवर्सिटी को शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में और भी ऊँचाइयाँ प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



**कोर विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर उच्चतम सीजीपीए प्राप्त करने वाली बीसीए की छात्रा निदा सिद्दीकि व बीटेक की छात्रा आंचल त्यागी को अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया**

## बाइक सवारों ने मोबाइल छीना

**रूडकी।** फैक्टरी मालिक से शाम में बाइक सवार बदमाशों ने फोन छीन लिया। पीड़ित और लोगों ने शोर मचाकर बाइक सवार बदमाशों का काफी दूर तक पीछा किया लेकिन वे हाथ नहीं आ पाए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। गंगनहर कोतवाली को रामपुर निवासी शानू खान ने बताया कि पनियाला में उनकी शीशे की फैक्टरी है। मंगलवार शाम वह मकतूलपुरी से रामनगर चौक की ओर पैदल जा रहे थे। तभी पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ से फोन छीन लिया। बदमाशों को पकड़ने के लिए उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। लोगों की मदद से बाइक सवार बदमाशों को पीछा करके पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र दिलशाद व उसकी पत्नी समरीन नाजरीन का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने दिलशाद व समरीन नाजरीन को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद इन दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **कनीज फातमा पत्नी बाबू अहमद नि. ग्राम लालढांग, तह. व जनपद हरिद्वार।**

## नगर पंचायत झबरेड़ा में भी चला स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आज जनपद में 15 वे भी जनपद के शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी चलाया गया सफाई अभियान।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खंड विकास अधिकारी लक्सर परवीन भट्ट ने अवगत कराया है कि ब्लॉक लक्सर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई की गई। खंड विकास अधिकारी नारसन सुभाष सैनी ने अवगत कराया है कि आज ग्राम पंचायत लिब्बरहेड़ी गाँव, अर्चनपुर,नूरपुर एवं भूरपुर क्षेत्रांतर्गत पर साफ सफाई का कार्य कराया गया। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत झबरेड़ा हरीश रावत ने अवगत कराया ही कि नगर पंचायत झबरेड़ा किसान चौक एवं अमर किसान चौक क्षेत्रांतर्गत एवं मुख्य मार्ग पर साफ सफाई के साथ साथ नालियों की भी सफाई की गई।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित का जो उद्देश्य एवं ध्येय है कि धर्मनगरी जनपद हरिद्वार को स्वच्छ एवं क्लीन बनाने का है उसका असर धरातल पर दिखने लगा है तथा शहर से लेकर ग्रामीणों क्षेत्रों तक साफ सफाई अभियान का कार्य निरंतर किया जा रहा है जिसकी निगरानी संबंधित क्षेत्र के अधिकारी स्वयं धरातल पर पहुंचकर कर रहे है, जिसकी जिलाधिकारी स्वयं निरन्तर मॉनिटरिंग कर रहे है।

### भेदभाव व प्रधानमंत्री आवास योजना के पैसे न डालने का आरोप लगाते हुए

# सभासद के सर्मथन में भीम आर्मी का धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत वार्ड 1 के सभासद पति ने भेदभाव व प्रधानमंत्री आवास योजना के पैसे न डालने का आरोप लगाते हुए कार्यालय प्रांगण में धरना दिया। धरने में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष भी शामिल हुए बाद में चौयरमैन व ईओ से वार्ता के बाद धरना समाप्त हो गया।

नगर पंचायत लंढौरा के वार्ड 1 सभासद पति अनिल भगत ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके वार्ड की जनता के साथ भेदभाव किया जा रहा है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना से बने पुराने मकानों की किस्त का पैसा नही डाला जा रहा है। साथ ही नई डीपी आर भी शासन में नही भेजी गई है। शौचालय के पैसे भी नही डाले गए है। इन्ही मुद्दों को लेकर मंगलवार की सुबह अनिल भगत ने भीम आर्मी कार्यकर्ताओं तथा अपने वार्ड के लोगों के साथ नगर पंचायत परिसर में धरना शुरू कर दिया। धरने के कुछ देर बाद ही चौयरमैन डा0 नसीम भी कार्यालय पहुंच गए और सभासद पति अनिल भगत व भीम आर्मी नेताओं से वार्ता की, वार्ता के दौरान ईओ हेमंत गुप्ता व चौयरमैन डॉ नसीम ने बताया कि प्राधनमंत्री आवास योजना के बने करीब 936 आवासों की शासन



स्तर से जांच चल रही है। जिसमे जिलाधिकारी ने कमेटी गठित की है। जिसमें ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की को जांच कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जांच पूरी होने के बाद ही पात्र लोगो को पैसा आवंटित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शौचालय के लिए आवेदन ऑनलाइन किये गए है। और वार्ड 1 में शौचालय बनवाने के लिए 36 लोगों के नाम भेजे गए है। चौयरमैन बाद नसीम ने बताया कि उनके 9 माह के कार्यकाल में अभी तक वार्ड एक मे 61 लाख रुपये के विकास कार्य कराए जा चुके है। सभी वार्डो में समान रूप विकास कराया जा रहा है। और भविष्य में भी इसका ध्यान रखा जाएगा। चौयरमैन डा0 नसीम के आस्वासन के बाद धरना समाप्त हो गया। धरने में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष कीरत कर्णवाल ,धीर सिंह, काका, छोटा, रवि मौर्या, बिट्टू,कपिल, मनोज, रविंदर, विपिन, बिजेन्दर, जयसिंह, मोती आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद लक्सर के हर वार्ड में सफाई अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अलग-अलग वार्डों में सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। सभी से सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की भी अपील की गयी।

जानकारी के अनुसार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लक्सर मोहम्मद कामिल ने कहा कि लक्सर में हमारे द्वारा लगातार सड़कों की सफाई नालों की सफाई एवं छोटी नालियों की सफाई हर वार्ड में की जा रही है। उन्होंने सभी सरकारी सफाई कोमियो से कहा कि कहीं भी किसी भी जगह शिकायत सफाई के बारे में नहीं मिलनी चाहिए क्योंकि अगर हमारा नगर पालिका परिषद क्षेत्र लक्सर साफ रहेगा तो



लोगों को भी सुविधा मिलेगी और बीमारी से भी बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कर्मचारी सफाई अभियान को लगातार जारी रखे हुए हैं सफाई के बारे में किसी से भी कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे में यह भी कहा कि अगर कहीं भी किसी भी वार्ड में किसी कर्मचारी के द्वारा सफाई अभियान के दौरान लापरवाही की गई तो उसके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा जों सड़क है उन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत बताई है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार , 4 दिसम्बर 2025

# साइबर अपराधों का जाल

केंद्र सरकार ने मोबाइल फोन में संचार साथी के प्री-इंस्टालेशन की अनिवार्यता को हटाने की बात कही है। सरकार का कहना है कि सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से सरकार ने सभी स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टाल करना अनिवार्य किया था। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया के अपराधियों से बचाना है। संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल निर्माताओं के लिए अनिवार्य प्री- इंस्टालेशन को हटाने का फैसला लिया था। सरकार के इस कदम को एपल के फैसले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। सरकार से आदेश मिलने के बाद स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एपल ने इसका पालन करने से इन्कार कर दिया था। वहीं साइबर अपराधों की बढ़ती जटिलता, डिजिटल अरेस्ट से लेकर गुमनाम व बड़े पैमाने पर सीमा-पार घपलों, ने उनसे तुरंत निपटना जरूरी और कठिन दोनों बना दिया है। साइबर अपराधियों ने उस सुरक्षा खामी का फायदा उठाया है, जिसमें इंस्टैंट मैसेजिंग एप्स पर उपयोगकर्ताओं के खाते संबद्ध सिम कार्ड हटा दिये जाने के बाद भी चालू रहते हैं। इस गुमनामी का इस्तेमाल करते हुए वे सरकार का रूप धर कर धोखाधड़ी करते हैं। फर्जी या छेड़छाड़ किये हुए आईएमईआई नंबरों के धड़ल्ले से इस्तेमाल ने भी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए अपराधियों को खोज निकालना लगभग नामुमकिन बना दिया है। ऐसे में, सरकार द्वारा साफ्टवेयर और हार्डवेयर संबंधी इन कमजोरियों के निवारण के लिए ज्यादा धारदार साधनों के इस्तेमाल की कोशिश शायद अपरिहार्य हो गयी है। दूरसंचार विभाग के 28 नवम्बर और 1 दिसम्बर के निर्देश भी यही बताते हैं। पहला निर्देश सिम बाइंडिंग , यह सुनिश्चित करना कि वास्तविक सिम हटाने पर उपयोगकर्ता का खाता ठप हो जाए, को बाध्यकारी बनाता है। दूसरे में, स्मार्टफोन निर्माताओं को मार्च 2026 तक सभी नये यंत्रों (डिवाइस) में डिवाइस आथेंटिसिटी के सत्यापन के लिए संचार साथी एप प्री-इंस्टाल करना था। पहला निर्देश एक सुरक्षा पैबंद जो व्हाट्सएप/इंटरनेट मैसेजिंग उपयोगकर्ताओं को असुविधा में डाल सकता है, जबकि दूसरा उस कहावत की याद दिलाता है कि नरक का रास्ता बनने की शुरुआत अक्सर अच्छी मंशा से होती है। जाली हैंडसेट और फर्जी आईएमईआई नंबर की समस्या का यह हल एक ऐसा इलाज है, जो बीमारी से ज्यादा नुकसानदेह हो सकता है। निर्देश में बिल्कुल साफ कहा गया था कि एप पहली बार इस्तेमाल या डिवाइस सेटअप के समय अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए आसानी से नजर आने वाला और सुगम पहुंच वाला हो तथा इसकी कार्यशीलताओं को अक्षम या सीमित नहीं किया जा सके, जिसका मतलब यह हुआ कि इस एप को फोन के आपरेटिंग सिस्टम के भीतर उच्च सुरक्षा मंजूरी दी जाएगी, जिससे इसे कैमरा, फोन या एसएमएस एक्सेस जैसी सुविधाओं तक ज्यादा घुसपैठ वाली पहुंच मिलेगी। राज्य निगरानी (स्टेट सर्विलांस) के लिए इस एप के दुरुपयोग और सुरक्षा से समझौते के बाद किसी बदनीयत व्यक्ति या संगठन द्वारा करोड़ों उपयोगकर्ताओं को निशाना बनाये जाने की आशंका साफ तौर पर मौजूद है। केंद्र सरकार ने राजनीतिक विपक्ष, पत्रकारों और एक्टिविस्टों को निशाना बनाने के लिए पेगासस साफ्टवेयर के इस्तेमाल के साथ जो किया है, उसे देखते हुए यह बेबुनियाद डर नहीं है।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति उदासीनता



मोदी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरू से ही गंभीर उदासीनता दिखाई है, वह प्राकृतिक दोहन को बढ़ावा देती है और धरती के लिए तथा आने वाली पीढ़ियों पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को नजरअंदाज करती रही है, क्या नीति निर्माण कुछ लोगों को तात्कालिक लाभ पहुंचाने के लिए इस कदर कमजोर होनी चाहिए कि उससे लाखों लोगों के हितों को नजरदअंदाज किया जाए, अरावली पहाड़ियों को लेकर जो नीतियां तैयार की हैं, उसके तहत 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन प्रतिबंध लागू नहीं होंगे, गुजरात से लेकर राजस्थान और हरियाणा तक फैली अरावली पर्वतीय शृंखला ऐतिहासिक रूप से देश की भूगोलिक और विरासत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, लेकिन अब सरकार की नई नीतियों ने इन पहाड़ियों के लिए रूप से मौत का फरमान जारी कर दिया है। -**राहुल गांधी , नेता विपक्ष ,लोकसभा**

# आत्महत्या करते विश्व गुरु के गुरुजन







**निर्मल रानी**

> **शिक्षक का काम सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों के अंदर सपने जगाना और उन्हें पंख देना है। कलाम साहब का मानना था कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार-मुक्त और सुन्दर मन वाला समाज चाहता है, तो मुझे पूरा यकीन है कि समाज के तीन सदस्य इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। मां, पिता और गुरु। यहां तक कि शिलांग में अपने जीवन के अंतिम क्षणों में दिए गए अपने अंतिम भाषण में भी उन्होंने अपनी एक स्मृति का उल्लेख इन शब्दों में किया था, मुझे याद है मेरे शिक्षक ने कहा था, अगर तुम अच्छे शिक्षक बनो, तो तुम्हारा छात्र तुम्हें पार कर जाएगा। मैंने यही किया और आज मेरा छात्र ( वे IIM शिलांग के छात्रों की ओर इशारा कर रहे थे ) मुझे पार कर जाएगा। यह शिक्षक का सबसे बड़ा इनाम है।**

मतदाता सूची के संशोधन के लिए देश के कई राज्यों में चलाया जा रहा विवादित विशेष गहन संशोधन SIR इन दिनों काफी चर्चा में है। SIR को लेकर कथित तौर पर बरती जा रही अनियमितताएं तो चर्चा में हैं ही साथ ही इस अभियान के दौरान बड़ी संख्या में बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ की आत्महत्याओं के मामले भी सुर्खियों में हैं। अलग-अलग रिपोर्ट्स के मुताबिक नवम्बर-दिसम्बर 2025 में कम से कम 12 से 20 बीएलओ ने आत्महत्या की है, जबकि आत्महत्या सहित हार्ट अटैक व स्ट्रोक आदि से 30 से अधिक बीएलओ की मृत्यु होने का समाचार है। आत्महत्या करने वाले कई बी एल ओ ने भले ही अपने सुसाईड नोट या आत्महत्या से पूर्व जारी अपने वी डी ओ सन्देश में स्पष्ट रूप से काम के भारी दबाव व तनाव की बात क्यों न की हो परन्तु चुनाव आयोग इन मौतों को SIR से जोड़ने से इंकार करता है और इन्हें अन्य प्रकार के मामलेष बताता है। आयोग ने इन मौतों को लेकर कुछ विपक्षी दलों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को राजनी. तिक करार देते हुए कहा है कि ये मौतें SIR प्रक्रिया से सीधे जुड़ी नहीं हैं, और अधिकांश मामलों की जांच चल रही है।

बहरहाल SIR प्रक्रिया व इसी दौरान बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ की आत्महत्याओं के सन्दर्भ में एक सबसे अहम बात यह है कि आत्महत्या करने वाले इन बूथ स्तरीय अधिकारियों में अधिकांशत: शिक्षक ही शामिल हैं? बीएलओ आमतौर पर सरकारी स्कूल शिक्षक ही होते हैं, क्योंकि चुनाव आयोग सरकारी कर्मचारियों, खासकर शिक्षकों को ही इस भूमिका के लिए नियुक्त करता है। तो क्या राष्ट्र निर्माण की धुरी समझे जाने वाले शिक्षक समाज की नौबत अब यहां तक आ पहुंची है कि उन्हें आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ रहा है? वह भी किसी गैर शिक्षण संबंधी कार्य का निर्वहन करते हुए? इन घटनाओं ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या देश के गुरुजनों को ऐसी सरकारी ड्यूटी पर लगाना चाहिए जहां न केवल उन्हें तनावग्रस्त होना पड़े बल्कि उनकी डड्यूटी के दौरान बाधित होने वाले शिक्षण कार्यों से भी देश के छात्रों का भविष्य प्रभावित हो?

भारत सरकार या चुनाव आयोग की नजरों में शिक्षक की अहमियत क्या है यह तो सरकार व चुनाव आयोग की उदासीनता से बखूबी समझा जा सकता है परन्तु भारत रत्न एपी जे अब्दुल कलाम की नजरों में शिक्षक का महत्व क्या है यह विभिन्न अवसरों पर उन्होंने बयान किया है। अब्दुल कलाम शिक्षकों को समाज का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ मानते थे। वे अक्सर कहते रहते थे कि शिक्षक राष्ट्र-निर्माता होते हैं कलाम साहब कहते थे कि शिक्षक वो नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्य ठूंसे, बल्कि एक अच्छा शिक्षक वो है जो छात्र के दिमाग में रचनात्मकता की लौ जलाए। शिक्षक का काम सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों के अंदर सपने जगाना और उन्हें पंख देना है। कलाम साहब का मानना था कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार-मुक्त और सुन्दर मन वाला समाज चाहता है, तो मुझे पूरा यकीन है कि समाज के तीन सदस्य इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। मां, पिता और गुरु। यहां तक कि शिलांग में अपने जीवन के अंतिम क्षणों में दिए गए अपने अंतिम भाषण में भी उन्होंने अपनी एक स्मृति का उल्लेख इन शब्दों में किया था, मुझे याद है मेरे शिक्षक ने कहा था, अगर तुम अच्छे शिक्षक बनो, तो तुम्हारा छात्र तुम्हें पार कर जाएगा। मैंने यही किया और आज मेरा छात्र (वे IIM शिलांग के छात्रों की ओर इशारा कर रहे थे) मुझे पार कर जाएगा। यह शिक्षक का सबसे बड़ा इनाम है। कलाम साहब के लिए शिक्षक कोई नौकर नहीं, बल्कि वह राष्ट्र की आत्मा को गढ़ने वाले माली के समान है। वे मानते थे कि एक अच्छा शिक्षक पूरे देश के भविष्य को बदल सकता है। शायद यही वजह थी कि वे स्वयं को भारत रत्न,पूर्व राष्ट्रपति या मिसाईल मैन कहलवाना नहीं बल्कि प्रोफेसर कहलाना ज्यादा पसंद करते थे।

इस सन्दर्भ में हरियाणा सरकार के हाल ही में लिए गए उस फैसले की प्रशंसा करना जरूरी है जिसमें राज्य सरकार ने शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्य और शिक्षण से जुड़ी गतिविधियों तक ही सीमित रखने का आदेश जारी किया है। यह फैसला शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 27 के तहत लिया गया है जिसमें चुनाव ड्यूटी, सर्वे, डेटा एंट्री जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त कर केवल स्कूलों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। खबर तो यह है कि यह आदेश वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। परन्तु यदि हरियाणा सहित देश के सभी राज्य इस प्रकार के स्थाई आदेश जारी करें तो सम्भवत: चुनावै,प्त या जनगणना जैसे अन्य विभागों के काम के बोझ से दबकर आत्म हत्या किए जाने जैसी खबरों पर जरूर विराम लग सकेगा, परन्तु बड़े आश्चर्य की बात है कि गुरु को लेकर तरह तरह के उपदेश देने व उनके सम्मान का दिखावा करने वाली सरकारों ने आज गुरु को उस अंजाम तक पहुंचा दिया है जहां उन्हें आत्म हत्या करनी पड़ रही है? आज क्यों नहीं याद आती सरकार को संत कबीर दास की वह वाणी जिसमें उन्होंने कहा था कि गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरु आपने गोविन्द दियो बताय। अर्थात गुरु और गोबिंद भगवान एक साथ खड़े हों तो किसे प्रणाम करना चाहिए। गुरु को अथवा गोबिन्द को? ऐसी स्थिति में गुरु के चरणों में शीश झुकाना उत्तम है जिनके कृपा रूपी प्रसाद से गोविन्द का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ या फिर संत कबीर के ही यह वचन कि गुरु बिन ज्ञान न उपजै, गुरू बिन मिलै न मोष। गुरु बिन लखै न सत्य को गुरू बिन मिटै न दोष।। अर्थात- हे सांसरिक प्राणियों। बिना गुरु के ज्ञान का मिलना असम्भव है। तब तक मनुष्य अज्ञान रूपी अंधकार में भटकता हुआ मायारूपी सांसारिक बन्धनों मे जकड़ा रहता है जब तक कि गुरू की कृपा प्राप्त नहीं होती। मोक्ष रूपी मार्ग दिखलाने वाले गुरु ही हैं। बिना गुरु के सत्य एवं असत्य का ज्ञान नहीं होता। उचित और अनुचित के भेद का ज्ञान नहीं होता फिर मोक्ष कैसे प्राप्त होगा? अत: गुरु की शरण में जाओ। गुरु ही सच्ची राह दिखाएंगे। परन्तु कितना दु:खद है कि गुरु पूर्णिमा व शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु सम्मान का दिखावा करने वाली आज की सरकारों के दौर में विश्व गुरु भारत के गुरुजन स्वयं आत्महत्या करते दिखाई दे रहे हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्रदूषण ने छीन ली चेहरे की चमक



**शहनाज हुसैन**

> **इसके बाद पानी आधारित क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो रोमछिद्रों को साफ करता है। इसके बाद पेप्टाइड युक्त मरम्मत करने वाला सीरम लगाएं और मॉइस्चराइजर उपयोग करें। बाहर जाते समय चेहरे को कपड़े से ढकें और धूल वाले स्थान से दूरी बनाएं। आंखों के लिए चश्मा या धूप का चश्मा पहनें। इससे धूल और धुएं का सीधा असर कम होता है।**

देश में प्रदूषण का स्तर किसी से छिपा नहीं है। पिछले काफी हफ्तों से ज्यादातर शहरों में पी एम लेवल 150 से पार रिकॉर्ड किया जा रहा है जो कोलेजन और इलास्टिसिटी जैसे महत्वपूर्ण तत्वों को नुकसान पहुंचाता है। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण का असर पर्यावरण के अतिरिक्त त्वचा और आंखों पर दिखाई देता है। इसकी वजह से त्वचा बेजान और बेरुखी नजर आती हैं तथा त्वचा पर एक्ने, एक्जिमा व हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी समस्याएं बढ़ती हैं जिससे आप समय से पहले ही बूढ़े दिखने लगते हैं। प्रदूषण के कारण त्वचा की सुरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इससे त्वचा में नमी की कमी होती है और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है।

मेरा यह सुझाव है कि बाहर से आते ही चेहरे को हल्के फेस वाश से जरूर धोएं ताकि त्वचा पर जमी धूल, गंदगी को हटाया जा सके जिससे त्वचा की सुरक्षा परत को सुरक्षित रखा जा सके। सनस्क्रीन का इस्तेमाल सूरज की यूवी किरणों के इलाबा प्रदूषण से भी आपकी स्किन की सुरक्षा करता है। एक व्यापक 30 एसपीएफ या उससे अधिक स्पेक्ट्रम वाली सनस्क्रीन का उपयोग करें। सुबह बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं, क्योंकि प्रदूषण और धूप मिलकर नुकसान को कई गुना बढ़ा देते हैं। सप्ताह में दो से तीन बार स्किन की गहराई से सफाई और एक्सफोलिएशन करें, ज्यादातर लोग त्वचा की सामान्य तरीके से क्लींजिंग करते हैं। जबकि बढ़ते प्रदूषण में स्किन को डीप क्लीनिंग करनी होती है। चेहरे को धोने के लिए ऑयल बेस्ड क्लींजर का यूज करें दिन में दो बार फेस वॉश जरूर करें। पूरे दिन त्वचा पर प्रदूषण और गंदगी जमा हो जाती है जिसे साफ करने के लिए सोने से पहले डबल क्लींजिंग करें। इसमें पहले तेल आधारित क्लींजर से अशुद्धियों को पिघलाकर चेहरे को साफ किया जाता है। इसके बाद पानी आधारित क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो रोमछिद्रों को साफ करता है। इसके बाद पेप्टाइड युक्त मरम्मत करने वाला सीरम लगाएं और मॉइस्चराइजर उपयोग करें। बाहर जाते समय चेहरे को कपड़े से ढकें और धूल वाले स्थान से दूरी बनाएं। आंखों के लिए चश्मा या धूप का चश्मा पहनें। इससे धूल और धुएं का सीधा असर कम होता है। त्वचा को डिटॉक्स और हाइड्रेट करने के लिए रोजाना पर्याप्त पानी जूस ,सूप पिएं और अपने भोजन में रोज फल व सब्जियां शामिल करें। इस दौरान एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना भी मददगार साबित हो सकता है। एंटीऑक्सीडेंट ज्यादातर फल और सब्जियों में पाए जाते हैं। फलों में ज्यादातर जामुन, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, अंगूर , संतरे और अनार में पाए जाते हैं ६ सब्जियों में पालक , गाजर और ब्रॉक्ली इसके स्त्रोत हैं। प्रदूषण से जंग जीतने में घर से बाहर निकलने से पहले त्वचा पर विटामिन सी युक्त सिरम जरूर लगाएं। इससे स्किन को फ्री रेडिकल से बचाया जा सकता है और त्वचा की रंगत में निखार आता है। एंटीऑक्सीडेंट्स युक्त क्रीम लगाने से चेहरे के पिगमेंटेशन कम होते हैं और त्वचा को कई अन्य लाभ भी मिलते हैं। इस दौरान ज्यादा गर्म या ठंडे पानी से नहाने से परहेज करें क्योंकि यह त्वचा को शुष्क बना सकता है इसकी बजाय सामान्य या गुनगुने पानी का इस्तेमाल बेहतर साबित होगा। बार-बार मुंह धोने से त्वचा की सुरक्षा परत कमजोर पड़ सकती है इसलिए दो बार से ज्यादा मुंह न धोएं। अगर आपकी त्वचा में जलन हो रही हो तो कठोर स्क्रब, अल्कोहल। आधारित टोनर और रेटिनॉइड जैसे उत्पादों से परहेज करें क्योंकि ए नुकसान पहुंचा सकते हैं। यदि आपकी त्वचा शुष्क है तो आपको क्लीजिंग क्रीम तथा जैल का प्रयोग करना चाहिए जबकि तैलीय त्वचा में क्लीनिंग दूध या फेस वाश का उपयोग किया जा सकता है। सौंदर्य पर प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए चन्दन, यूकेलिप्टस, पुदीना, नीम, तुलसी, घृतकुमारी जैसे पदार्थो का उपयोग कीजिए। इन पदार्थो में विषैले तत्वों से लड़ने की क्षमता तथा बलवर्धक गुणों की वजह से त्वचा में विषैले पदार्थो के जमाव तथा फोड़े, फुन्सियों को साफ करने में मदद मिलती है। वायु प्रदूषण खोपड़ी पर भी जमा हो जाते है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की नीली सीमाओं की अजेय प्रहरी भारतीय नौसेना



**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।

भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है शं नो वरुण: अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें। भारतीय नौसेना 4 दिसम्बर 2025 को तिरुवनंतपुरम के



शंगुमुघम बीच पर नौसेना दिवस को भव्य और अद्वितीय ऑपरेशनल प्रदर्शन के रूप में मना रही है। यह आयोजन न केवल 1971 के ऐतिहासिक युद्ध विजय को स्मरण करेगा, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की उभरती सामरिक शक्ति और बढ़ते समुद्री प्रभाव का भी प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर सतह पोतों, पनडुब्बियों और हवाई युद्धक क्षमताओं का शानदार संगम देखने को मिलेगा, जो नौसेना की बहु-क्षेत्रीय तत्परता और सटीक सैन्य संचालन की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। पूरे प्रदर्शन का केंद्रबिंदु आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना होगी। स्वदेशी जहाजों, हथियार प्रणालियों और तकनीकी प्लेटफॉर्म की प्रस्तुति यह स्पष्ट संदेश देगी कि भारतीय नौसेना मेक इन इंडिया की आत्मा को वास्तविक शक्ति में बदल रही है। यह आयोजन न केवल तकनीकी उत्कृष्टता, संसाधन क्षमता और ऊर्जावान रणनीतिक सोच का परिचायक बनेगा बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत को पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में स्थापित करने की नौसेना की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगा। यह भव्य प्रदर्शन उन वीर पुरुषों और महिलाओं को नमन है, जो अनुशासन, साहस और राष्ट्रनिष्ठा के साथ समुद्री सीमाओं की रक्षा करते हैं। यह भारतीय नौसेना को एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और युद्ध के लिए सदा तत्पर बल के रूप में स्थापित करने का सशक्त घोष है। भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम ईस्ट इंडिया मरीन से बदलकर बॉम्बे मरीन कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी भारतीय नौसेना कर दिया गया। भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को साइलेंट किलर कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तानी नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगान: 13 साल के बच्चे ने दी मौत की सजा

## स्टेडियम में करीब 80 हजार लोग देखने जुटे, दोषी ने बच्चे के 13 परिजनों की जान ली थी

**काबुल।** अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में एक स्टेडियम में 80 हजार लोगों के सामने एक अपराधी को गोली मार दी गई। अमू न्यूज के मुताबिक गोली चलाने का काम एक 13 साल के लड़के ने किया। जिस आदमी को 13 साल के लड़के ने मारा, उस पर आरोप था कि उसने उसके परिवार के 13 लोगों की हत्या की थी।

इसमें कई बच्चें और महिलाएं भी थीं। फांसी से पहले तालिबान अधिकारियों ने उस 13 साल के बच्चे से पूछा कि क्या वह आरोपी को माफ करना चाहता है। बच्चे ने इंकार कर दिया। इसके बाद अधिकारी ने बच्चे को बंदूक देकर सामने खड़े शख्स पर गोली चलाने को कहा। तालिबान की सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक मारा गया आदमी मंगाल खान था। उसने अब्दुल रहमान नाम के शख्स की हत्या की थी। खोस्त पुलिस प्रवक्ता मुस्तगफिर गोरबाज के मुताबिक, मरने और मारने वाले दोनों रिश्तेदार थे। इस मामले में दो और दोषियों को भी मौत की सजा सुनाई गई है, लेकिन उन्हें फांसी इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि पीड़ितों के कुछ वारिस उस समय मौजूद नहीं थे। इससे एक दिन पहले तालिबान ने आम लोगों को नोटिस जारी कर सार्वजनिक रूप से यह घटना देखने के लिए बुलाया था। इसमें लोगों को खोस्त के सेंट्रल स्टेडियम में जुटने को कहा गया था। मंगला खान को मौत की सजा मिलने के बाद तालिबान के सुप्रीम कोर्ट ने प्रेस रिलीज कर घटना की जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि सार्वजनिक रूप से किसास (जान के बदले जान) की सजा के तौर पर एक कातिल को मार दिया गया है। अपराधी मंगाल खान मूल रूप से पकतिया प्रांत का था और खोस्त में रह रहा था। उसने खोस्त के ही अब्दुल रहमान, साबित, और अली खान की हत्या की थी। इस मामले की तालिबान की तीन अदालतों (प्राथमिक, अपीलीय और तमीज) ने बहुत बारीकी से जांच की। तीनों अदालतों ने सर्वसम्मति से शकिसासश के आदेश को मंजूरी दी। इस आदेश को अंतिम रूप में मौलवी हिबतुल्लाह अखुंदजादा (तालिबान के सर्वोच्च नेता) को भी भेजा गया था, जिन्होंने अपनी मंजूरी दी। हत्या के दौरान स्टेडियम में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, खोस्त के राज्यपाल (गवर्नर), खोस्त अपीलीय कोर्ट के प्रमुख, और अन्य सरकारी अधिकारी तथा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। 15 अगस्त 2021 को तालि. बान ने दोबारा अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था।



अफगान सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक मारा गया आदमी मंगाल खान था

### इजरायल से सीरिया से बातचीत जारी रखेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के नेतृत्व में सीरिया की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है तथा इजरायल और सीरिया के बीच मजबूत बातचीत जारी रखने के महत्व पर बल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका सीरिया के विकास में सहयोग के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है तथा उन्होंने देश पर लगे बहुत कड़े एवं कठोर प्रतिबंधों को हटाने के अपने निर्णय की सराहना की। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने मध्य पूर्व में शांति के ऐतिहासिक अवसर पर बल दिया और सीरिया के एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभरने की बात की। उन्होंने सीरिया और इजरायल के बीच दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रपति अल-शरा के प्रयासों की सराहना की।



चेन्नई। चक्रवात दित्वा के मद्देनजर बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लोगों को बचाते हुए।

### ट्रम्प ने बाइडन के हस्ताक्षर दस्तावेजों को शून्य घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को अपने पूर्ववर्ती जो बाइडन के ऑटोपेन हस्ताक्षर युक्त सभी दस्तावेजों को अमान्य, शून्य और आगे से किसी भी कानूनी प्रभाव से रहित घोषित कर दिया। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट किया। जोसेफ आर. बाइडन जूनियर के प्रशासन में अब कुख्यात और अनधिकृत 'ऑटोपेन' हस्ताक्षरित कोई भी दस्तावेज, घोषणाएं, कार्यकारी आदेश, ज्ञापन या अनुबंध अब पूरी तरह अमान्य, शून्य और आगे से किसी भी कानूनी प्रभाव से रहित हैं। उन्होंने आगे लिखा। जिन लोगों को 'माफी', 'सजा में कमी' या कोई अन्य कानूनी दस्तावेज इस तरह से मिला हो, उन्हें सूचित किया जाता है कि वह दस्तावेज पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है और उसका कोई कानूनी प्रभाव नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने ताइवान के मामले पर फिर जापान से नाराजगी जताई

**बीजिंग।** चीन ने ताइवान पर जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची के एक हालिया बयान पर एक बार फिर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि जापान को अपने ऐतिहासिक अपराधों पर विचार करना चाहिए और अपने शब्दों को वापस लेना चाहिए। ताइवान मामलों के राष्ट्रीय परिषद के प्रवक्ता झांग हान ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जापान को चीन के आंतरिक मामलों में दखल देना बंद कर देना चाहिए। उसे मजबूत कदम उठाते हुए अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं और 'अखंड-चीन' सिद्धांत पर टिके रहना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की संचार मंत्री अनिका वेल्स ने बुधवार को सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वे 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध का पालन करने में विफल रहती हैं तो उन्हें लाखों डॉलर का जुर्माना भरना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश 10 दिसम्बर से प्रभावी हो जाएगा और इससे एक सप्ताह पहले अपने भाषण में सुवेल्स ने स्वीकार किया कि कुछ बच्चे नए प्रतिबंधों से बचने का रास्ता खोज लेंगे।

### ईयू की पूर्व विदेश नीति प्रमुख मोगेरिनी हिरासत में

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की पूर्व विदेश नीति चीफ फेडेरिका मोगेरिनी को बेल्जियम पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले की जांच के लिए हिरासत में लिया है। यूरा. ेपीय संघ की पूर्व उच्च प्रतिनिधि सुमोगेरिनी को धोखाधड़ी-विरोधी जांच के तहत एक पुलिस छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया गया। इसके बाद पूरे ब्रसेल्स में खलबली मच गई है। सुमोगे. रिनी उन तीन संदिग्धों में से एक हैं जिन्हें मंगलवार सुबह पूछताछ के लिए ले जाया गया।

### अमेरिका-रूस के बीच शांति समझौते पर हुई बात: उशाकोव

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने यूक्रेन शांति समझौते के लिए अमेरिका की ओर से पेश किए गए दस्तावेज के विशिष्ट बिंद. ुओं पर तो चर्चा नहीं की है, लेकिन मोटे तौर दोनों देशों ने बातचीत कर ली है। पुतिन के सहयोगी युरी उशाकोव ने बुधवार को यह जानकारी दी। उशाकोव ने संवाददाताओं से कहा कि हमने अपने अमेरिकी समकक्षों से उन दस्तावेजों के कुछ बिंदुओं पर बात की जो अमेरिका ने कुछ समय पहले हमारे सहयोगियों को दिए थे।

# इमरान ने साधा आसिम मुनीर पर निशाना

## पाक के पूर्व पीएम ने कहा: पाकिस्तान में बढ़ते आतंकवाद के लिए फील्ड मार्शल जनरल जिम्मेदार



जनरल मुनीर पाकिस्तान के राष्ट्रीय हितों को दरकिनार कर पश्चिमी शक्तियों को खुश करने में लगे हुए हैं: इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने देश के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि जनरल मुनीर की नीतियां न सिर्फ पाकिस्तान के लिए विनाशकारी हैं बल्कि उन्होंने जानबूझकर अफगानिस्तान के साथ तनाव बढ़ाया है।

इमरान खान ने यह आरोप अपने ताजा सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए, जिसमें उन्होंने बढ़ते आतंकवाद, राजनीतिक दमन और जेल में अपने साथ हो रहे कथित अत्याचार का भी जिक्र किया है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि जनरल मुनीर पाकिस्तान के राष्ट्रीय हितों को दरकिनार कर पश्चिमी शक्तियों को खुश करने में लगे हुए हैं। उनके मुताबिक अफगानिस्तान के खिलाफ कठोर रुख, शरणार्थियों की जबरन वापसी और ड्रोन हमलों जैसे कदमों ने देश में आतंकवाद को और भड़काया है। इमरान खान ने आरोप लगाया कि मुनीर खुद को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर 'मुजाहिद' के रूप में दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि इसका नुकसान पाकिस्तान उठा रहा है। यह बयान इमरान खान ने तब दिया जब उनकी बहन डाक्टर उज्मा खान ने लगभग एक महीने बाद अदियाला जेल में उनसे मुलाकात की। यह मुलाकात शहबाज शरीफ सरकार की स्पेशल परमिशन के बाद हुई। इमरान ने दावा किया कि बढ़ते आतंकी घटनाओं के लिए वे मुनीर को जिम्मेदार मानते हैं। उन्होंने कहा कि देश में ड्रोन हमले और सैन्य अभियान केवल अस्थिरता बढ़ाते हैं और स्थानीय आबादी में गुस्सा पैदा करते हैं।

खान का कहना है कि मुनीर ने पहले अफगानों को धमकाया, फिर शरणार्थियों को निकालने का आदेश दिया और फिर ड्रोन हमले शुरू किए, जिसके नतीजे आज पाकिस्तान में सामने आ रहे हैं। इमरान खान ने जेल में अपने साथ हो रहे व्यवहार को मानसिक यातना बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें चार सप्ताह से पूरी तरह अकेले एक सेल में बंद रखा गया है, न किसी से मिलने दिया जा रहा है, न किसी तरह की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके राजनीतिक साथियों से मिलने पर पहले रोक लगाई गई और अब परिवार व वकीलों तक का एक्सेस खत्म कर दिया गया। खान ने दावा किया कि उनकी पत्नी को झूठे मामलों में फंसाया गया है और उनकी बहन नूरीन नियाजी को सिर्फ मुलाकात मांगने पर सड़क पर घसीटा गया। इमरान खान ने कहा कि देश में कानून और संविधान पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने दमन के इस माहौल में समझौते के बजाय प्रतिरोध का रास्ता चुना है। खान ने खैबर पख्तूनख्वा में गवर्नर राज लगाने की धमकियों को चुनौती देते हुए कहा कि अगर ऐसा करने की हिम्मत है तो तुरंत लागू कर देखें, फिर देखेंगे उनके साथ क्या होता है।

### आसिम मुनीर कट्टरपंथी: अलीमा खानुम

**इमरान की बहन बोलीं: इस्लाम न मानने वालों से लड़ते हैं, इमरान ने भारत से अच्छे रिश्ते रखने की कोशिश की**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खानुम ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर को इस्लामी कट्टरपंथी और रूढ़िवादी बताया। उन्होंने बुधवार को स्काई न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि मुनीर ऐसे लोगों से लड़ना चाहते हैं जो इस्लाम में विश्वास नहीं रखते। अलीमा से जब मई में हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सीधे तौर पर आसिम मुनीर पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुनीर अपनी कट्टरपंथी सोच की वजह से भारत के साथ युद्ध करना चाहते हैं। अलीमा ने अपने भाई इमरान खान को लिबरल बताया। उन्होंने कहा कि जब इमरान खान सत्ता में आए तो उन्होंने भारत और यहां तक कि बीजेपी से भी रिश्ते सुधारने की कोशिश की। जबकि मुनीर बार्डर पर तनाव और युद्ध का माहौल बनाते हैं, जिससे भारत और उसके सहयोगी प्रभावित होते हैं। अलीमा खानुम का दावा है कि इमरान पाकिस्तान के 90 प्रतिशत लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए उन्हें अलग-थलग करके शहबाज शरीफ की सरकार पाकिस्तान के लोगों का दमन कर रही है। अलीमा ने इमरान खान को पाकिस्तान के लिए 'एसेट' बताते हुए पश्चिमी देशों से अपील की है कि वे उनकी रिहाई के लिए मदद बढ़ाएं। इमरान भ्रष्टाचार के मामले में 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। इमरान ने कल अपनी उज्मा खान से मुलाकात की थी। इमरान 27 दिन के बाद परिवार का कोई सदस्य मिले थे। इससे पहले उन्होंने 5 नवम्बर को अपनी बहन नौरीन खान से मुलाकात की थी।

# भारत ने श्रीलंका के पीड़ितों को और मदद भेजी

**पड़ोसी प्रथम नीति की मिसाल पेश की, ऑपरेशन सागर बंधु के तहत सेना की टुकड़ी पहुंची**

**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर पड़ोसी प्रथम नीति की मिसाल पेश की है। दरअसल, श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह ने भारी तबाही मचाई है। भारत ने पड़ोसी देश श्रीलंका को इस तबाही से बचने के लिए 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया। भारतीय सेना की एक विशेष टुकड़ी बुधवार को श्रीलंका पहुंची।

पड़ोसी देश को मानवीय आपदा राहत (एचएडीआर) अभियानों, बचाव और राहत कार्यों में मदद की है, जिससे पड़ोसी देश को सहायता प्रदान की जा सके। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत श्रीलंका के बाढ़ राहत प्रयासों में निरंतर सहयोग कर रहा है। भारतीय वायु सेना का एक सी-17 विमान चिकित्सा दल और उपकरण लेकर कोल. ंबो पहुंच गया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में पोस्ट कर कहा कि एक भारतीय वायु सेना का सी-17 परिवहन विमान, जिसमें एक स्व-निहित, माडयूलर फील्ड अस्पताल, 70 से ज्यादा चिकित्सा और सहायता कर्मी, और वाहन हैं, कोलंबो पहुंच गया है। भारत श्रीलंका के बाढ़ राहत प्रयासों में निरंतर सहायता कर रहा है। इससे पहले, भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन ने सुनामी, आर्थिक संकट और चक्रवात से हुई तबाही जैसी विभिन्न चुनौतियों के बावजूद प्रथम प्रत्युत्तरदाता के रूप में भारत की भूमिका की सराहन की। उच्चायुक्त कोलोन ने कहा कि चक्रवात के कारण श्रीलंका में भारी क्षति हुई है।

400 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हम अभी भी राहत और बचाव कार्य में लगे हैं। नुकसान का व्यापक आकलन करने मे कुछ समय लगेगा। हम भारत के आभारी हैं कि वह हमेशा की तरह सबसे पहले मदद के लिए आगे आया है। पहले सुनामी, फिर आर्थिक संकट के दौरान और अब चक्रवात के दौरान भारत हमारी सहायता के लिए सबसे पहले आया। वे राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। जमीन पर मेडिकल टीमें और मोबाइल अस्पताल मौजूद हैं और जब हम बात कर रहे हैं, तब भी वे हमारी मदद कर रहे हैं और श्रीलंका के अधिका. रियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि श्रीलंका इस मुश्किल दौर से गुजर सके।

# पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की सेहत नाजुक

**अचानक अस्पताल पहुंचे बांग्लादेश के तीनों सेना प्रमुख, जल्द ठीक होने की कामना की**

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। ऐसे में चौकाने वाला खबर तब सामने आया, जब बांग्लादेश की तीनों सशस्त्र सेवाओं के प्रमुख गंभीर रूप से बीमार पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया से मिलने अस्पताल पहुंचे।

थल सेनाध्यक्ष जनरल वाकर- उज- जमान, नौसेना प्रमुख एडमिरल मोहम्मद नजमुल हसन, और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल हसन महमूद खान मंगलवार को एवरकेयर अस्पताल पहुंचे। यह जानकारी बांग्लादेश की सैन्य मीडिया शाखा आईएसपीआर ने दी। सूत्रों के अनुसार, तीनों सेवा प्रमुखों की गाड़ियां रात करीब नौ बजे अस्पताल के मुख्य द्वार पर दिखाई दीं। उन्होंने अस्पताल में थोड़ी देर रुककर जिया से मुलाकात की और उनके परिवार और मेडिकल टीम से बातचीत की। इसके बाद रात 9:20 बजे के आसपास वे अस्पताल से चले गए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो तीनों प्रमुखों ने जिया के जल्दी स्वस्थ होने की दुआ की। इसके बाद जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने भी 80 वर्षीय जिया से मुलाकात की।

### रूस ने यूक्रेन युद्ध पर यूरोपीय टिप्पणियों की निंदा की

**मास्को।** रूस ने ब्रुसेल्स में अवरुद्ध अपनी संप्रभु निधियों के संभावित उपयोग पर यूरा. ेपीय नेताओं की टिप्पणियों की आलोचना की है और यूरोप पर युद्धोन्माद एवं चोरी का आरोप लगाया है। रूस ने कहा कि यूरोप मास्को की वित्तीय संपत्तियों को चुराकर उन्हें यूक्रेन को ऋण देने की योजना बना रहा है ताकि कीव अपनी 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित कर सके। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने संवाददाताओं से कहा कि वे (यूरोपीय) यूरोप में अवरुद्ध रूसी परिसंपत्तियों को चुराने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। यह 200 अरब डॉलर से अधिक है।

# चीन का पहला रीयूजेबल रॉकेट लॉन्च फेल

## ऑर्बिट तक पहुंचा, लेकिन बूस्टर पृथ्वी पर लौटते समय फटा, केवल अमेरिका के पास ये टेक्नोलॉजी




अमेरिका अब भी इकलौता देश है, जिसका आर्बिटल क्लास बूस्टर धरती पर सफलतापूर्वक लौटा है

**बीजिंग।** चीन की लीडिंग प्राइवेट स्पेस कंपनी लैंडस्पेस ने 3 दिसम्बर को अपना पहला रीयूजेबल राकेट जेडआईक्यू-3 वाई1 लॉन्च किया। राकेट ने सफलतापूर्वक आर्बिट हासिल की, लेकिन फर्स्ट स्टेज बूस्टर की लैंडिंग के दौरान खराबी आ गई।

यह रिकवरी साइट के ऊपर फट गया। यह चीन का पहला ऐसा प्रयास था जहां रीयूजेबल राकेट को आर्बिट में भेजा गया। अमेरिका अब भी इकलौता देश है, जिसका आर्बिटल क्लास बूस्टर धरती पर सफलतापूर्वक लौटा है। इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने फाल्कन 9 राकेट के जरिए सबसे पहले ऐसा किया था। इसके अलावा, जेफ बोजेस की कंपनी ब्लू ओरिजिन ऐसा कर चुकी है। पिछले महीने न्यू ग्लेन राकेट अपने दूसरे मिशन में बूस्टर को रिकवर करने और रीयूज करने में कामयाब रहा था। इस मिशन का मकसद राकेट को लो-अर्थ आर्बिट (एलईओ) तक ले जाना और फर्स्ट स्टेज को वापस पृथ्वी पर लैंड करना था। हालांकि, आग लगने के कारण वो इसमें कामयब नहीं हो सका। राकेट को दोपहर में चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया। राकेट ने लिफ्टआफ से लेकर आर्बिट इंसर्शन तक का पूरा सफर तय अनुसार किया। लैंडस्पेस के इंजी. नियर्स ने लाइव अपडेट्स में बताया कि टेलीमेट्री डेटा परफेक्ट था। फर्स्ट स्टेज रिटर्न के दौरान किसी गड़बड़ी के कारण हवा में ही इसमें आग लग गई। इसकी वजह राकेट की हीट शील्ड या पैराशूट सिस्टम में कोई गड़बड़ी हो सकती है। जेडआईक्यू-3 वाई1 एक मीडियम-लिफ्ट रीयूजेबल राकेट है, जो मिथेन-पावर्ड इंजन से चलता है। इसे चीन की प्राइवेट कंपनी लैंड स्पेस ने बनाया है। राकेट का डायमीटर 4.5 मीटर है। ऊंचाई 66.1 मीटर है। पूरी तरह फ्यूल भरने पर इसका वजन करीब 570 मीट्रिक टन हो जाता है। लिफ्टआफ थ्रस्ट 750 टन से ज्यादा है। यह सैटेलाइट्स को लो-अर्थ आर्बिट या सन-सिंक्रोनस आर्बिट में ले जा सकता है। रॉकेट के प्रोपेलेंट टैंक स्टेनलेस स्टील के बने हैं, जो मजबूत होते हैं, हाई टेम्परेचर और करोशन को झेल सकते हैं और इनकी लागत भी कम आती है। बूस्टर पर चार ग्रिड फिन और चार लैंडिंग लेग लगे है।

# हम यूरोप से जंग के लिए तैयार: पुतिन

## कहा: अगर यूरोप ने रूस के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो रूस पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार



यूक्रेन में रूस पूरी तरह युद्ध नहीं लड़ रहा है बल्कि सर्जिकल आपरेशन जैसी सीमित कार्रवाई कर रहा है: पुतिन

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूरोपीय देशों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर यूरोप ने रूस के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो रूस पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार है।

पुतिन ने कहा कि रूस यूरोप से युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर यूरोप युद्ध शुरू करता है तो मामला इतना जल्दी खत्म होगा कि बात. चीत करने वाला कोई नहीं बचेगा। पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन में रूस पूरी तरह युद्ध नहीं लड़ रहा है, बल्कि सर्जिकल आपरेशन जैसी सीमित कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर यूरोप के साथ सीधा युद्ध हुआ तो हालात अलग होंगे और रूस पूरी ताकत से जवाब देगा। यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए चार साल हो चुके हैं। यह सेकेंड वर्ल्ड वार के बाद बाद यूरोप का सबसे बड़ा संघर्ष है। रूस अभी तक पड़ोसी यूक्रेन पर पूरी तरह कब्जा नहीं कर पाया है। यूक्रेन को यूरोपीय देशों और अमेरिका का मजबूत समर्थन मिल रहा है। यूरोपीय देशों और यूक्रेन का कहना है कि अगर पुतिन यूक्रेन युद्ध जीत जाते हैं तो वे किसी नाटो देश पर हमला कर सकते हैं। हालांकि पुतिन इस दावे को बार-बार बकवास बता चुके हैं। पुतिन ने कहा कि यूरोपीय देशों ने खुद ही रूस से बात. चीत के रास्ते बंद कर लिए हैं। इसलिए अब वे युद्ध के पक्ष में खड़े हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल ने 25 नवम्बर को दावा किया रूस अगले चार साल में किसी छ।ज्ञ देश पर हमला कर सकता है। वेडफुल ने बताया कि जर्मन खुफिया एजेंसियों के मुताबिक रूस 2029 तक नाटो के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है। उनका कहना है कि रूस की महत्वाकांक्षा सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं है। उसने पिछले कुछ सालों में अपनी सैन्य ताकत और हथियार उत्पादन काफी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रूस ने अपनी अर्थव्यवस्था और समाज को काफी हद तक युद्ध के हिसाब से ढाल दिया है। साथ ही, रूस जरूरत से ज्यादा सैनिकों की भर्ती कर रहा है। लगभग हर महीने एक नई डिविजन तैयार की जा रही है। वेडफुल ने चेतावनी दी है कि रूस की ये नई सैन्य यूनिट्स् यूरोपीय संघ और नाटो को निशाना बना सकती हैं।

